पृथ्वीराज रासो

Prithvi Raj Raso

[लघु संस्करण]

पंजाब विश्वविद्यालय से पी. एच. डी. डिगरी के लिए
स्वीकृत शोध प्रबन्ध ।

[मूल-इंगलिश से परिवर्द्धित हिन्दी रूपान्तर]

सम्पादकः— Dr. B.P. Sharma

डा० बी० पी० शर्मा

एम. ए., पी. एच. डी.

डी० ए० वी० कालेज, चण्डीगढ़ ।

Vishv Bharti Prakashan

विश्व भारती प्रकाशन chandigarh

प्रकाशक—
सुरेन्द्र कुमार कौशिक
व्यवस्थापक, विश्व-भारती प्रकाशन,
1178/22-B चंडीगढ़ ।

मुद्रक :—
आर्य प्रिंटिंग प्रेस,
अम्बाला छावनी ।

प्रथमावृत्ति १०००
मूल्य—१५ रु०
फाल्गुन २०१६

अन्य प्राप्ति स्थान—

आमुख

मेरे मित्र डा० वेणीप्रसाद शर्मा द्वारा सुसम्पादित "पृथ्वीराज रासो" के इस संस्करण का प्रकाशन निस्संदेह स्वागत योग्य है। सभी जानते हैं कि पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता को लेकर हिन्दी भाषा और साहित्य के विद्वानों में कितना मत भेद हैं। किसी समय इसे भारतीय इतिहास के लिये बहुमूल्य ग्रन्थ समझा जाता था। "रायल एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल नामक विद्वत्सभा ने इस का प्रकाशन शुरु किया था, परं "पृथ्वीराज विजय" नामक संस्कृत काव्य के मिल जाने से इस की ऐतिहासिक प्रामाणिकता पर संदेह होने लगा। प्रो० बूलर ने सन् १८६३ में एक पत्र उक्त सोसायटी को लिखा था जो उस साल की प्रोसीडिंग्स में प्रकाशित हुआ था। इस पत्र में प्रो० बूलर ने लिखा था कि मुझे उन लोगों का समर्थन करना पड़ेगा जो रासो को जाली मानते हैं। मेरे एक विद्यार्थी श्री जेम्स मोरिसन ने पृथ्वीराज-विजय नामक संस्कृत ग्रंथ का अध्ययन किया है, जो मुझे सन् १८७५ में काश्मीर में प्राप्त हुआ था और उन्होंने १४५०-७५ में लिखित जोन राज की टीका का भी अध्ययन कर लिया है पृथ्वीराज-विजय का लेखक निस्संदेह पृथ्वीराज का समकालीन आदि राज कवि था। संभवतः कश्मीरी था और अच्छा कवि एवं विद्वान् था। उस का लिखा हुआ चौहानों का बृत्तान्त चंद के लिखे विवरण के विरुद्ध है। और वि०सं० १०१० तथा वि० सं० १२२५, (जे० ए० एस० बं० भाग-५५, प्रथम जिल्द-१८८६ पृष्ठ १५ और टिप्पणी,) के शिला लेख लेखों से मिल जाता है। पृथ्वीराज विजय काव्य में जो वंशावली दी हुई है वही उक्त लेखों में मिलती हैं और उन में दी हुई घटनाएं दूसरे प्रमाणों-अर्थात् मालवा और गुजरात के शिला लेखों से मिल जाती हैं।" इसके बाद कुछ और ऐतिहासिक असंगतियों का उल्लेख करने के बाद प्रो० बूलर ने लिखा था—"मैं समझता हूँ कि रासो का प्रकाशन बन्द कर दिया जाए तो अच्छा होगा"। इस पत्र के परिणाम स्वरूप सोसायटी ने रासो का प्रकाशन बन्द कर दिया। परन्तु प्रकाशन बन्द होने से एतद्विषयक ऊहा-पोह बंद नहीं हुआ बल्कि बढ़ता ही गया। काशी नागरी

कई विद्वानों ने उसकी ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियों को सुलझाने का असफल प्रयत्न किया। डा० बेणी प्रसाद जी ने इस संस्करण की भूमिका में विद्वत्ता पूर्ण इन सभी बातों की समीक्षा की है। उन्होंने पृथ्वीराज रासो के सब से पुराने समझे जाने वाले हस्त लेख के अध्ययन से अनेक महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले हैं। वे हिन्दी के भावुक हिमायतियों की भांति हर बात का उल्टा-सीधा समर्थन करना अपना कर्तव्य नहीं मानते। वे सत्य की खोज करना ही अपना पावन कर्तव्य समझते हैं, वे कहते हैं-"उपर्युक्त ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियों की उपस्थिति में हमें ऐसा विश्वास नहीं होता कि रासो की रचना तेहरवीं शताब्दी में हुई हो।" .....अतः प्रतीत एसा होता हैं कि रासो की रचना सम्राट् पृथ्वीराज के राज्यकाल--१३वीं शताब्दी के प्रथमार्ध में नहीं हुई अपितु यह एक लगभग बाबर समकालीन कृति है"। (पृष्ठ ७३) यह निष्कर्ष अभी सर्वजन ग्राह्य हो सकेगा या नहीं यह कहना अभी कठिन है। किन्तु डा० शर्मा के तर्क और निवेचन पद्धति में बल है और विद्वानों को इस पर अवश्य विचार करना पड़ेगा।

रासो के चरित नायक के इतिहास-प्रथित व्यक्ति होने के कारण आरम्भ में इसके ऐतिहासिक पक्ष पर ही अधिक चर्चा हुई। परन्तु पृथ्वीराज रासो एक काव्य है, उसमें ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियां हों भी तो वह काव्य के अध्येता के लिए उपेक्ष्य नहीं है। डा० शर्मा ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है। यह ठीक है कि रासो की ऐतिहासिक सामग्री भी बहुत महत्वपूर्ण है और इतिहास का विद्यार्थी उस की उपेक्षा नहीं कर सकता। परन्तु रासो को चरित-काव्य के रूप में अध्ययन करना अधिक आवश्यक हैं। डा० शर्मा जी को "प्रस्तुत लघु संस्करण, प्रबंधात्मकता, कथा-सौष्ठव तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से उपर्युक्त तीनों संस्करणों से अधिक समीचीन प्रतीत हुआ" है। स्पष्ट है कि उन का बल रासो के साहित्यक अध्ययन पर है।

वस्तुतः जैसा कि मैं ने पहले कहा हैं, इस देश में इतिहास को ठीक आधुनिक अर्थ में कभी नहीं लिया गया। बराबर ही ऐतिहासिक व्यक्ति को पौराणिक या काल्पनिक कथा-नायक बनाने की प्रवृत्ति रही है। कुछ में दैवी-शक्ति का आरोप करके पौराणिक बना दिया गया है। जैसे राम

कृष्ण तथा बुद्ध आदि। और कुछ में काल्पनिक रोमांस का आरोप करके निजंधरी कथाओं का आश्रय बना दिया गया है। जैसे—उदयन, विक्रमादित्य और हाल। जायसी के रत्न सेन और रासो के पृथ्वीराज में भी तथ्य और कल्पना का Facts और Fiction का अद्भुत योग हुआ है। कर्म फल की अनिवार्यता में दुर्भाग्य और सौभाग्य की ओर मनुष्य के अपूर्व शक्ति भण्डार होने में दृढ़ विश्वास और आस्था ने इस देश के ऐतिहासिक तथ्यों को सदा आदर्शवादी काल्पनिक रंग में रंगा है। यही कारण है कि जब ऐतिहासिक व्यक्तियों का भी चरित्र लिखा जाने लगा तब भी इतिहास का कार्य नहीं हुआ। अन्त तक ये रचनाएं काव्य ही बन सकीं, इतिहास नहीं। फिर भी निजंधरी-कथाओं से वे इस अर्थ में भिन्न थीं, कि उन में बाह्य तथ्यात्मक जगत् से कुछ न कुछ योग अवश्य रहता था। कभी कभी मात्रा में कमी पेशी तो हुआ करती थीं, परं योग रहता अवश्य था। ये निजंधरी कथाएं अपने आप में ही पूर्ण होती थीं। जिस प्रकार भारतीय कवि काल्पनिक कथाओं में ऐसी धटनाओं को नहीं आने देता, जो दुःखपरक विरोधों को उकसावे, उसी प्रकार वह ऐतिहासिक कथानकों में भी किया करता है। सिद्धान्ततः काव्य में उस वस्तु का आना भारतीय कवि उचित नहीं समझता जो तथ्य और औचित्य की भावनाओं में विरोध उत्पन्न करे। दुःखोद्रेचक परिस्थितियों Tragic Contradiction की सृष्टि करे। परन्तु वास्तव जीवन में ऐसी बातें होती ही रहती हैं इस लिए इतिहासाश्रित काव्य में भी ऐसी बातें आवेंगी हीं। बहुत कम कवियों ने ऐसी घटनाओं की उपेक्षा कर जाने की बुद्धि से अपने को मुक्त रखा है। ऐतिहासिक काव्य में भी नायक को सब प्रकार से धीरोदात्त या धीर ललित बनाने की प्रवृत्ति ही प्रबल रही है। परन्तु वास्तविक जीवन के कर्तव्य-द्वन्द्व, आत्म-विरोध और आत्म-प्रतिरोध जैसी बातें उस में नहीं आ पातीं या बहुत कम आ पाती हैं, ऐसा करने से इन काव्यों में इतिहास का रस भी नहीं आ पाता और कथानायक कल्पित-पात्र की कोटि में आ जाता है। फिर जीवन में कभी २ हास्योद्रेचक अनमिल-स्वर भी आ जाते हैं। नायक के प्रसंग में भारतीय कवि कुछ अधिक गम्भीर रहने में विश्वास करता हैं, और ऐसे प्रसंगों को प्रायः तरह दे जाता।

हिन्दी के आदि कालीन ऐतिहासिक चरिताश्रित काव्यों में यह

समर्पण:—

परम श्रद्धास्पद

स्व० डा० बनारसीदास जैन

जिनकी प्रेरणा तथा आशीर्वाद से

मैं इस ग्रन्थ को सम्पूर्ण कर पाया हूँ

उनकी ही पुण्य स्मृति में

सादर समर्पित।

श्रद्धावनत

—वी. पी. शर्मा

—आपका जन्म लुधियाना नगर के एक साधारण वैश्यकुल में दिसम्बर सन् १८८९ में हुआ। आपने ओरियण्टल कालेज लाहौर से एम. ए. (संस्कृत) में उत्तीर्ण किया। मेयो-पटियाला रिसर्च स्कालर के रूप में पंजाब भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन किया। भारत के पुरातत्व विभाग में शिलालेख तथा पुराने सिक्कों पर अनुसन्धानात्मक कार्य किया ओरिएण्टल कालेज में प्राध्यापक नियुक्त होने आप डा० ए. सी. वुल्लर के सम्पर्क में आने से आपने प्राकृत, अपभ्रंश तथा जैन साहित्य का विशेष अध्ययन किया। सन् १९२८ में लण्डन युनिवर्सिटी से आपको "फोनोलोजी ऑफ पंजाबी" विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि मिली। आपने संस्कृत तथा पंजाबी भाषा विषयक अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे। आपका जीवन परोपकारी तथा बड़ा ही सात्विक था।

भारत के यशस्वी भाषाविद्—

डा० बनारसी दास जैन, एम. ए., पी. एच. डी.
(लण्डन)

जन्म—१६-१२-१८८६ मृत्यु—अप्रैल, १९४५

विषय-सूची

द्वितीय भाग

—o—

प्रस्तावना

पृथ्वीराज रासो राजपूताने के क्षत्रिय वीरों का अति प्रिय ग्रंथ रहा है। वहां महाभारत से उतर कर रासो ही सर्व श्रेष्ठ गौरव का पात्र समझा जाता था। इसके अतिरिक्त इस ग्रंथ को हिन्दी साहित्य का आदि स्रोत तथा आदि ग्रंथ माना गया है। इस के वैज्ञानिक तथा प्रामाणिक सम्पादन के लिये लगभग गत सौ वर्षों से प्रयत्न होते रहे, परन्तु इस का अभी तक कोई प्रामाणिक तथा भाषा विज्ञान की दृष्टि से उचित संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका था। ऐसा होने में दो बाधाएं थीं। प्रथम तो इस के अन्तर्गत आने वाली ऐतिहासिक समस्याओं अथवा विप्रतिपत्तियों को लेकर विद्वानों में ऊहा पोह चलता रहा, क्योंकि रासो का सम्बंध इतिहास के प्रसिद्ध व्यक्ति भारत पर मुस्लिम आक्रमणकारियों से लोहा लेने वाले हिन्दु सम्राट् पृथ्वीराज चौहान के जीवन चरित्र तथा तत्कालीन राजनैतिक वातावरण से है। इसकी ऐतिहासिक विषमताओं अथवा विप्रतिपत्तियों के कारण ही किसी विद्वान् ने इसे जाली ग्रंथ माना तो किसी ने अप्रामाणिक[1]।

सर्व प्रथम सन् १८३६ में राबर्टलेंज नामक एक रूसी विद्वान् इस ग्रंथ के कुछ भाग का अनुवाद कर प्रकाशित करना चाहता था, परन्तु उसकी असामयिक मृत्यु ने पूर्वी भाषा तथा साहित्य के विद्वानों को उसका कौशल देखने से वंचित कर दिया। कर्नल टांड इस ग्रंथ से इतना प्रभावित था कि उसने अपने गुरु यति ज्ञानचन्द्र से रासो के पद्यों का अर्थ सुन सुन कर कुछ अंशों का अंग्रेज़ी में अनुवाद किया तथा अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "Annals of Rajasthan" में रासो का विशेष उपयोग किया। यही नहीं लम्बी सर्विस के पश्चात् भारत भूमि को छोड़कर स्वदेश चले

1 इस समस्या पर विशेष विवरण "ऐतिहासिकता" अध्याय में देखें।

प्रस्तावना

पृथ्वीराज रासो राजपूताने के क्षत्रिय वीरों का अति प्रिय ग्रंथ रहा है। वहां महाभारत से उतर कर रासो ही सर्व श्रेष्ठ गौरव का पात्र समझा जाता था। इसके अतिरिक्त इस ग्रंथ को हिन्दी साहित्य का आदि स्रोत तथा आदि ग्रंथ माना गया है। इस के वैज्ञानिक तथा प्रामाणिक सम्पादन के लिये लगभग गत सौ वर्षों से प्रयत्न होते रहे, परन्तु इस का अभी तक कोई प्रामाणिक तथा भाषा विज्ञान की दृष्टि से उचित संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका था। ऐसा होने में दो बाधाएं थीं। प्रथम तो इस के अन्तर्गत आने वाली ऐतिहासिक समस्याओं अथवा विप्रतिपत्तियों को लेकर विद्वानों में ऊहा पोह चलता रहा, क्योंकि रासो का सम्बंध इतिहास के प्रसिद्ध व्यक्ति भारत पर मुस्लिम आक्रमणकारियों से लोहा लेने वाले हिन्दु सम्राट् पृथ्वीराज चौहान के जीवन चरित्र तथा तत्कालीन राजनैतिक वातावरण से है। इसकी ऐतिहासिक विषमताओं अथवा विप्रतिपत्तियों के कारण ही किसी विद्वान् ने इसे जाली ग्रंथ माना तो किसी ने अप्रामाणिक[1]।

सर्व प्रथम सन् १८३६ में रार्बटलेंज नामक एक रूसी विद्वान् इस ग्रंथ के कुछ भाग का अनुवाद कर प्रकाशित करना चाहता था, परन्तु उसकी असामयिक मृत्यु ने पूर्वी भाषा तथा साहित्य के विद्वानों को उसका कौशल देखने से बंचित कर दिया। कर्नल टांड इस ग्रंथ से इतना प्रभावित था कि उसने अपने गुरु यति ज्ञानचन्द्र से रासो के पद्यों का अर्थ सुन सुन कर कुछ अंशों का अंग्रेज़ी में अनुवाद किया तथा अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "Annals of Rajasthan" में रासो का विशेष उपयोग किया। यही नहीं लम्बी सर्विस के पश्चात् भारत भूमि को छोड़कर स्वदेश चले

---

1 इस समस्या पर विशेष विवरण-"ऐतिहासिकता" अध्याय में देखें।

जाने पर भी कर्नल महोदय का प्रेम रासो में बराबर बना रहा; जिसका परिचय कन्नौज खण्ड के उस पद्यमय अनुवाद से लगता है जिसे छपवा कर कर्नल महोदय ने अपनी मित्र मण्डली में मुफ्त वितरित किया। इंगलैण्ड की गुणग्राही विद्वन्मण्डली ने उसे इतना पसन्द किया कि सन् १८३८ के एशियाटिक सोसाइटी के जनरल की ३५वीं जिल्द में उसे पुनः प्रकाशित किया गया। केवल अनुवाद से ही विदेशी विद्वान् मुग्ध हो गए।

इसके पश्चात् सन् १८७१ में मैनपुरी के मजिस्ट्रेट ग्रौस महोदय ने रासो का सम्पादन प्रारम्भ किया और बंगाल एशियाटिक सोसाइटी को इस के छपवाने के लिए प्रेरित किया। परन्तु दो वर्षों तक रासो पर निरन्तर कार्य करने के पश्चात् ग्रौस महोदय ने सरकारी कार्य अधिक होने के कारण अथवा रासो गत भाषा आदि की कठिनाइयों के कारण इस ग्रंथ के सम्पादन में अपनी असमर्थता प्रकट की और उक्त सोसाइटी को सम्मत्ति दी कि यह कार्य किसी भारतीय विद्वान् को सौंपा जाय। एतदनन्तर उक्त सोसाइटी ने भारतीय भाषाओं के विशेषज्ञ जॉन बीम्स को रासो के सम्पादनार्थ प्रेरित किया। बीम्स महोदय ने सम्मति दी कि रासो के सम्पादन से भाषा शास्त्र की विशेष पुष्टि हो सकेगी और इससे इण्डो-आर्य भाषाओं की खोई हुई लड़ी का पता चल जाएगा। संस्कृत और प्राकृत की बोलियों से भारत की वर्तमान बोलियों के उद्गम और उनके तारतम्य पूर्ण विकास के इतिहास का भली प्रकार ज्ञान रासो के सम्पादन तथा प्रकाशन के बिना सम्भव नहीं है। परिणाम स्वरूप बीम्स महोदय ने जय नारायण कालेज बनारस के संस्कृत के प्रोफैसर डा० रूडोल्फ हर्नले के सहयोग से रासो का सम्पादन कार्य आरम्भ किया। फलतः रासो का आंशिक प्रकाशन "बिब्लियाथिका इण्डिका" ग्रंथमाला में प्रारम्भ हुआ। लगभग चार सौ पृष्ठ ही प्रकाशन में आए थे कि बीम्स महोदय सन् १८७४ में अपने सहायक हर्नले सहित किसी कारण वश रासो के सम्पादन कार्य से विरत हो गए।

सन् १८८६ में महामहोपाध्याय कविराज मुरारी लाल श्यामलदास

ने बंगाल एशियाटिक सोसाइटी के जरनल[1] में एक लेख प्रकाशित किया जिस में रासो को सर्वथा एक जाली ग्रंथ ठहराया गया और कविवर चंद बरदाइ के साथ रासो के सम्बंध को आकाश कुसुमवत् मिथ्या प्रमाणित किया। प्रो० बूलर[2] ने "पृथ्वीराज विजय" काव्य के आधार पर कविराज जी का समर्थन किया, परिणामतः विद्वानों का रासो विषयक जोश ठंडा पड़ गया। इसी समय कविराज श्यामलदास जी के प्रतिवाद में श्री मोहन लाल विष्णु लाल पाण्ड्या ने "रासो संरक्षा" नामक लेख ब.ए.सो. के जनरल में प्रकाशनार्थ भेजा परं सोसाइटी रासो के प्रति इतनी निराश हो चुकी थी कि उक्त लेख के छापने से भी इनकार कर दिया। इस पर पाण्ड्या जी ने उक्त लेख को पुस्तिका रूप में छपवा कर मुफत वितरण किया। मिश्रबंधु तथा बाबू श्यामसुन्दर दास आदि विद्वानों ने पाण्ड्या जी की युक्तियों का समर्थन किया। परिणाम स्वरूप नागरी प्रचारिणी सभा काशी ने सहस्रों रुपयों के व्यय से रासो के प्रक्षेप विक्षेप पूर्ण बृहद संस्करण को पाठ शुद्धि का विशेष ध्यान न करते हुए सन् १६००–८ में कतिपय भागों में प्रकाशित किया।

इस पर भी प्रसिद्ध ऐतिहासिक विद्वान् स्व. डा० गौरीशंकर हीरानंद ओझा जा ने रासो गत ऐतिहासिक विषमताओं के आधार पर रासो को एक जाली ग्रंथ ठहराया। स्वः आचाय शुल्क जी ने भी रासो का प्रामाणिकता में संदेह प्रकट किया। रासो की प्रामाणिकता सम्बंधो उपर्युक्त ऊहापोह रासो के बृहद् संस्करण तथा मध्यम संस्करण को लेकर ही चलता रहा। लघु तथा लघुत्तम संस्करण की पाण्डुलिपियां अभी तक प्रकाश में नहीं आई थीं।

पंजाब विश्व विद्यालय लाहौर के तत्कालीन वाइस चांसलर डा० ए.सी. वुलनर की प्रेरणा से स्व० डा० बनारसी दास जैन के निर्देशन में मध्यम संस्करण को लेकर पं० मथुराप्रसाद दीक्षित कुछ संशोधन कार्य करते रहे। डा० बनारसी दास जी के सुयोग्य

1 देखो B.A.S. Journai Vol. ∠V. 1886 Part I Page 5।

2 देखो—R A.S.J. जनवरी-दिसम्बर १९९३ पृष्ठ ८३

पुत्र श्री मूलराज जैन ने रासो के लघु संस्करण के सम्पादनार्थ सामग्री एकत्रित की थी परन्तु देश के विभाजन के कारण वह समस्त सामग्री लाहौर में ही रह गई और संभवतः आग की भेंट हो गई।

रासो के समालोचनात्मक सम्पादन में दूसरा कारण उसकी विविध वाचनाओं (Recensions) की उलझन रही हैं। सन् १९३० तक इस ग्रन्थ की बृहद् तथा मध्यम वाचनाओं का ही ज्ञान था। सन् १९३० से १९४२ तक के समय में बीकानेर के प्रसिद्ध व्यापारी तथा विद्वान् श्री अगरचन्द जी नाहटा के परिश्रम से रासो की लघु तथा लघुतम दो वाचनाएं और प्रकाश में आईं। बृहद् तथा मध्यम वाचनाओं की अनेकों पांडु लिपियां भारत तथा योरुप की लाइब्रेरियों में कुछ पूर्ण और कुछ खण्डित रूप में सुरक्षित हैं। कुछ प्रतियों का व्योरा इस प्रकार है:—

१. बीकानेर फोर्ट लाइब्रेरी में आठ प्रतियां।
२. अबोहर साहित्य सदन में एक प्रति।
३. बीकानेर बृहद् ज्ञान भण्डार में एक प्रति।
४. बीकानेर के श्री अगरचन्द नाहटा की एक प्रति।
५. पञ्जाब यूनिवर्सिटी लाहौर लाइब्रेरी में चार प्रतियां।
६. भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट में दो प्रतियां।
७. रायल एशियाटिक सोसाइटी बम्बई शाखा में तीन प्रतियां।
८. जोधपुर सुमेर लाइब्रेरी में दो प्रतियां।
९. उदयपुर स्टेट विक्टोरिया हाल लाइब्रेरी में एक प्रति।
१०. आगरा कालिज़ आगरा में चार भागों में एक प्रति।
११. कलकत्ता निवासी स्वर्गीय पूरणचन्द नाहर की एक प्रति।
१२. रायल एशियाटिक सोसायटी बंगाल में कुछ प्रतियां।
१३. नागरी प्रचारिणी सभा काशी की कुछ प्रतियां।
१४. किशनगढ़ स्टेट लाइब्रेरी की कुछ प्रतियां।
१५. अलवर स्टेट लाइब्रेरी में कुछ प्रतियां।
१६. चंद के वंशधर नानूराम की दो प्रतियां।
१७. युरोप के विभिन्न पुस्तकालयों में कतिपय प्रतियां।

मध्यम रूपान्तर की सब से प्राचीनतम प्रति लन्दन के रायल एशिटिक सोसाइटी के पुस्तकालय में है। इसका लिपि काल सं० १६९२ है। बृहद् रूपान्तर की सब से प्राचीनतम प्रति सं० १७३८ की हैं और वह मेवाड़ के ठिकाना भींडर के संग्रह में है।

लघु रूपान्तर की तीन प्रतियां बीकानेर के राजकीय पुस्तकालय में है। इनमें से एक का लिपि काल सम्वत् १६३० के लगभग निश्चित है। बीकानेर के मोतीचंद-खजानची संग्रह में एक प्रति तथा एक प्रति नाहटा कला भवन में है। ये दोनों प्रतियां बीकानेर राजकीय लाइब्रेरी वाली प्रति से अर्वाचीन हैं। लघुतम रूपान्तर, जिसका कुछ सम्पादित पाठ "राजस्थान[1] भारती" में प्रकाशित हुआ है, की एक प्रति श्री अगरचन्द नाहटा जी को गुजरात के किसी एक गांव से प्राप्त हुई थी। इसका लिपिकाल संवत् १६६७ बताया जाता है। एक प्रति मुनि जिनविजय जी के संग्रह में है। (लिपिकाल सं० १६९७)

प्रबन्धात्मकता को दृष्टि से बृहद् तथा मध्यम रूपान्तरों में तो प्रबन्धात्मकता नाम मात्र ही है। घटनाक्रम अत्यन्त शिथिल है। प्रत्येक घटना अपने स्वतन्त्र रूप में वर्णित है और बीच बीच में इतने अनिच्छित प्रसंग आ घुसे हैं कि उनका प्रधान कथानक से लेशमात्र का भी सम्बन्ध नहीं जोड़ा जा सकता। जैसे—दीपावली प्रसंग, शकुन विचार, भूत, प्रेत, ऋषि मुनि, देवता और न जाने कितने प्रसंग हैं कि मुख्य कथावस्तु उपर्युक्त प्रसंगों में आटे में नमक के समान है। लघुतम रूपान्तर का कथानक जहां तहां बिखरा पड़ा है। अनुमान ऐसा है कि इस वाचना का पाठ क्रमबद्ध नहीं है। जैसे प्रथम खण्ड के प्रारम्भ में छन्द भुजंगी संख्या २ में ईश्वर, व्यास— शुकदेव तथा कवि कालिदास आदि की प्रस्तुति के पश्चात् छंद संख्या ३ में वंशोत्पत्ति वर्णन है। इसके बाद छंद विराज (संख्या २२) में शिव स्तुति और छंद साटक २३ में गणेश स्तुति का वर्णन है। हालांकि मंगलाचरण ग्रन्थ के प्रारम्भ में चाहिए था और उपर्युक्त छंद भुजंगी संख्या २ का सम्बन्ध छंद (दूहा) संख्या १९ के साथ होना चाहिए था।

---

1 खण्ड विभाजन सम्पादक द्वारा ही निश्चित किया गया है।

खट्टुवन में धन प्राप्ति, किल्ली-ढ़िल्लो कथा तथा अनंगपाल द्वारा पृथ्वीराज को दिल्ली राज्य का समर्पण प्रसंग संकेत मात्र से एक २ दोहे में ही समाप्त कर दिए हैं। दूसरे खण्ड में संयोगिता के जन्मे बिना ही उसका स्वयम्बर रचाया जा रहा है। अप्रासांगिक रूप से कहीं सुनार और बढ़ई आदि विवाहार्थ आभूषण तथा मण्डप की सजावट के लिये सामान तैयार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अप्रसंग में ही संयोगिता यौवन मद वर्णन तथा एक ही छंद में जयचंद-पृथ्वीराज युद्ध समाप्त है। इस प्रकार लघुतम रूपान्तर में प्रबन्धात्मकता नाम की कोई वस्तु खोजने पर भी नहीं मिलती।

प्रस्तुत लघु संस्करण प्रबंधात्मकता, कथा सौष्ठव तथा भाषा विज्ञान की दृष्टि से उपर्युक्त तीनों संस्करणों से अधिक समीचीन प्रतीत हुआ। इसकी पाण्डुलिपिएं भी उक्त तीनों वाचनाओं की पाण्डुलिपियों से प्राचीनतम प्राप्त हुई हैं। हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान् डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का भी यह मत है कि रासो का लघु संस्करण अन्य तीनों संस्करणों से प्रामाणिक[1] है। डा० दशरथ[2] शर्मा इस लघु संस्करण की पाण्डुलिपियों के विशेष अध्ययन से इसी निष्कर्ष पर पहुँच सके कि पृथ्वीराज रासो का वास्तविक रूप इन्हीं प्रतियों में मिल सकता है।

उपर्युक्त कारणों से तथा स्व० डा० बनारसी दास जैन की प्रेरणा से उनके निर्देशन में मैंने यह कार्य सन् १९५३ में प्रारम्भ किया था। मैं इस दिशा में किंचित् मात्र ही प्रगति कर पाया था कि अप्रैल १९५४ में अकस्मात् हृदय गति रुक जाने से श्रद्धेय जैन जी का स्वर्गवास हो गया। शोक संतप्त मुझको कुछ न सूझा। तीन मास तक किं कर्तव्य विमूढ़ रहा। आरब्ध कार्य को सिरे तक ले जाने की प्रबल इच्छा तो मन में हिलोरे ले ही रही थी। अन्ततः मैं ने डा० माता प्रसाद गुप्ता जी (रीडर

---

1 देखो—"संक्षिप्त रासो" पृष्ठ १६०

2 हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग सन् १९३९ के विवरण में डा० शर्मा का लेख देखें। "इण्डियन हिस्टोरिकल क्वाटरली जिल्द १८, १९४०"

हिन्दी विभाग इलाहाबाद वि० विद्यालय) से इस कार्य में निर्देशन की प्रार्थना की। उन्होंने सहर्ष स्वीकृति दे दी। उनके सुयोग्य निर्देशन तथा परिश्रम से मैं इस कार्य को सम्पूर्ण कर पाया हूँ। मेरे पास ऐसे शब्द नहीं कि जिनके द्वारा मैं श्रद्धेय गुप्त जी का ग्राभार प्रदर्शन कर सकूं। प्रस्तुत प्रति जो ग्राप के हाथों में है यह उन्हीं की कृपा, विद्वत्ता, तथा परिश्रम का फल है, मैं तो केवल कारण मात्र हूँ।

मेरी ग्रार्थिक दशा भी ग्रच्छी नहीं थी। ग्रत: मुझे हर समय भय लगा रहता था कि कहीं ग्रार्थिक कठिनाई के कारण प्रस्तुत शोध कार्य ग्रधूरा न रह जाए। पंजाब विश्व विद्यालय के तत्कालीन रजिस्टरार डा० भूपाल सिंह के सौजन्य तथा सहयोग से मुझे कुछ शोध-ग्रनुदान प्राप्त हो सका था। एतदर्थ पंजाब विश्व विद्यालय का ग्राभार-प्रदर्शन करना मेरा कर्तव्य बन जाता है।

प्रस्तावना को समाप्त करने से पूर्व सर्व प्रथम महाराज बीकानेर के प्राईवेट सैक्रेट्री श्री के. एस. राजगोपाल का मैं ग्राभारी हूँ, जिन के सौजन्य से मुझे ग्रनूप संस्कृत राजकीय पुस्तकालय से तीन पाण्डुलिपिएं प्राप्त हो सकीं। बीकानेर के श्री ग्रगर चंद नाहटा जी, जो कि मुझे समय समय पर ग्रपनी सम्मति तथा शोध सम्बंधी सामग्री प्रदान करते रहे है, का कृतज्ञ हूँ। प्रयाग विश्व विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष का बहुत ग्रनुगृहीत हूँ। जब मुझे शोध संबंधी कार्य के लिये कुछ समय के लिये प्रयाग में रहना पड़ा तो मुझे उक्त पुस्तकालय से ग्रपने विषय से सम्बंधित सामग्री एकत्रित करने की सुविधा रही। ग्रपने परम मित्र प्रो० कैलाश चन्द्र सिंहल (गौर्वनमैंट कालेज लुधियाना) तथा श्री मूलराज जैन (स्व० डा० जैन के सुयोग्य पुत्र) का मैं हृदय से ग्रभारी हूँ, जिन की सुसम्मति मुझे हर समय प्राप्त होती रही।

ग्रन्त में ग्रपने परीक्षक-डा० सुनीति कुमार चैटर्जी तथा डा० वासु देव शरण ग्रग्रवाल का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ, जिनकी सुसम्मति से प्रस्तुत पुस्तक ग्रौर भी ग्रधिक उपयोगी रूप में प्रकाशित हो सकी है।

१९५८ से १९६२ चार वर्ष पर्यन्त मैं निरन्तर गण्य माण्य प्रकाशकों के दरवाजे इस महत्वपूर्ण महाकाव्य के प्रकाशन के लिये खटखटाता रहा, परन्तु किसी भी प्रकाशक ने उचित शर्तों पर इसे प्रकाशित करना स्वीकार नहीं किया। मेरी प्रार्थना पर, इस ग्रन्थ के प्रकाशनार्थ, भाषा विभाग पटियाला ने १४०० रु० का अनुदान प्रदान किया, एतदर्थ भाषा विभाग के अधिकारीगण का मैं हृदय से आभारी हूँ।

विदुषामनुचर :
बेनी प्रसाद शर्मा कौशिक
लक्ष्मी निवास
1178 सैक्टर 22 बी, चण्डीगढ़।

माघ संक्रांति
२०१९

प्रथम अध्याय

भूमिका

प्राप्त पाण्डुलिपियों का विवरण

पहिले कहा जा चुका है कि पृथ्वीराज रासो की अभी तक चार वाचनाएं उपलब्ध हुई हैं:—वृहद्, मध्यम, लघु तथा लघुतम। वृहद् रूपान्तर के विविध संस्करणों का पाठ १६००० से ४०००० श्लोक प्रमाण तक अनुमान किया गया है। मध्यम का ११००० श्लोक प्रमाण, लघु का ३५०० श्लोक प्रमाण और लघुतम का ४०० छंद (१३०० श्लोक) प्रमाण पाठ है। पहले तीनों रूपान्तर खण्डों में विभाजित हैं। इनमें क्रमशः ६९, ४०-४५, १९ खण्ड अथवा समय हैं। लघुतम रूपान्तर खण्डों में विभाजित नहीं है। इसका पाठ पाण्डुलिपियों में बिना विराम के लिखा मिलता है। पाठ विश्लेषण की दृष्टि से लघुतम रूपान्तर के सभी पद्य लघु रूपान्तर में मिलते है और लघु के मध्यम में तथा मध्यम के वृहद् में। परन्तु चारों रूपान्तरों में खण्डों की योजना, छन्दों का पूर्वापर सम्बन्ध तथा शब्दावली में पर्याप्त अन्तर है। लघु रूपान्तर की पांडुलिपियां अन्य तीनों रूपान्तरों की पाण्डुलिपियों से प्राचीनतम अनुमानित की गई हैं। पाठ तथा भाषा की दृष्टि से भी डा० दशरथ[1] शर्मा आदि कई विद्वानों ने इस लघु रूपान्तर को ही वास्तविक पृथ्वीराज रासो माना है। इस रूपान्तर की तीन पाण्डुलिपियां राजकीय अनूप संस्कृत पुस्तकालय बीकानेर में सुरक्षित हैं। महाराजा बीकानेर के प्राइवेट सैक्रेटरी श्री के. एस. राजगोपाल के अनुग्रह तथा सौजन्य से ये तीनों

देखो—रासो की एक प्राचीन पाण्डुलिपि तथा उस की प्रमाणिकता" काशी नगरी प्रचारिणी पत्रिका, कार्तिक संम्बत् १९९६।

तथा—पृथ्वीराज रासो का समय तथा उसकी प्रमाणिकता" इण्डियन हिस्टोरिकल क्वाटरली जिल्द १६ दिसम्बर १९४०।

प्रतियां मुझे अध्ययनार्थ उपलब्ध हो सकी थीं। पृथ्वीराज रासो के प्रस्तुत पाठ-सम्पादन में मैंने इन्हीं तीनों प्रतियों का उपयोग किया है।

क्योंकि उक्त तीनों प्रतियां अनूप संस्कृत पुस्तकालय बीकानेर से प्राप्त हुई है, अतः उक्त स्थान के स्मरणार्थ प्रतियों का चिन्ह (Siglum) BK1 (६१), BK2 (५६) BK3 (६२) निश्चित किया गया है।

प्रतियों का विवरण

१. प्रात BK1—अनूप संस्कृत राजकीय पुस्तकालय में रजिस्टर नं० ६१।

यह प्रति ८½"×७" इंच आकार की है और पत्रांक ४-१०२ तक ९९ पन्नों में समाप्त है। प्रत्येक पृष्ठ में १८ से २० पंक्तियां तथा प्रत्येक पंक्ति में लगभग २० अक्षर हैं। कागज जीर्ण, कहीं कहीं किनारों पर त्रुटित तथा हाथ का बना, मिट्टी रंगा खुरदरा सा है। पन्ने खुले हैं, पत्रांक संख्या देवनागरी अंकों में दाएं हाशिए के मध्य में दी हुई है। अक्षर भद्दे हैं परन्तु पाठ सुपाठ्य है। अंतिम कवित्त—

प्रथम वेद उद्धरिय बंभ, मच्छह तनु किन्नउ।
दुतीय वीर वाराह धरनि, उद्धरि जसु लिन्नौ।
कौमारिक भद्देस धम्म, उद्धरि सुर रष्षिय।
कूरम सूर नरेस हिंदु, हद उद्धरि रष्षिय।
रघुनाथ चरित्तु हनुमंत कृत, भूप भोज उद्धरिय जिमि।
पृथिराज सु जसु कविचन्द्र कृत, चंद्र सिह उद्धरिय इमि।

जो कि प्रति BK2, BK3 में मिलता है, इस प्रति में नहीं है। परन्तु इस कवित्त से पहले का रूपक लिख कर तीन चार इंच स्थान रिक्त छोड़ दिया गया है और पूर्णाहुति सूचक कुछ भी नहीं लिखा गया। प्रतीत ऐसा होता है कि जिस प्रति से प्रस्तुत प्रति को नकल किया गया है उसमें उपर्युक्त कवित्त का स्थान जीर्ण हो गया अथवा फट गया होगा। अतः स्पष्ट है कि यह छंद लिखना छूट गया। इसी लिए स्थान छोड़ा गया कि बाद में किसी अन्य प्रति से उक्त छंद को नकल कर लिया जायेगा।

इस प्रति का शीर्षक है:—' चंद वरद ई का पृथिराज रासो", और

प्रारम्भ:-ओं नम: श्री कृष्णाय परमात्मने, जय जय देवेश" तथा निम्नोक्त पुष्पिका समाप्ति सूचक है।

मन्त्रीश्वर मंडन तिलक, वच्छावंश भर भाण।
करमचंद सुत करम बड़े, भागचंद सब जाण।
तसु कारण लिषियो सही, पृथ्वीराज चरित्र।
पढ़तां सुष संपति सकल, मन सुष होवे मित्र।
शुभं भवतु।

लिपिकाल— यद्यपि इस प्रति का लिपिकाल स्पष्ट रूप से पुष्पिका में नहीं दिया गया, परन्तु पूर्वोक्त रूपक से अनुमान किया जा सकता है कि यह प्रति मंत्रीश्वर कर्मचंद के पुत्र भागचंद के लिये लिखवाई गई थी। यह बात निश्चित हो चुकी है कि मन्त्रीश्वर कर्मचंद सम्राट् अकबर के दरबार में अर्थ मन्त्री थे। इनका जन्म संवत् १५९९ पौष वदी को निश्चित किया गया है। श्री अगरचंद नाहटा[1] जी को इनकी जन्मपत्री भी मिली है जिसमें "कर्मचंद वच्छावत रो जन्म सं० १५९९ पौष वदी १० इष्ट ३२" लिखा है। सम्राट् अकबर का राज्यकाल सम्वत् १६१३–६२ तक है। कर्मचंद सं० १६५७ में अकबर के दरबार में मन्त्री अथवा दीवान थे सं० १६७८ में इन की मृत्यु हुई। इनकी मृत्यु के आस पास ही इनके सुपुत्र भागचंद एक युद्ध में खेत रहे। इस बात की पुष्टि के लिये दूसरा प्रमाण हमको "कर्मचंद[2] वंशोत्कीर्तनयं काव्यम्" में मिलता है। इस ग्रन्थ की रचना जयसोम द्वारा सं० १६५० में लाहौर में हुई। यह ग्रन्थ दीवान कर्मचन्द के जीवनकाल में ही लिखा गया। इसमें कर्मचंद को सम्राट् अकबर का प्रगाढ़ मित्र तथा अत्यन्त विश्वासपात्र 'दीवान' बतलाया गया है। इस ग्रन्थ के अनुसार कर्मचंद के दो पुत्र थे जिनमें से भागचंद ज्येष्ठ पुत्र था।

---

1 देखो—"प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ" में श्री मूलराज जैन का लेख—रासो की विविध बाचनाएं तथा श्री अगर चन्द नाहटा का लेख"—कर्म चन्द का जन्म और उनके बंशज" राजस्थान भारती—भाग २ अंक १ जुलाई १९४८।

2—देखो—काशी नगरी प्रचारिणी पत्रिका भाग ३ जिल्द २ सं० १९८१, श्री शिव दत्त पाण्डेय का एक लेख।

अतः यह बात निश्चित प्रायः है कि प्रस्तुत प्रति लगभग सं० १६३०–१६७० (सन् १५७३–१६१३ के मध्य में नकल की गई) ।

२. प्रति **BK2**—अनूप संस्कृत पुस्तकालय में रजिस्टर नं० ५६ ।

यह प्रति १०½"×६¼" साइज़ में गुटकाकार है । आदि के ५ पन्ने लुप्त हैं । ६–८४ पन्नों में रासो समाप्त हुआ है । प्रत्येक पंक्ति में १६ से १८ पंक्तियां हैं, तथा प्रत्येक पंक्ति में ३० से ३७ तक अक्षर है । लिखाई सुन्दर तथा सुपाठ्य है कागज़ भी कुछ सफेदीनुमा, मुलायम सा है, परन्तु बना हुआ हाथ का है । इसकी अन्त्य पुष्पिका इस प्रकार है :—

महाराज नृप सूर सुव, कूरम चंद उदार ।
रासौ पृथीय राज कौ, राष्यौ लगि संसार ।।
शुभं भवतु । कल्याणमस्तु । पत्रे ७० माहै
सम्पूर्ण लिषीयो त्थै । ग्रन्थाग्रन्थ ३३५० ।

लिपिकाल— इस प्रति के लिपिकाल का अभी तक निश्चय नहीं हो सका । उपरि लिखित दोहे में संकेतित महाराज नृप सूर के पुत्र उदार कूरमचंद कौन थे, एक खोज का विषय है । श्री अगर चंद नाहटा ज़ी का अनुमान है कि यह प्रति १७वीं शताब्दी के अन्तिम दशाब्द में लिखी प्रतीत होती है ।

यह प्रति जिस मूलादर्श से प्रतिलिपित की गई है उस में कुछ पाठ नष्ट हुये प्रतीत होते हैं । इसी लिये इस प्रति में लगभग ११ त्रोटक है । तथा इन त्रोटकों के लिये १, ३, ५ तथा ६ इञ्च तक स्थान रिक्त छोड़ा गया है । इसी प्रकार लगभग ८ स्थानों पर हड़ताल से पद तथा पद्यांश मिटाएं हुए हैं । हड़ताल के डॉटस तो तकरीवन् ९२ हैं । प्रतीत ऐसा होता है कि प्रतिलिपिकार कुछ योग्य व्यक्ति नहीं है । लिखना कुछ होता है और मति विभ्रम से लिख कुछ जाता है । अतः अशुद्ध अथवा अनिच्छित अक्षर अथवा शब्द लिख कर बाद में हड़ताल से मिटाने पड़े ।

दूसरे, ज्ञात होता है कि यह प्रतिलिपि राजस्थानी लिपि में लिखित

मूलादर्श से नकल की गई है। लिपिकार को राजस्थानी लिपि का पूर्ण रूप से ज्ञान प्रतीत नहीं होता। नकल करते समय जो अक्षर समझ में नहीं आया उसको उसने अपनी बुद्धि के अनुसार नकल कर लिया। इस से प्रतिलिपिकार ने रासोगत पाठ को यत्र तत्र अशुद्ध तथा असंगत बना दिया है। इसके अतिरिक्त बहुत से पद पद्यांश छोड़ दिये गये हैं, छंद भंग का कोई ध्यान नहीं और मतिविभ्रम तथा दृष्टि विभ्रम से कुछ पद पद्यांशों की आवृत्ति हो गई और कुछ छूट गए।

विकृत पाठ तथा दृष्टि विभ्रम आदि के कुछ उदाहरण देकर उपर्युक्त कथन की पुष्टि करना उचित होगा :—

१. BK1 का पाठ—लषे कृष्ण ध्यानम् (१–१२६)
BK2 का पाठ—लषेध कृष्ण ध्यानम् ,,
यहां "लषेध" शब्द में "ध" निरर्थक है।

२. BK का पाठ—"पियं कट्टी पट्टी" (१–१२८)
BK2 का पाठ—पियं केट्टी पट्टी ,,
भाषा विज्ञान की दृष्टि से "कटि" का "कट्टि" तो ठीक जंचता है "केट्टी" नहीं।

३. BK1 का पाठ—कूदंत जोरं (१–१३३)
BK2 का पाठ—कूल्लंट योरं ,, जो कि सर्वथा-अनुचित तथा असंगत प्रतीत होता है।

४. BK1 का पाठ खूब गुल्लाब केलाति हल्लं (१–१३५)
BK2 का पाठ - खूब गुल्लीब केलाति हल्लं
"गुल्लाब" के स्थान पर "गुल्लीब" शब्द अशुद्ध है।

५. BK1 का पाठ—निजु नेह सनेह जु नेह लियं (१–१४८)
BK2 में "नेह" को "नेमेह" लिखा है।
इसी प्रकार BK2 में "बृषभ घघ सुघघ पुपजियं" है तो BK2 में बृषभ गंध सुगंध पुष्पजियं"

६. BK1 का पाठ—अति सुंदर सुंदर तनह" (१–१६२)

BK2 का पाठ—अति सुंदर तनह" यहां एक "सुंदर" शब्द छोड़ दिया गया है जिससे छंदो भंग हो गया।

७. BK2 का पाठ—परमेसर सेव" (२–२१)
BK2 का पाठ—तू परमेर तौ सेव ,, जोकि अशुद्ध है।

८. BK1—सट्ठ लक्ष परजंक" (३–२)
BK2—सुप्त जंक कर जंकति" जोकि अर्थ संगति की दृष्टि से अशुद्ध है।

९. BK2 में ३–४ दोहे का द्वितीय चरण "अवर देस कहुँ केत" छूट गया।

१०. इसी प्रकार ३–२४ में त्रोटक छंद के प्रथम चरण—"भव भूपति भूप तनं लहनं" में "भूपति भूप" शब्दों को "तूपति तूप" लिखा है। इसी रूपक के अन्तिम चरण में "कयंज" शब्द का "जकयं" प्रतिलिपित किया है।

इसी तरह से यत्र तत्र ऐसी पाठ-विकृति तथा अशुद्धियां इस प्रति मैं मिलती हैं। इस प्रकार की पाठ विकृति का पाठान्तर में यथास्थान निर्देशन कर दिया गया है।

दृष्टि-विभ्रम अथवा मति-विभ्रम के भी एक दो उदाहरण दे देने अनुचित न होंगे।

१. खण्ड १३, रूपक संख्या १२ प्रति BK2 में रूपक इस प्रकार है :—

नर रहित अहितनि पंथए, गति पंक पूजित गो धनम्।
रवि रत्त मत्तह अब्भ उद्दिम, कोपि कर्कस मो धनम्॥

प्रति BK2 में इसी रूपक को इस प्रकार दिया है :—
रवि रत्त मत्तह अब्भ डद्दिम, कोपि गति पंक पूजित गो धनम्।
रवि रत्त मत्तह अब्भ उद्दिम, कोपि कर्कस मो धनम्॥

इस प्रकार :—प्रथम तथा तृतीय चरणों में एक ही पद्यांश की आवृत्ति है। इन दोनों चरणों से पूर्व का चरण—"नर रहित अहितनि पंथए" है। वास्तव में प्रतिलिपिकार की दृष्टि नकल करते समय दोनों बार "रवि रत्त मत्तह अब्भ उद्दिम" चरण पर ही पड़ी अतः "नर रहित अहितनि-पंथए" चरण छूट गया और उक्त तृतीय चरण की पुनरावृत्ति हो गई।

२. इसी प्रकार खण्ड १७, छंद ३० :—

छूटै मत्त मैमंत दीसै भयानं।
रूप्यौ रंधरी राइ सेस दिसानं।। को नकल करते समय प्रथम चरण के पद्यांश "दीसै भयानं" से दृष्टि दूसरे चरण "सेस दिसानं" पर जा अटकी। परिणामतः दीसै भयानं—रूप्यौं रंघरी राइ" पद्यांश छूट गया।

इस प्रति में उक्त प्रकार के दोषों के अतिरिक्त :—इ– द्र, थ—घ, रू –तू, च—व, द्व –द्ध, च्छ—छ, त्थ –र्थ आदि अक्षरों मैं अभेद प्रतीति है। प्रकरणानुसार ही इन अक्षरों में भेद प्रतीति हो सकी है। जैसे :—

१. उ—तु, उट्ठिय/तुट्ठिय (८-५७) तुरक्कि/उरक्कि (९-११७)
२. ऊ/औ; ऊंह/औंह (८-६८) उ/ओ; उच्छंगी/औच्छंगी (९-१२)
३. आ/ओ; ओवासं/आवासं (७-६७)
७. इ/द्र; पुहप द्रवे/पुहुप इवे (८-९५)
५. घ/ब्ब; उल्लंघि/उब्लंब्बि (७-६)
६. ध/घ; घनु/धनु (७-१३)
७. त/न; पुत्तनि/पुत्तति (७-८८)
८. न्न/त्त; छिन्न तड़िता/छित्र तड़िता (७-३)
गहन्नं/गहत्तं (८-१६)
९. स्व/स्त्थ; अस्वह/अस्त्थह (७-६)
१०. च्छ/त्थ; अच्छै/अत्थै (७-१४) मत्थ/मच्छ (८-२८)

११. च7व; वंचए7चंचए (७-२७)

१२: रू7तू; रूव7तूव (७-२८)

१३. द्द7ट्ट; वीर भद्दायं7वीर भट्टायं (७-४६)

१४. स7भ; सरिष्टं7भरिष्टं (७-५३)

१५. न7भ; नय वासर7भय वासर (८-६८)

१६. व7ठ; रूव7रूठ (८-६५)

१७. द्ध7द्द; सद्धइ7सद्दइ (६-६८)

निष्कर्ष यही निकला कि प्रतिलिपिकार को प्राचीन देव नागरी लिपि का पूर्ण ज्ञान नहीं था।

एक बात और द्रष्टव्य है कि इस प्रति में दो पन्नों का परस्पर परिवर्तन हो गया, अर्थात् पत्रांक २१ की अपेक्षा २२ और २२ की बजाय २१। परिणाम स्वरूप पंचम खण्ड के २१ रूपक, "हल्लि ढरिय धाइ धमंकि धर—से राइ षनो निरयो निज चालुक" तक पाठ छठे खण्ड में परिवर्तित हो गया। हालांकि प्रति संख्या KB1 के अनुसार तथा प्रकरण संगति से यह पाठ पंचम खण्ड में ही रहना चाहिये यह अशुद्धि प्रतिलिपिकार अथवा अनूप संस्कृत पुस्तकालय में जिल्द बांधने वाले से हुई होगी।

३. प्रति BK3— अनूप संस्कृत पुस्तकालय में रजिस्टर नं० ६२।

यह प्रति ७"×६" आकार में है। इसमें आदि के ७ पन्ने नहीं है तथा आदि के १० पन्ने कुछ खण्डित हैं। १५५ (७-१५५) पृष्ठों में रासो समाप्त हुआ है। प्रत्येक पृष्ठ में १३ से २७ तक अक्षर हैं। अक्षर भद्दे हैं। अतः कुछ अंशों को छोड़ कर सर्वत्र पाठ पढ़ने के लिए आतशी शीशे का प्रयोग करना पड़ा। अनूप संस्कृत पुस्तकालय के अधिकारियों ने इसकी जीर्ण अवस्था देख कर प्रत्येक पत्र के दोनों ओर मोमी कागज़ लगवा कर सुन्दर जिल्द बंधवा दी है। इस से प्रति तो सुरक्षित रूप में हो गई, परन्तु अक्षर जो कि पहिले ही पर्याप्त भद्दे हैं, और भी मद्धम पड़ गए। प्रति में कागज मोटा खुरदरा तथा हाथ का बना हुआ प्रयुक्त किया गया है।

यह प्रति १८ वीं शताब्दी में प्रति लिपित हुई प्रतीत होती है और

प्रति संख्या BK2 की यथार्थ रूप में प्रतिलिपि है। इसकी अन्तिम पुष्पिका निम्नोक्त है :–

"इति श्री पृथ्वीराज रासो समापता शुभं भवतु। किल्याणमस्तु। श्रीरस्तु साह श्री नरसिंह सुत नरहरदास पुस्तका लिखावतम्।
श्री ग्रन्थाग्रन्थ ५५५ छ।

जाद्रिसं पुस्तकं द्रष्टवा ताद्रसं लिषतं मिया।
जदि सुद्धि मवि शुद्धं वा मम दोषों न दीयात।
छ। लिषतं मयेन उदा ब्रह्मापुर मध्ये। छ। श्री।

द्वितीयोऽध्याय

आलोचनात्मक संस्करण की समस्या

पिछले अध्याय में वर्णित तीनों प्रतियों के विवरण से ऐसा प्रतीत होता है कि तीनों प्रतियां किसी एक ही अज्ञात मूलाधार की प्रतिलिपियां हैं क्योंकि तीनों का पाठ कुछ न्यूनाधिक तारतम्य के साथ समान है। तीनों प्रतियों में खंडों (Cantos) की संख्या १९ है। प्रथम दो समय एक ही खण्ड में समाप्त हैं; अर्थात् प्रथम खण्ड की समाप्ति सूचक पुष्पिका नहीं दी गई है। इसी प्रकार सप्तम तथा अष्टम खण्ड भी एक ही समाप्ति-सूचक पुष्पिका (Colophon) केसाथ समाप्त हैं। १९वें खण्ड की समाप्ति-सूचक पुष्पिका भी तीनों प्रतियों में नहीं दी गई है। अत: तीनों का मूल रूप (Arche type) एक ही है। समयान्तर में प्रति BK2 (५९) और EK3 (६२) ने प्रति BK1 (६१) से भिन्न रूप धारण कर लिया। और उक्त दोनों प्रतियां, प्रति BK1 से पृथक हो गई। अत: BK1 दोनों प्रतियों से पूर्व; अर्थात् सं० १६६० के लगभग प्रतिलिपित हुई। प्रति BK2 और BK3 का लिपिकाल क्रमश: १७ वीं तथा १८वीं शताब्दी अनुमानित किया गया है। अत: समय की प्रगति के साथ साथ उक्त दोनों प्रतियों में पाठ का न्यूनाधिक होना, पाठ का छूट[1] जाना तथा पाठ में कुछ परिवर्तन होना स्वाभाविक है। इसी लिए इन दोनों प्रतियों में प्रति BK1 से यत्र तत्र पाठ में न्यूनाधिकता है और यह न्यूनाधिकता शेष दोनों प्रतियों में समान है। वैसे भी ये प्रतियां पाठ साम्य, शाब्दिक साम्य तथा समान अशुद्धियों आदि की दृष्टि से समान हैं और एक दूसरे की प्रतिलिपियां जान पड़ती हैं। एक जैसे न्यूनाधिक पाठ प्रक्षिप्त अंश और समान अशुद्धियों के कुछ उदाहरण देकर दोनों की समानता को प्रमाणित कर देना उचित रहेगा।

---

1 "Omission and transposition are the surest test of affinity." Says Mr. Hall; Vide "Indian textual criticism" Page 38

1. प्रति BK2 और BK3 में प्रति BK1 की अपेक्षा न्यून पाठ की सूची :–

१ १–१३५–वें का अन्तिम चरण :–

किधुं रत्न सूं कनक मिलि कंज कोरे ।

२ १–१३८–वें का अन्तिम चरण:–

इमि भार अट्ठार वृच्छं सुहायं ।

३ ३–३३–वें का चौथा चरण:–

हैं सुदमक दामिनि ज़ामिनि जगावन ।

४ ३–४५–वें का चौथा चरण:–

सूर वीर गम्भीर धीर क्षत्रिय मन रोचन ।

५ १३–६३–वें का चौथा चरण:–

कसकि कहौं कसमीर भीर भारथ्थ संभारी ।

इसी प्रकार कोई ४५ स्थान पर दोनों प्रतियों में प्रति BK1 की अपेक्षा कहीं कहीं एक और कहीं कहीं दो-दो पद छूट गये हैं ।

2. उक्त दोनों प्रतियों में लगभग १२ स्थानों पर प्रति BK1 की अपेक्षा अधिक पाठ मिला है । कुछ उदाहरण देखिए:–

१ ५–७४–वें में प्रथम चरण के पश्चात् :–

गहि ग्गल भीम हमंकि हिलोन्यो ।

अब चरित्त ज्यों जानि झहोन्यो ।

२ ८–८७ छंद के पश्चात्:–

दोहा

सो पट्टन राव्योर पुर, उज्जल पुण्य प्रविच्छ ।

कोटि नगर नागर धरनि, धज बंधिय तिनि लच्छि ।

छंद नाराच

ज लष्षु लष्षु द्रव्य जासु, नृत्य इंद्र उट्ठवै ।

अनेक राइ जासु भाइ, आइ आइ बैठवे ।

सुगंध तार साल मान, सा मृदंग सुब्भए ।

समस्त छिती मस्त रूप, साव अंग सुब्भए ॥१॥

जिचंद वार धूव सेस,'''कंठ गाव ही ।

उपंग वीणा तासु वालि, बाल ता गावही ।
गमन्न तेय अंग रंग, संगए परच्चए ॥२॥
सवीर सद्द भरथ अंग, परधि तात नच्चए ।
सब्रद्द सोभ उद्धरैइ, कित्ति काव थानिए ।
नरिंद इंद इत्तनै जु, कोटि इंद जानिए ॥३॥

और यह अधिक पाठ प्रक्षिप्त प्रतीत होता है ।

३　११–४६–वें छंद के पश्चात् :–
धार तिच्छ अद्दरिय, पंग सेवहि वैरागिय ।

४　१४–४५ छंद के पश्चात् :–

दोहा

कहि राजा संजोगि सुनि, सुपनह कत्थ अकत्थ ।
श्रवन मंडि कनवज्जिनि, सा सुपनंतर तत्थ ।

3. BK2 और BK3 दोनों प्रतियों में समान त्रोटक तथा समान अशुद्धियां:–

१　१८–७३ छंद के अंतिम चरण :–
इनि जुद्ध हिंदुव हवस, हय गय पायक जुत्थ रत्थ ।
में "इनि जुद्ध" शब्द छूट गये और शेष पद्यांश के स्थान पर:–
"लिषय मेच्छ हिंदुव वयन, रषित हय गय जुत्त इत्थ" है ।

२　१–२०१ छंद के प्रथम दो चरणों में–
कवि एम रंच्यो, जु अग्गे सुवंदे—के स्थान पर प्रति BK2 तथा BK3 दोनों में त्रोटक है ।

३　९–१४ वें छंद के तीसरे चरण:–
"इक कवि भाष, छत्रीं सहं सुवत्ते" का स्थान दोनों प्रतियों में रिक्त है ।

४　३–४ छंद के पश्चात् :
तोरन तिलंग सुवंधि नृप, विवल फेरि त्रिकूट"
यह पद प्रति BK2 में लिख कर हड़ताल से काट दिया गया है और प्रति BK3 में इतना ही स्थान रिक्त है ।

५　५–८७ छंद के तीसरे चरण:–
"परिपंथ मारा उसो राउ पाली" में उ–पाली तक स्थान

रिक्त है, अर्थात् "सो राउ" शब्द दोनों प्रतियों में छूट गये है।

4. जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि प्रति BK2 में दो पत्रांक–२१, २२ में परिवर्तन है तो प्रति BK3 में भी ऐसा ही किया गया है। अत: यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि BK3 प्रति BK2 की वास्तविक प्रतिलिपि है।

उपर्युक्त विवेचन से यह निष्कर्ष निकला कि प्रति BK1 दोनों प्रतियों से प्राचीनतम तथा अधिक विश्वसनीय है। समय की प्रगति के साथ साथ BK2, BK3 प्रतियों में, प्रतिलिपिकारों की असावधानी के कारण, पाठ का छूट जाना, शब्द-व्यत्यय, आगम तथा पाठ परिवर्तन होता रहा है। अत: BK1 का पाठ प्रामाणिक, शुद्ध तथा अधिक विश्वसनीय है। यद्यपि तीनी प्रतियों का कल्पित मूलादर्श तो एक ही है परन्तु समयान्तर में BK2, BK3 प्रतियां BK1 प्रति से पृथक् हो गई' BK1 की अपेक्षा इनके पाठ में अंतर पड़ जाना स्वाभाविक है। परिणामत: उक्त तीनों प्रतियों का प्रतिलिपि-क्रम अथवा वंश-वृक्ष (Pedigree) निम्न रूप में हों सकता है :–

पाठ पुनर्निर्माण के सिद्धांत

पृथ्वीराज रासो एक ऐसी काव्य रचना है जिसका उपयोग चारण अपनी आजीविकार्थ तथा अपने आश्रयदाताओं को प्रसन्न करने के लिए विशेष रूप से करते थे। राजदरबारों में रासो के छंदों को उच्चारण करने का ढंग भी इन लोगों का अपना अनोखा ही था। स्वाभाविक रूप से रासो के पाठ में मौखिक परम्परा के कारण परिवर्तन होना अवश्यम्भावी है। और कुछ परिवर्तन प्रतिलिपिकारों के प्रमाद के कारण भी सम्भव है।

अतः ऐसी अवस्था में सम्पादक के लिये कवि की वास्तविक कृति की खोज करना एक कठिन कार्य होता है। मैंने उपलब्ध सामग्री के आधार पर पूर्व वर्णित तीनों प्रतियों के विभिन्न पाठों को ध्यान में रख कर प्राचीनतम पाठ की खोज करने का प्रयत्न किया है। प्रस्तुत ग्रन्थ में पुनर्निर्मित तथा सम्पादित शुद्ध पाठ ऊपर देकर शेष प्रतियों के पाठान्तर नीचे टिप्पणी में दिये गये हैं।

सम्पादित पाठ के सिद्धान्त :—

पाठ पुनर्निर्माण में निम्नलिखित सिद्धान्तों का अनुसरण किया गया है।

१. साधारणतया प्रति BK1 सब से प्राचीनतम, विश्वसनीय तथा अन्य दोनों प्रतियों से अधिक प्रामाणिक अनुमानित की गई है, अतः अधिकतर इसी प्रति का पाठ शुद्ध तथा प्राचीनतम है। पुनर्निर्मित तथा सम्पादित शुद्ध पाठ के लिये मुख्यतया इसी प्रति का उपयोग किया गया है। शेष दोनों प्रतियों का पाठान्तर पाद-टिप्पणी में दे दिया है। उदाहरण—

(क) BK1 का पाठ— नालेर=(नारियल)
BK2, BK3 का पाठ— नालीय
स्वीकृत पाठ— नालेर (१-१३८)

(ख) BK1 का पाठ— विहारं
BK2, BK3 का पाठ—निहारं
स्वीकृत पाठ— विहारं (१-१३९)

(ग) BK1 का पाठ— टोरं
BK2. BK3 का पाठ—टेरं
स्वीकृत पाठ— टोरं— १-१४२) चाल, गति पंजाबी)

२. प्रकरण संगति को दृष्टि में रखकर सम्पूर्ण पुनर्निर्मित पाठ में बहुत कम स्थानों पर BK1 के पाठ को उपेक्षित कर BK2 तथा BK3 पाठों को स्वीकृत किया गया है। जैसे :—

(क) BK1 का पाठ— कलंक
BK2, BK3 का पाठ—कलिंग
स्वीकृत पाठ— कलिंग—प्रदेश (१-१७८)

(ख) BK1 का पाठ— मंत्री

BK2, BK3 का पाठ—मंत्र

स्वीकृत पाठ— मंत्र (५-२८)

(ग) BK1 का पाठ— पीथाति, पियन।

BK2 BK3 का पाठ—पीवति, पियनि।

स्वीकृत पाठ— पीवति, पियनि। (६-३३)

३. जिन स्थानों पर प्रति BK2 और BK3 में पाठ-भेद है. ऐसी स्थिति में उक्त दोनों प्रतियों में से एक प्रति तथा BK1 प्रति के मिलान से शुद्ध पाठ निश्चित किया है। शेष दो प्रतियों का पाठ नीचे पाठान्तर में दिया गया है। जैसे :—

(क) BK2 का पाठ— गुजहि

BK1 BK3 का पाठ—गज्जहि

स्वीकृत पाठ— गज्जहिं—(३-१) गरजते हैं

(ख) BK3 का पाठ— सुष्षनं

BK1, BK2 का पाठ— सिष्षनं

स्वीकृत पाठ— सिष्षनं—(३-५) शिक्षण

(ग) BK2 का पाठ— ससमं

BK1, BK3 का पाठ— समं

स्वीकृत पाठ— समं--(३-२४) समान

४. जहां कहीं तीनों प्रतियों में पाठ-भेद है, ऐसी स्थिति में मैंने उसी प्रति के पाठ को शुद्ध माना है जो कि प्रकरण संगति, भाषा तथा छंद की दृष्टि से शुद्ध जंचा हो। शेष प्रतियों का पाठ नीचे पाठान्तर में दे दिया गया है। जैसे :—

(क) BK1 का पाठ— ब्रुरी

BK3 का पाठ— क्षरी

BK2 का पाठ— छरी

स्वीकृत पाठ— छरी—(१-६७; छड़ी

(ख) BK1 का पाठ— हंत

BK2 का पाठ— हांत

BK3 का पाठ— हांन—(१-१७५)

स्वीकृत पाठ— हांन।

(ग) BK1 का पाठ— वधिय

BK2 का पाठ— बधिअ

BK3 का पाठ— बरधेआ

स्वीकृत पाठ— बरधेआ—(१-७८) बृद्धि।

५. प्रति BK3, प्रति BK2 की यथार्थ रूप में प्रति लिपि है। अतः पाठ-निर्णय में इस प्रति का विशेष महत्व नहीं रह जाता। क्योंकि इसकी प्रतिलिपि होने की तिथि भी अन्य दोनों प्रतियों से उत्तर काल की है। अतः बहुत कम स्थानों पर पाठ निर्णय करते समय इस का उपयोग हुआ है। फिर भी यत्र तत्र, भाषा, शब्द व्युत्पत्ति तथा प्रकरण-संगति के अनुसार इस प्रति के पाठ को शुद्ध माना गया है। जैसे :—देखो—नियम ४ ख, ग, तथा :—

(क) BK1, BK2 का पाठ— आषेटकस्य

BK3 का पाठ— आषेटक

स्वीकृत पाठ— आषेटक ७-२०)

(ख) BK1 BK2 का पाठ—पुरहं

BK3 का पाठ— पुरह

स्वीकृत पाठ— पुरह

(ग) BK1 का पाठ— संधी

BK2 का पाठ— सिंधि

BK3 का पाठ— संधि—(९-१२४) समझौता

६. जहां कहीं तीनों प्रतियों में पाठ बहुत अशुद्ध पाया गया है; ऐसे स्थानों पर मुझे अशुद्ध पाठ का सुधार (Emendation) करना पड़ा है। परन्तु शोधित पाठ सर्वत्र कोष्ठक ( ) में दे दिया। जैसे :—

(क) BK1, BK2, BK3 का पाठ—उतति (१-७४)

संशोधित पाठ— (उतपति)

(ख) BK1, BK2, BK3 का पाठ—भौमि (२-२६)
संशोधित पाठ (भौनि) भवन

(ग) BK1, BK2, BK3 का पाठ - षेडस्सं (५-१४)
संशोधित पाठ - (षोडस्सं)

कुछ अन्य ज्ञातव्य सिद्धान्त

१. ग्रन्थ कर्ता अथवा प्रतिलिपिकारों ने ह्रस्व तथा दीर्घ स्वरों में कुछ अन्तर नहीं रखा जैसे —

(क) BK1 का पाठ -- लियं वेतसल्लं (१-५३)
BK2 का पाठ— लीयं वेतसल्लं

(ख) तीनों प्रतियों का पाठ—स्वामि वचन (७-३३)
धर्म स्वामी पुंडीरं (५-१६)

इसी प्रकार—हासे—हासै, प्रकासे—प्रकासै, मिल्यो—मिल्यौ आदि। ऐसे स्थानों में छंद तथा तुकबंदी को ध्यान में रखकर मैं ने पाठ का निर्णय किया है, अन्यथा यथावत रहने दियाहै ।

(ग) जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है कि तीनों प्रतियां जैन यतियों द्वारा तथा राजस्थानी चारणों द्वारा प्राचीन देव नागरी लिपि में प्रतिलिपित की गई हैं। इन प्रतिलिपिकारों ने च—व, ब्ब—ध, ठ—व तथा थ—ध आदि अक्षरों में अभेद-प्रतीति से ही काम लिया है। ऐसे स्थानों पर वास्तविक अक्षर के पढ़ने में मुझे बड़ी कठिनाई अनुभव हुई। ऐसी समस्या उपस्थित होने पर प्रथम तो मैंने शाब्दिक व्युत्पत्ति को दृष्टि में रखकर यथार्थ वर्ण का निर्णय किया है। जहां ऐसा नहीं हो सका वहां सब से विश्वसनीय प्रति (BK1) का आश्रय लिया है जैसे—

(क) BK2 BK3 का पाठ— उठं
BK1 का पाठ— उवं (१-११९)
वास्तविक पाठ— उवं—उदय होना

(ख) BK2, 3 का पाठ— बढ्टी (१-२५)

BK1 का पाठ— चढ्टी
यर्थार्थ पाठ— चढ्टी
(ग) BK2 BK3 का पाठ— थरे
BK1 का पाठ— धरे (४-२३)
यथार्थ पाठ— धरे

(घ) उडे पत्त गातं बब्बूरे सपच्छं (४-१७) यहां "बब्बूरे" शब्द "बघूरे" लगता था। परन्तु प्रकरण संगति से "बब्बूरे" शब्द का अर्थ बाबरोला (Whirlwind) ठीक जंचता है। अतः "बब्बूरे" पाठ सही है।

३. तीनों प्रतियों में ञ् ङ् ण् न् म् अनुनासिकों के स्थान में सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग किया गया है। अतः मैंने भी सर्वत्र शुद्ध पाठ में इन के स्थान में अनुस्वार का ही प्रयोग किया है। जैसे :—

कुण्डला के स्थान में कुंडला (१-१) कुकम्पी की अपेक्षा कुकंपी। इसी प्रकार लङ्क–लंक आदि। इसी तरह चंद्र बिन्दु "ँ" का प्रयोग भी न्यूनाधिक रूप में ही हुआ है। जैसे : जहां–जहाँ, तहां–तहाँ।

४. तीनों प्रतियों में "ख्" की अपेक्षा ष् का सर्वत्र प्रयोग मिलता है। मैं ने भी शुद्ध पाठ में "ख्" के स्थान में ष् का ही प्रयोग किया है। वैसे भी मध्यकाल में "ख" स्थाने "ष" ही प्रयुक्त होता था। जैसे :— षंडचौ (१-१०२) पंषि (२-१५) दुष्ष (१-२२) आदि परन्तु कहीं कहीं पर "ख" भी मिलता है। जैसे : –मयूख (१-८२) तथा मुखे मंद हासं (१-३३) आदि।

५. यद्यपि रासो जैसी रचना में प्रक्षिप्त पाठ कीं खोज करना एक महान् कठिन कार्य है, क्योंकि इस कव्य में रचना क्रम विभिन्न है, विभिन्न शैलियां हैं तथा प्रत्येक पद में अनेक भाषाएं हैं, फिर भी जहां कहीं भाषा तथा शैली की दष्टि से जो पाठ मुझे प्रक्षिप्त प्रतीत हुआ है उसको मैंने कोष्टक में रख दिया है। BK1 की तुलना में BK2, BK3 का अधिक पाठ टिप्पणी के अन्तर्गत पाठान्तर में दे दिया गया है।

६. प्रतिलिपिकारों ने मूलादर्श से—प्रतिलिपि करते समय विराम-

चिन्ह तथा छंदो-भंग आदि की सर्वथा उपेक्षा की गई प्रतीत होती है। मैंने भी सम्पादन सिद्धान्तों का पालन करते हुये छंदो भंग को सुधारने के लिये निर्णीति शुद्ध पाठ में परिवर्तन करना उचित नहीं समझा। हां विराम-चिन्ह यत्र तत्र अवश्य दे दिये हैं।

उपर्युक्त विश्लेषण से यह तथ्य तो निश्चित प्रायः है कि प्रति BK1 अन्य दोनों प्रतियों से विश्वसनीय तथा प्राचीनतम है। और इसका पाठ भी दोनों प्रतियों से शुद्ध प्रतीत हुआ है। अतः प्रस्तुत संस्करण का सम्पादन इसी प्रति को मुख्य आधार रखकर मैंने किया है। यथास्थान अन्य दोनों प्रतियों का उपयोग भी किया गया है।

तृतीयोध्याय

कहानी

ग्रन्थ के आरम्भ में महाकवि चन्द गणेश की बन्दना करते हुए प्रार्थना करते हैं कि इस काव्य कृति की निर्विघ्न समाप्ति के लिये गणेश ज़ी महाराज मेरी सहायत करें। गणेश जी के मस्तक पर मदगन्ध-लोभी भंवरे छत्राकार मंडरा रहे हैं, उन्होंने गले में गुन्जाओं का हार धारण किया हुआ है, कानों के अग्रभाग कुण्डल-शौभित हैं तथा करि करवत् उनकी भुजाएं हैं। एतदनन्तर कवि सरस्वतीं देवी का गुणगान करते हुए कहते है—मूर्ख तथा विद्वानों की रंक्षिका कण्ठ में सुन्दर मौक्तिक हार पहने, गौरी. गिरा, योगिनी नाम-सम्बोधिता, हाथ में सुन्दर वीणा धारिणी, दीर्घकेशी नितम्बिनी, समुद्रोत्पन्ना एवं हंस वाहिनी सरस्वती मेरे सर्व विघ्नों को नष्ट करें। इसी प्रकार जटा जूट धारी द्वितोया के बाल चन्द्रमा से शोभित मस्तक वाले शिव, जो कि पार्वती को आनन्द देन वाले हैं, जिन की जटाओं में गंगा है, ग्रीवा में सर्प तथा रुण्ड मुण्ड माला, हस्ती चर्मधारी, नेत्राग्नि से कामदेव को भस्म करने वाले प्रलयंकारी तथा नट वेषधारी हैं, उनको मैं प्रणाम करता हूँ। इसके पश्चात् कवि ने मत्स्यावतार की स्तुति पूर्वक कृष्ण लोला का विस्तृत वर्णन किया है। कृष्णलीला में नृत्य, रास, नगर तथा वन वाटिका आदि का ललित छंदों में वर्णन है। इसके अतिरिक्त बुद्ध तथा कल्कि अवतारों का वर्णन कर कवि ने अपने पूर्ववर्ती महाकवियों की प्रशंसा तथा अपनी लघुता प्रकट करते हुए कहा— "प्रथम तो मैं उस आदि कवि जगदीश्वर को नमस्कार करता हूँ जो एक होते हुए भी सर्व व्यापक है, दूसरे वेद प्रवक्ता, जगत रक्षक ब्रह्मा को मेरा नमस्कार हो, तीसरे महा भारत ग्रन्थ प्रणेता महा कवि व्यास को, चौथे श्री शुकदेव मुनि को, जिन्हों ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुना कर समस्त कुरु वंशियों का उद्धार किया, पांचवें राजा नल-चरित्र (नैषध) रचयिता कवि हर्ष को, छठे छः भाषाओं के विद्वान् महाकवि

कालिदास को और सातवें कवि दण्ड माली[1] को मेरा नमस्कार हो। इन्हीं महाकवियों की रचनाओं के आश्रय से मैं भी कुछ छंदो की रचना करता हूँ।

(प्रथम खण्ड समाप्त)

द्वितीय खण्ड

वंशोत्पत्ति वर्णन—ब्रह्मा के यज्ञ से मानिक्क राय चाहुवान उत्पन्न हुआ। इसकी अनेक पीढ़ियों में धर्माधिराज से मदान्ध वीसलदेव का जन्म हुआ। वीसलदेव, एक वणिक् कन्या जिसका इसने सतीत्व नष्ट किया था, के शाप से नर मांस भक्षक राक्षस बन गया। इस शाप से मुक्ति पाने के लिए वीसलदेव गोकर्ण की यात्रा के लिए गया तो वहां सर्पदंशन से इसकी मृत्यु हो गई। इसकी पटरानी पंवारिन, चिता के साथ सती हो गई। चिताग्नि से एक भयानक मूर्ति उत्पन्न हुई जो कि वहाँ उपस्थित मनुष्यों को ढूंढ कर भक्षण करने लगी। इसी कारण इसका नाम "ढूंढा" राक्षस पड़ गया। परिणाम स्वरूप अजमेर नगरी जन शून्य हो गई। सारंगदेव (वोसलदेव का पुत्र) को भी इसी राक्षस ने भक्षण कर लिया। इसकी धर्म पत्नी गौरी अपने पति सारंगदेव की मृत्यु के समय गर्भवती थी और राक्षस के भय से अपने मैके में रहती थी। इसके गर्भ से "आनल कुमार" अथवा "आना नरिंद" का जन्म हुआ। युवावस्था को प्राप्त होने पर राजकुमार ने अपनौ माता गौरी से उक्त राक्षस को मारने की आज्ञा मांगी। माता गौरी ने उत्तर दिया कि मानव राक्षस से क्योंकर युद्ध कर सकता है ? आनल कुमार ने उत्तर दिया—"यदि युद्ध से नहीं, तो सेवा से प्रसन्न करके अजमेर नगरी पर फिर से अपना राज्य स्थापित करूँगा, सेवा सुश्रूषा से देव दानव सब प्रसन्न हो जाते हैं।"

अजमेर नगरी ढूंडा राक्षस के अत्याचार के कारण नर तथा पशु-पक्षियों से रहित हो गई थी। आना नरिंद, उजाड़ अजमेर नगरी में पहुँच कर ढूंढा राक्षस की खोज करने लगा। निदान नगरी के बाहर जंगल में एक पहाड़ की कंदरा में उसको सोते हुए देख कर 'आना' निधड़क उसके सम्मुख

---

1. बृहद् संस्करण में आठवें कवि जयदेव का नाम लिया गया है। गीत गोविंदकार जयदेव १३ वीं शती का कवि है।

जा उपस्थित हुआ। राक्षस की देह अत्यधिक विशाल थी। राक्षस के प्रश्न करने पर आना ने कहा—"मैं वीसलदेव का पौत्र तथा सारंग देव का पुत्र हूँ। मेरी माता का नाम गौरी है। मैं यहां आपके दर्शन करने आया हूँ। राक्षस ढूंढा ने कहा कि क्या तू निर्धन है अथवा कुष्ठ रोगी है या स्त्री का वियोगी है, अथवा किसी देव द्वारा शापित है, या संसार से विरक्त है, अथवा तेरी स्त्री तुझसे आलिंगन नहीं करती? 'आना' ने उत्तर दिया कि मुझे उपर्युक्त कोई कष्ट नहीं। मैं तो केवल आप के दर्शनार्थ आया हूँ। निदान, ढूंढा ने प्रसन्न होकर आना को अपनी तलवार भेंट की और अजमेर नगरी पर अक्षय राज्य करने का आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त रविवार के दिन विशेष पूजन करने का निर्देश देकर ढूंढा आकाश में तिरोहित हो गया। इस प्रकार वरदान पाकर आना नरिंद ने अजमेर नगरी को फिर से आबाद किया तथा सब प्रकार से धन धान्य समृद्ध किया। आना नरिंद का पुत्र जयसिंह हुआ, जिसने "वीसल तड़ाग" में गड़ा हुआ पर्याप्न धन प्राप्त किया। यह समस्त धन उसने यज्ञ दानादि में व्यय कर दिया।

जयसिंह का पुत्र आनन्द देव हुआ जिस को बराहावतार के दर्शन हुए। इसने सौ वर्ष पर्यन्त आनन्द से राज्य किया तदनन्तर अपने पुत्र सोमेश्वर को राज्यभार सौंप कर वह स्वयं तपोमय जीवन व्यतीत करने के लिये वन में चला गया। सोमेश्वर के राज्यकाल में भी अजमेर नगरी का यश-वैभव प्रति दिन उन्नतशील रहा।

सोमेश्वर की धर्मपत्नी तथा दिल्लीश्वर अनंगपाल तोंवर की पुत्री के गर्भ से पृथ्वीराज का जन्म (यहां संवत् नहीं दिया) छतीस कुली में हुआ। इसी समय पराक्रमी तथा विद्वज्जन वंदनीय कविचंद का जन्म हुआ (बृहद् संस्करणानुसार यहां पर चंद के पिता "राव वेन" सोमेश्वर के दरबारी कवि हैं तथा पुत्रोत्पत्ति की खुशी में इन्हें पर्याप्त धन दिया गया) कविचंद पृथ्वीराज का यश: सौरभ फैलाने के लिये उत्पन्न हुए और कवि ने साटक, गाहा, दूहा तथा कवित्त आदि अनुपम तथा अनूपम छंदों में पृथ्वीराज का यशो-वर्णन किया।

एक बार बाल्यावस्था में बालक पृथ्वीराज को स्वप्न आया कि एक सुन्दर स्त्री ने उसको अपनी गोद में बिठा कर दिल्ली का राज्य सौंप दिया है। इस घटना के कुछ वर्ष पश्चात् पृथ्वीराज अपने प्रधान मन्त्री कैमास के साथ खट्टु वन में शिकार खेलने के लिये गए तो वहां शिकार खेलते समय एक शिला के नीचे से इन्हें पर्याप्त धन मिला। मृगया से निवृत्त होकर अजमेर पहुँचे तो अनंगपाल के दूत ने एक पत्री दी जिसमें लिखा था कि राजा अनंगपाल बद्रिकाश्रम में तपस्या के लिये जा रहे हैं अतः दिल्ली का राज्य पृथ्वीराज को दान में दे दिया गया है।

पत्री को पढ़कर प्रधान मंत्री कैमास ने राम बड़ गुज्जर, हाहुलीराय हम्मीर तथा जैत पंवार आदि सामंतो से विचार विमर्श पूर्वक निश्चय किया कि पृथ्वीराज दिल्ली राज्य ग्रहणार्थ धूमधाम से वहां पहुँचे। परिणाम स्वरूप, पृथ्वीराज दिल्ली का सम्राट् घोषित कर दिया गया।

(द्वितीय खण्ड समाप्त)

तृतीय खण्ड

कन्नौज में कमधुज्जवंशी राजा विजयपाल राज्य करता था। एक बार विजय पाल अपनी सेना सहित दिग्विजय करता हुआ जगन्नाथ पुरी की यात्रा करके पूर्वी समुद्र के किनारे पहुँचा। यहां सोमवंशी राजा मुकुंद देव राज्य करता था। इसकी राजधानी कटक नगरी थी। इस के पास बीस हज़ार घोड़े, एक लाख हाथी तथा दस लाख पैदल सेना थी। मुकुंद देव ने विजय पाल का बहुत आदर सत्कार किया। इसके अतिरिक्त इसने असंख्य घोड़े, हाथी, धन रत्न, पर्यंक तथा अन्य बहुत सी वस्तुओं के साथ भेंट में अपनी एक सुंदरी कन्या विजय पाल को समर्पित की। विजय पाल ने इस कुमारी का विवाह अपने पुत्र जयचंद से कर दिया। जयचंद का अपनी नव परिणीता पत्नी से अत्यधिक प्रेम था। यहां तक कि दोनों पति पत्नी एक ही थाल में बैठकर भोजन करते थे। विजय पाल और जयचन्द सेत बंध मार्ग से होते हुए मार्ग में कुंकुन, कर्नाटक मैथिल, कलिंग गुर्जर, गुण्ड तथा मगध आदि प्रदेशों को विजित कर कन्नौज पहुँच गए। विजय पाल तथा जयचन्द की यात्रा से सकुशल वापसी पर कन्नौज में सर्वत्र खुशियां मनाई जाने लगीं। कुछ समयानन्तर जयचन्द की धर्मपत्नी-

जुन्हाई के गर्भ से सोलह वर्ष की अवस्था में चंद्रमा के समान सुंदर कन्या (संयोगिता) का जन्म हुआ। कन्या चंद्र कला के समान प्रतिदिन बढ़ने लगी। यह वही चंद्र कला है जिस के कारण जयचंद की अस्सी लाख अश्वारोही सेना का नाश हुआ और पृथ्वीराज का अन्तिम पतन हुआ। संयोगिता अपनी सम वयस्का सखियों में क्रीड़ा करती हुई ऐसी प्रतीत होती थी मानों तारागण में चंद्रमा। बालपन से ही संयोगिता अपने पिता जयचन्द की बहुत लाडली बेटी रही है। वह तुतली बातें कर अपने पिता का मन प्रसन्न करने लगी।

मदन ब्राह्मणी के शिष्यत्व में संयोगिता विद्याध्ययन तथा नैतिक शिक्षा ग्रहण करने लगी। मदनब्राह्मणी ने शिक्षा दी कि स्त्री को चाहिये कि वह प्रातःकाल उठकर अपने पति के चरण स्पर्श कर उस के दर्शन करे और अपनीं तुच्छता प्रदर्शन पूर्वक उनकी स्तुति करे। इस के पश्चात् स्नान ध्यानादि से निवृत्त हो, स्वादिष्ट भोजन बनाकर अपने पति को खिलाए। तदनन्तर वस्त्राभूषणों से सज कर अपने पति को प्रसन्न करती हुई सदा उसकी आज्ञा में रहे। स्त्री को चाहिये कि वह अपना तन, मन, धन, सुख-दुख, तप-जप तथा सब कुछ अपने पति को ही समझे। मान तथा अभिमान छोड़ कर स्त्री विनय पूर्वक अपने पति की आज्ञा में रहे, विनय से ही स्त्री अपने पति को वश में कर सकती है। पति के साथ रमण करते समय भी स्त्री कभी अपने पति को कटुवचन न कहे, विनयशीला ही रहे।

मदन ब्राह्मणी के आंगन स्थित एक सहकार वृक्ष पर तोता मैना (गंधर्व-गंधर्वी) रहते थे। यह दम्पति युगल संयोगिता के चरित्र, सौन्दर्य तथा उसकी विनय शीलता पर अत्यन्त मोहित हुआ और उन्होंने मन ही मन सोचा कि यह सौन्दर्य संभरि-नरेश पृथ्वीराज के उपभोग्य है। तोता मैना ने एक रात "जुग्गिनिपति, संभरि-नाथ" पृथ्वीराज का तप तेज़ तथा शौर्य-पराक्रम आदि का वर्णन करते हुए व्यतीत की। संयोगिता ने भी इस वर्णन को सुना और उस के मन में पृथ्वीराज के प्रति प्रेम अंकुरित हुआ। प्रातःकाल होने पर तोता मैना दिल्ली की ओर उड़ गये। (संयोगिता के रूप सौन्दर्य का पृथ्वीराज के सम्मुख वर्णन करने के लिये)

(तृतीय खण्ड समाप्त)

चतुर्थ खण्ड

संवत् "अठतालीसा" (११४८) चैत्र मास के शुक्लपक्ष को भोरा राय भीमदेव (गुर्जरदेशाधिपति) ने सलष पंवार (आबूराज) के पास दूत द्वारा संदेश भेजा कि वह अपनी कन्या इंच्छिनी का विवाह पथ्वीराज चहुवान से न करे अपितु उस के साथ कर देवे अन्यथा इसका परिणाम भयानक होगा। इस संदेश को सुनकर सलष पंवार का पुत्र जैत पंवार बहुत क्रोधित हुआ और उसने भीमदेव के दूत को कोरा जवाब दे दिया। इस संदेश की सूचना पृथ्वीराज के पास भी पहुँचा दी गई। उधर भीमदेव ने शहाबुद्दीन गोरी को सहायतार्थ बुलाकर आबू नरेश सलष पंवार पर चढ़ाई कर दी। पृथ्वीराज भी अपने दलवल सहित सलष पंवार की सहायता के लिये आ पहुँचा। दोनों ओर से घमसान युद्ध हुआ। सलष पंवार तथा जैत पंवार दोनों ने बड़ी वीरता से शत्रु का मुकाबला किया। लोहाना आजान बाहु ने भी अत्यन्त साहस तथा प्रचण्डता से युद्ध में "सुरितान फौज" के छक्के छुड़वाए। दोनों दलों की ओर से प्रबल खडग युद्ध हुआ। तलवारों में पे अग्नि की ज्वालाएं निकलने लगीं। एक बार तो प्रलय सी मच गई और लाशों से भूमि सट गई। "सुरितान" की सेना में भगदड़ मच गई। शहाबुद्दीन पकड़ लिया गया और भीमदेव जान बचा कर भाग निकला। पृथ्वीराज की चारों ओर से जय जयकार हुई। शहाबुद्दीन से कुछ दण्ड लेकर उसे मुक्त कर दिया गया। (चतुर्थ खण्ड समाप्त)

पंचम खण्ड

गुर्जर देशाधिपति भीम देव जैन धर्मावलम्बी था। इसने वैदिक धर्म का खण्डन कर जैन धर्म की स्थापना का प्रचार किया। इसका प्रधान मंत्री अमरसिंह सेवरा तथा वह स्वयं दोनों ही मंत्र-तंत्र विद्या में बहुत निपुण थे। भीमदेव ने पृथ्वीराज के प्रधान मंत्री दाहिमा कैमास को षडयंत्रपूर्वक अपनी ओर फांसने के विचार से अपने दूत को संदेश देकर उस के पास भेजा। संदेश में इसने अपने पराक्रम, वैभव तथा ऐश्वर्य को बहुत प्रशंसा की ओर कैमास को धन धान्य से सम्मानित करने का प्रलोभन

1. बृहद् संस्करण में "छत्तीसा शुक्रवार" लिखा है।

दिया। इस के अतिरिक्त एक चंचल नयनी, पीनस्तनी तथा अत्यन्त सुन्दर रमणी को भी भेंट देने का प्रलोभन दिया। निदान, कैमास नागौर पहुँच गया और भीमदेव का सहयोगी होकर उपर्युक्त रमणी के साथ विलासमय जीवन व्यतीत करने लगा। भीमदेव के नगर नागौर में सर्वत्र यह चर्चा फैल गई कि दाहिमा कैमास भीमदेव का सहयोगी बन गया है। इससे भीमदेव के शत्रुओं पर आतंक छा गया।

मंत्री कैमास के इस आचरण का व्योरा चंद वरदाई को स्वप्न में ज्ञात हुआ। वह घबरा उठा और विचार करने लगा कि कैमास जैसे बुद्धिमान् मंत्री को देव दानव आदि कोई भी वश में नहीं कर सकता, परन्तु मनुष्य-बुद्धि पर क्या विश्वास किया जाए। कविचंद ने भैरों तथा चण्डी देवी की स्तुति करके इस समस्या को सुलझाने तथा कैमास की बुद्धि पर जैन यंत्र मंत्र के प्रभाव को दूर कर सुबुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके पश्चात् चंद कवि, बग्गरी राय, जद्दौराव, राम राजा, गोविंद राय तथा बलिराय आदि सामंतो को साथ लेकर शत्रु (भीमदेव) की सेना से युद्ध कर कैमास के समक्ष जा उपस्थित हुआ। चण्डी दुर्गा की कृपा से कैमास की बुद्धि पर से जैनियों के पाषण्ड का प्रभाव दूर हुआ। भीम देव भी अपनी सेना सजा कर चंद तथा कैमास के साथ युद्धार्थ आ उपस्थित हुआ। पृथ्वीराज भी इस घटना की सूचना मिलने पर अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित हो गया। दोनों सेनाओं में प्रचण्ड युद्ध हुआ। यहां कवि ने दोनों ओर के सैनिक, घोड़े, हाथी तथा युद्ध[1] की भयंकरता आदि का विस्तृत वर्णन किया है। कैमास ने भीमदेव को परास्त किया। पृथ्वीराज की सर्वत्र जय जयकार हुई। (पंचम खण्ड समाप्त)।

छठा खण्ड

कमधुज्ज जयचन्द समुद्र पर्यन्त पृथ्वी को जीत कर धर्माचरण करता हुआ कन्नौज में राज्य कर रहा है। उसके पास असंख्य हाथी, घोड़े तथा सेना है। धन-वैभव की उसके पास कमी नहीं है। एक बार उसने अपने मंत्री (सुमंत) से यज्ञ करने के लिये विचार विमर्श किया। मंत्री ने कहा

---

1. बृहद् संस्करण में इस युद्ध का सम्वत् ११४४ दिया है।

कि कलियुग में हम अर्जुनादि वीरों के समान तो हैं नहीं जो यज्ञ रचाने में समर्थ हों। जयचंद ने सुमन्त की सम्मति पर ध्यान नहीं दिया और उसने यज्ञ की सामग्री प्रस्तुत करने तथा षोडसादि दान का उत्तम प्रबंध करने की आज्ञा दे दी। यज्ञ की सूचना देने के लिये सर्वत्र दूत भेज दिये गये। एक दूत दिल्ली भी पहुँचा। पृथ्वीराज, दूत का संदेश (छड़ी हाथ में लेकर यज्ञ द्वार पर प्रतिहार-पद संभालना) सुनकर ऐसे सन्न रह गया जैसे सांकरे में फंस कर सिंह तथा गुरुजनों के सम्मुख लज्जाशील स्त्री। परन्तु पृथ्वीराज के छोंटे भाई गोइन्द राय ने क्रोधित हो उत्तर दिया कि कलियुग में यज्ञ रचाने का किस को साहस हो सकता है ? सतयुग में राजा बलि ने यज्ञ किया था, त्रेता में राजा रघु ने, जिस में कुबेर उनके सहायक थे। द्वापर में धर्मराज युधिष्ठर ने श्री कृष्ण की सहायता से यज्ञ किया था। कलियुग में यज्ञ कराने से जग हंसाई होगी। जयचंद ने यह समझ लिया है कि पृथ्वी वीर क्षत्रियों से खाली हो गई है। इसी लिये वह अहंकार से ऐसा कर रहा है। पृथ्वी निर्वीरा कभी नहीं हो सकती। हम जयचंद को यमुना के तट पर रहने वाला जंगली समझते हैं। क्या वह जुग्गिनिपुरेश पृथ्वीराज को नहीं जानता जिसने तीन बार शहाबुद्दीन को बांधा और भीमदेव को परास्त किया। पृथ्वीराज के होते हुये यह यज्ञ नहीं हो सकता। गोइन्दराय का ऐसा उत्तर सुनकर विचारे दूत सायंकाल में मुरझाए हुये कमलों जैसा मुख लेकर उठकर चल दिये। दूत मुख से पृथ्वीराज का उत्तर सुनकर जयचद बहुत क्रोधित हुआ और प्रधान को यज्ञ के द्वार पर पृथ्वीराज की स्वर्ण प्रतिमा रखने की आज्ञा दे दी।

नगर में यज्ञ के लिये सर्वत्र सजावट हो रही है। द्वारों तथा तोरणों पर बंदनवारे सजाई गईं। सुनार आभूषण बना रहे हैं। यज्ञ मण्डप पर स्वर्ण कलश चमकने लगे और वह कैलास पर्वतवत् शोभित है। विविध पताकाओं, सुन्दर वस्त्रों तथा अन्य विविध आडम्बरों से राजमहल, नगर के समस्त भवन, तथा राजमार्ग शोभित होने लगे। सुगन्धित धूप की सुगन्धि सर्वत्र फैलने लगी।

इधर राज महलों में संयोगिता अपनी समवयस्क सखियों के साथ उछल कूद कर रही है, कल-कण्ठों से मधुर गान हो रहा है। जब

सखियां संयोगिता से अठखेलियां करती हैं तो वह लज्जा से आंखें नीची कर पद नखों से भूमि कुरेदने लगती है। वह वय:संधि अवस्था में है। उसके सुन्दर घुंघराले केश कामोद्दीपन करते हैं, लाल अधरोष्ठ सुगंधित कोमल किसलय है, माथे पर मंजरी तिलक है और उसका कोयल सा मीठा स्वर है। उधर प्रकृति भी अपने यौवन पर है। विकसित पुष्पों पर भंवरे मकरंद रस का आस्वादन कर रहे हैं। फल-फूलों से लदे वृक्ष कामदेव-रूप हाथी की तरह झूम रहे हैं। बाग, वन-उपवन प्रफुल्लित हैं। मंजरित सहकार कामदेव के दूत से ज्ञात होते हैं। कोयल की मधुर ध्वनि से प्रकृति गुंजरित हो रही है। भांति भांति के पुष्पित वृक्षों की पंक्तियां कामदेव के बाणों की तरह विरही जनों के हृदयों को बींध रही हैं। इस प्रकार बसंत ऋतु शिशिर को जीतकर सर्वत्र अपना आधिपत्य जमाये हुए हैं। संयोगिता के हृदय में कामाग्नि उद्दीपित हुई। पृथ्वीराज ने भी यज्ञ विध्वंस करने के लिये (वित्रहन[1] देश) पर चढ़ाई कर दी। और षिषिंदपुर के शत्रु समूह (बालुकाराय और उसकी सेना) का संहार कर दिया। षिषिंदपुर निवासी स्त्रियों की बड़ी दुर्दशा है। आंखों से आंसू बह रहे हैं। शोक के कारण सब ने आभूषण उतार कर फेंक दिये हैं। चंद्रवदनी रमणियां पिय पिय पुकारतीं हुई जंगलों को ओर भागी जा रही हैं और कहती हैं कि "विधाता को वाम करने के लिये पृथ्वीराज से शत्रुता क्यों ठानी"। जयचन्द के दरबार में भी इस विनाश का पुकार हुई। ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों का गायन बंद कर दिया। अत: यज्ञ कार्य[2] में विघ्न पड़ गया।

संयोगिता ने अपनी सखियों से कहा :—"मैंने पृथ्वीराज को वरण करने का व्रत लिया है, यदि पृथ्वीराज से मेरा विवाह न हुआ तो मैं गंगा में डूब मरुंगी।" जयचंद ने संयोगिता की ऐसी प्रतिज्ञा सुनकर उसको समझाने के लिये साम, दान, भेद तथा दण्ड नीति में निपुण तथा विवेक-शीला दूती को उसके पास भेजा। दूती, कलकण्ठी तथा वाग्वैदग्धा

---

1. वृहद् सांस्करण में "षिषिंद" लिखा है। यहां जयचन्द का भाई 'बालुकाराय रहता था। यहां युद्ध वर्णन नहीं, केवल मात्र नगरध्वंस का संकेत है।
2. यज्ञ विध्वंस, संकेत द्वारा ही वर्णित है, यहां युद्ध का वर्णन नहीं है।

थी। इस के अतिरिक्त वह सुन्दर इतनी थी कि (दर्शकों) के मूर्च्छित काम को उद्दीपित करती थी। परन्तु दूती संयोगिता को समझाने में सफल न हुई।

पुनः जयचन्द ने उसकी धाया को उस के पास भेजा परंतु संयोगिता ने उत्तर दिया—"कै गंगहि संचरौं कै पाणि गहौं पृथ्वीराज"। हार कर जयचन्द ने संयोगिता को गंगा तट स्थित एक ऊँचे महल में कैद कर दिया।

जयचन्द का प्रताप-तेज इतना था कि दिल्ली भी भय से कांपती थी। जिस प्रकार तालाब में पानी के कम हो जाने से मछलिएं कम हो जाती है इसी प्रकार पंग भय से दुर्जन कम होते है। (छठा खण्ड समाप्त)

सप्तम खण्ड

कैमास को राज्य भार सौंप कर सम्राट् पृथ्वीराज स्वयं (दुर्गावन में) मृगयार्थ चला गया। मेधावी कैमास ने दिल्ली-राज्य का कार्य संचालन बड़ी कुशलता से किया। वह शूरवीर इतना था कि उसनें परिहारों को विजय किया, शहाबुद्दीन को बांधा, और गुजदशाधिपति भीमदव को परास्त किया। इसके अतिरिक्त कैमास ने बुद्धिमत्ता तथा शूरवीरता के बहुत से काय किये। इसी कैमास की बुद्धि दासी कर्नाटी के प्रेम में आसक्त हो नष्ट हो गई। दैव की विचित्र गति है, इधर भादों की काली रात्रि में पृथ्वीराज मृगया में मस्त था और उधर कैमास कर्नाटी के साथ विषय भोग में आसक्त था। यही रात्रि कैमास के लिये "कालरैन" हो गई। (रानी इंच्छिनी ने कैमास की इस काम क्रीड़ा को अपने महल से देखा) एक चतुर दासी द्वारा कैमास की इस काम क्रीडा की सूचना तत्काल ही पृथ्वीराज के पास पहुँचा दी गई। पृथ्वीराज ने उसी समय इंच्छिनी के महल में पहुँच कर अपनी आंखों से कैमास की विषय लोलुपता को देखा। (कर्नाटी का महल रानी इंच्छिनी के महल के बिलकुल समक्ष ही प्रतीत होता है) पृथ्वीराज ने क्रोधित होकर, कैमास पर बाण चलाया। पहला बाण निशाने से चूक गया, दूसरे बाण से कैमास की मृत्यु हो गई। दम तोड़ने हुये कैमास ने यह समझा कि (कलियुग में) स्वामी के बिना ऐसा बाण न दशरथ का हो सकता है और न अर्जुन का, कैमास के शव को

वहीं (कर्नाटी-प्रासाद के आंगण में) भूमि में गाड़ दिया गया। पृथ्वीराज पुनः मृगयार्थ वन में चला गया। उधर कबि चन्द को स्वप्न में हंस वाहिनी देवी की कृपा से यह सब बृतान्त ज्ञात हो गया।

दूसरे दिन प्रातःकाल ही पृथ्वीराज राज-दरबार में अपने सामंतों के मध्य तारागण में चन्द्रमा के समान शोभित हैं। (परंतु दरबार में कैमास उपस्थित नहीं है) चन्द कवि ने दरबार में उपस्थित होकर पृथ्वीराज का शौर्य पराक्रम, अनेक शत्रुओं पर विजय, चौहान वंश वर्णन, (माणिक राय के दस पुत्रों का वर्णन) चावंड राय का हाथी को मारना तथा उसको पृथ्वीराज द्वारा पांवों में बेड़ी डाल कर कारावास में डालना आदि अनेक प्रसंगों का संकेत कर पृथ्वीराज का स्तुति गान किया। पृथ्वीराज ने कवि चन्द से प्रश्न किया :—"कैमास कहां है ? या तो कैमास का पता बताओ अन्यथा अपनी "वरदाई" पदवी छोड़ दो"। चहुवान ने इस बात के लिये बहुत हठ करके मानों सांप के मुंह में अंगुलि दे दी हो— "अंगुलि मुषह फनिंद"। कवि ने उत्तर दिया "पहला बाण जो पृथ्वीराज ने कैमास पर छोड़ा वह केवल कवच को बींध सका और चूक गया। दूसरे बाण से कैमास की मृत्यु हो गई। उसके शव को गढ़ा खोद वहीं कर्नाटी के महल में दबा दिया गया। इस प्रलय (पाप) का कहां निपटारा होगा"। भट्ट कवि के वचन सुनकर संभरि नरेश तथा सब सामंत विस्मित तथा शोकग्रस्त, अपने अपने महलों में चले गये। यह बात सर्वत्र फैल गई, यहां तक कि घरों में पति पत्निएं समस्त रात जाग कर इस बात की चर्चा करती रहीं। कवि भी राजा को धिक्कार कर अपने घर की ओर चल दिया। (कवि का मन इतना उदास था कि वह आत्म हत्या के लिये उद्यत हुआ) परन्तु उसकी स्त्री ने कवि को समझाया कि जीवन बड़ा अमूल्य है। इसी जीवन कीं रक्षा के लिये तथा मृत्यु को टालने के लिये हम धर्म का पालन, होम, यज्ञ तथा नवग्रहों आदि का पूजन-जप करते हैं। उधर पृथ्वीराज का मन भी बहुत उद्विग्न तथा शोकमग्न था। कवि ने राजा को समझाया कि तुम्हारी तरह ही श्री रामने रावण तथा बाली को मारा था। कैमास का शव (उसकी स्त्री) को सौंप कर अपने मन का शोक दूर करें। पृथ्वीराज ने कवि से कहा—कि हम (कन्नौज) में जयचन्द के पास जाना

चाहते है। मैं सेवक के रूप में तुम्हारे साथ चलूंगा। उस से युद्ध करेंगे (तो चित्त और तरफ लगेगा) कवि ने भी स्वीकृति दे दी। पृथ्वीराज प्रसन्न हुए। (सप्तम खण्ड समाप्त)

अष्टम खण्ड

पृथ्वीराज ने अपने सामंतों को कन्नौज यात्रा के लिये तैयारियां करने की आज्ञा दे दी। निदान, संभरि नरेश ने संवत् ११६१ चैत्र तृतीया रविवार को ग्यारह सौ घुड़सवार, सौ सामंत तथा कविचन्द को साथ ले कर कन्नौज की ओर प्रस्थान कर दिया। (यहां पर कवि ने कुछ सामंतों के नाम तथा उनकी शूर वीरता का वर्णन किया हैं, जिन में से जैतपरमार[1], चंद पुण्डीर, बड़ गुज्जर, कूरम्मराव, हाहुलिराय, चालुक्कराय तथा परिहारराय आदि प्रमुख हैं) आकाश धूलि से आच्छादित हो गया। ये सौ सामंत ही जयचन्द की एक लाख सेना का मुकाबला करेंगे। मार्ग में कुछ अपशकुन दिखाई दिये तो पृथ्वीराज ने कविचंद से इन के फलाफल पर प्रकाश डालने के लिये प्रश्न किया। कवि ने उत्तर दिया कि यदि मार्ग में बिना तिलक के ब्राह्मण, काला घोड़ा, बिना विभूति के योगी तथा गधे पर सवार नंगे सिर कुम्हार सम्मुख मिले तो कुछ न कुछ उपद्रव अवश्य होता है। सिर पर दाहिनी ओर कोई पक्षी बोले तथा बाएं स्यार बोले अथवा सम्मुख शव मिले, जल पूरित कलश, उज्ज्वल वस्त्रधारी पुरुष, दीपक, अग्नि आदि सम्मुख मिलें तो ये शकुन शुभ होते हैं। कवि तथा सामंतो सहित पथ्वीराज ने नावों द्वारा यमुना को पार किया। यहां एक सुन्दर महल के समीप एक विलक्षण दृश्य दिखाई दिया। एक स्त्री जिस के एक हाथ में अनार की शाखा है, मुख में हंसी परन्तु नेत्र क्रोध से आरक्त है, वक्षस्थल पर कमल, कनेर और सिरोष के फूलों की माला धारण किये हैं। उसके बाएं अंगों पर स्वर्णाभूषण सज्जित हैं तथा दाएं अंगों पर लोहाभूषण; शिर के आधे केश खुले हैं और शेष का जूड़ा बधा है जूड़े वाले भाग पर मोतियों की माला शोभित है, श्वेत तथा पीत वस्त्र धारण किये हुये हैं और उसके मुख में से सर्प की सी फुंकार निकल रही

---

1. **कैमास की मृत्यु के पश्चात् जैतपरमार पृथ्वीराज का प्रधान मंत्री बना।**

है। पृथ्वीराज ने इस प्रकार की विलक्षण स्त्री के सम्मुख मिलने का कारण कविचंद से पूछा। कवि ने उत्तर दिया कि यह भगवती देवी है और हमारी विजय का शुभ शकुन है। (इस के अतिरिक्त इस प्रसंग में कुछ और शकुने विचारों का वर्णन है) इस प्रकार तीन रात-दिन चलते २ सूर्य उदय होते ही पृथ्वीराज अपने दलबल सहित कन्नौज के समीप जा पहूँचा।

कन्नौज नगर के मंदिरों पर स्वर्ण कलश सूर्य-किरणों में झिलमिला रहे हैं। कहीं हाथी तथा घोड़ों की ठेल-पेल है तो कहीं पर ब्राह्मण प्रातः कालिक संध्या के लिए गंगा तट की ओर जा रहे हैं। कहीं पर तपस्वी ध्यान मग्न हैं तो कहीं पर स्वर्णादि का दान हो रहा हैं। इस प्रकार गंगा तट पर पवित्र आचरण देखने से शरीर के सब पाप नष्ट हो जाते हैं। इस प्रकरण में कवि ने गंगा स्नान तथा ब्रह्म कमण्डल से गंगा की उत्पत्ति का सुन्दर चित्रण किया है। इसके अतिरिक्त गंगा तट पर जल भरती हुई सुन्दर रमणियों का हृदयस्पर्शी तथा शृंगारिक वर्णन है। इसी गंगा के तट पर पृथ्वीराज ने अपने दल बल सहित पड़ाव डाल दिया। चन्द कवि (साथी-"षवास" वेष में पृथ्वीराज है) पूच्छता पूच्छता जयचंद दरवार की ओर चल दिया। मार्ग में कन्नौज नगर के बाज़ारों का जिन में विविध मणिमाणिक्य तथा स्वर्णादि का व्यापार हो रहा है, कवि ने आँखों देखा वर्णन किया है। (अष्टम खण्ड समाप्त)

नवम खण्ड

कवि, जयचन्द-दरवार के द्वार पर जा पहुंचा। द्वारपालाध्यक्ष रघुवंशी हेजम कुमार ने चन्द को आसन देकर सादर पूछा—कि आप कौन हैं और कहां से आए हैं। कवि ने उत्तर दिया कि मैं सम्राट पृथ्वी राज का दरवारी कवि चंद दिल्ली से महाराजा जयचन्द का दरबार देखने के लिए आया हूँ। हेजम कुमार ने जयचन्द-दरबार में सूचना पहुँचा दी। सम्राट् जयचन्द ने दसौंधी भाट, चन्द को दरबार में लाने के लिए भेजा और कहा-- कि देखना कहीं कोई डफ बजाने वाला आडम्बर वेषधारी कवि न हो ऐसे कवियों को अर्थ, अनर्थ तथा रस आदि का कुछ भी ज्ञान नहीं होता।

यदि छः भाषाओं, नवरस, ज्ञान विज्ञान तथा काव्य का साङ्गोपाङ्ग ज्ञाता कोई विद्वान् कवि हो तो उसको मेरे पास लाओ। दसौंधी भाट ने द्वार पर जाकर कवि चन्द से उपर्युक्त विद्वत्ता की परीक्षा के लिये प्रश्न किया तो चन्द ने उत्तर दिया—"भारती वाणी के मुख-कमल, दाडिम के दानों के सदृश दान्त, स्थिर सून्दर नेत्र, शुक-नासिका, केसर के समान सूक्ष्म काले केशों की सर्पिणी सी गुंथी हुई वेणी तथा चन्द्रमा के समान सुन्दर मस्तक आदि छः अंगों से छः भाषाएं उत्पन्न हुई हैं"। कवि ने पुनः लक्ष्मीपति, द्रुपद सुता के चीर बढ़ाने वाले भगवान् कृष्ण का स्मरण कर के कहा कि गोपवर भगवान ने गज को ग्राह से छुड़ाया, राजा भान का मान रक्खा, विषाक्त को निर्विष किया और अर्जुन की सहायता कर कौरवों का नाश किया। मोह वश अर्जुन को अपने मुख में ब्रह्माण्ड दिखाकर उसका मोह दूर किया। वह अविनाशी भगवान् समस्त सृष्टि का कर्ता, पालन कर्ता तथा संहरता है। इसी परम पुरुष की, प्रकृति, भारती वाणी तथा लक्ष्मी दासी है। इसी लक्ष्मीपति भगवान् के मुख में निवास करने वाली भारती से छः भाषाओं तथा नवरसों की उत्पत्ति हुई है। दसौंधी भाट ने पुनः प्रश्न किया कि यदि आप "वरदाई" हैं तो कनवज्ज नरेश के दरबार का अदृष्ट वर्णन कीजिए। चन्द वरदाई ने उत्तर दिया, कि पंगु नरेश के शिर पर श्वेत रजत छत्र छहरा रहा है। शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित क्षत्रिय वीर तथा आसमुद्र प्रजा उस के आधीन है, परन्तु पृथ्वीराज उनके गले में, गरल के समान गड़ा हुआ है। दसौंधी भाट ने सहर्ष दरबार में उपस्थित हो, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि तथा समस्त नक्षत्रों में चन्द्र समान सुशोभित जयचन्द से निवेदन किया कि चन्द वरदाई, छहों भाषा, नवरस तथा काव्य कला का ज्ञाता और त्रिकाल दर्शी है। अन्ततः चन्द कवि ने दरबार में उपस्थित हो जयचन्द को आशीर्वचन कह उसकी कीर्ति तथा विरुदावली का बखान करते हुए कहा—कि आप ने अपनी शस्त्र सुसज्जित सेना के बल से समस्त पृथ्वी और धर्म-बल से दशों दिशाओं के दिग्पालों को जीत लिया है। शहाबुद्दीन गौरी सहित अन्यान्य समस्त नरेशों को कीर्तिहीन करके उनको आतंकित

कर दिया है। तिरहुत को विजय किया, आसेतुबंध समस्त दक्षिण देश को अपने वश में किया, कर्ण दाहल को दो बार बाँधा, सिद्ध चालुक्क को परास्त किया, तिलंगाना और गोलकुण्डा को अपने आधीन किया और गुण्ड, जीरा, और वैरागर प्रदेशों को विजय कर मुक्त किया। इस के अतिरिक्त सुलतान अपने भाई निसुत्तखां को दूत बना पर जिस के दरबार में रखता है ऐसे विजय पाल के सुपुत्र जयचन्द के क्रोध से समस्त संसार थरथर कांपता है, परन्तु पृथ्वीराज चौहान ही एक ऐसा नरेश है जो कि जयचन्द को कुछ नहीं समझता। अपने शत्रु पृथ्वीराज का नाम सुन कर जयचन्द के नेत्र रोषारक्त हो गए और उसने चन्द कवि से कहा कि तुम केवल मात्र एक याचक और दरिद्र हो, तुम्हारी ऐसी बातों से तुम्हारी दरिद्रता क्यों कर दूर हो सकती है। (यहां पर चन्द और जयचन्द में वरद्दिया-वरदाई शब्द पर एक रोचक वाद विवाद होता है) इसी प्रसंग में चन्द ने बातों ही बातों में अपने स्वामी पृथ्वीराज जो कि "षवास" (सेवक) के वेष में उसके समीप ही खड़ा था, के गुणों का वर्णन किया। इसी समय कर्नाटी[1] कुछ सहेलियों के साथ पानों का थाल हाथ में लिये दरबार में उपस्थित हुई। उसने ज्योंही सेवक वेष में चन्द के साथ खड़े पृथ्वीराज को देखा तो झट से घुंघट[2] निकालने लगी। कर्नाटी के इस आचरण को देख कर दरबार में सन्नाटा छा गया। सब के मन में संदेह हुआ कि चन्द के अनुयायियों में पृथ्वीराज अवश्य दरबार में है। किसी ने कहा कि पृथ्वीराज यहां कैसे हो सकता है। चन्द और पृथ्वीराज का मन एक है अतः यह (कर्नाटी) लज्जा[3] करती है। अन्त में सम्राट् जयचन्द ने कवि चन्द को आदर पूर्वक पान का बीड़ा दिया और कहा—कि तुम संकोच न करो, कल जो कुछ तुम मांगोगे

---

1 कर्नाटी, केवल पृथ्वीराज से ही घुंघट निकालती थी।

2 चंद ने कर्नाटी को घुंघट उठाने का संकेत किया तो उसने घुंघट उठा दिया।
(बृहद् संस्करण)

3 कैमास की मृत्यु के पश्चात् कर्नाटी पृथ्वीराज के भय से जयचन्द के दरबार में चली गई थी।

दूँगा। (दरबार विसर्जित हुआ)। जयचंद सात हज़ार शंखध्वनियों के साथ महल में चला गया।

जयचन्द ने राजा रावण नामक सामंत को बुलाकर आज्ञा दी कि वह नगर के पश्चिम प्रांत में कविचन्द के ठहरने का प्रबन्ध करे। स्वामी की आज्ञानुसार उसने ऐसा ही किया। पृथ्वीराज अपने सामंतों के मध्य उच्चासन पर शोभित है। सामंतों के पूछने पर कवि ने जयचन्द-दरबार का सब वृत्तान्त सुनाया। रात्रि को सब सामंत सो गए और पृथ्वीराज भी निःशंक पलंग पर सो गया। इसी रात को जयचन्द ने दूत द्वारा कविचन्द को नृत्य देखने के लिये बुलवा भेजा। चन्द अपने स्वामी को सुख की नींद में सोता हुआ छोड़कर पंगराज की नाटचशाला में जा पहुँचा। (यहां पर नाटचशाला तथा वेश्याओं के नृत्यादि का वर्णन है)। अगले दिन प्रातःकाल ही जयचंद ने अपने गुप्तचरों द्वारा सब भेद जानकर पृथ्वीराज को पकड़ने के लिये शिकार के बहाने सेना सजाली। (घोड़े, हाथी तथा सेना आदि का यहां विस्तृत वर्णन है) उधर पृथ्वीराज भी अपने सामतों सहित युद्धार्थ तैयार हो गया। कन्नौज में युद्ध के नगारे बज उठे और सर्वत्र कोलाहल मच गया। कमठ कलमलाने लगा, पृथ्वी हिल गई और प्रलय सी मच गई। देवतागण विमानों पर चढ़ कर रण कौशल देखने लगे। गंगा-तट स्थित महल[1] के झरोखों से सुन्दरियां पृथ्वीराज का रण चातुर्य देखने लगीं। संयोगिता ने पृथ्वीराज का शब्द सुना तो वह रोमांचित हो गई, स्वरभंग हो गया और शरीर पसीने से भीज़ गया। पृथ्वीराज ने भी संयोगिता को देख कर अपना घोड़ा उधर को ही घुमा लिया। संयोगिता भी एक दरिद्र की तरह ऋद्धि-सिद्धि प्राप्त कर पथ्वीराज के गले से लिपट गई। (यहां संयोगिता का शृंगारिक वर्णन है)। पृथ्वीराज के योद्धाओं ने पंग दल को युद्ध में रोके रक्खा, और पथ्वीराज स्वयं अस्सी लाख सेना को चीरता हुआ संयोगिता को साथ लेकर दिल्ली की ओर चल पड़ा। दोनों सेनाओं में अष्ठमी शुक्रवार, (दशम

1 जैसा कि छठे खण्ड में कहा गया है कि जयचन्द ने संयोगिता को गंगा-तठ स्थित महल में कैद कर दिया था।

खण्ड) नवमी शनिवार (एकादश खण्ड) तथा दशमी रविवार (द्वादश खण्ड) तीनों दिन रात घोर संग्राम होता रहा। दोनों दलों के योद्धा कन्ह चहुवान तथा जयचन्द का मंत्री सुमंत आदि इस युद्ध में खेत रहे। पृथ्वीराज के सौ सामंत तथा एक हजार योद्धाओं ने जयचन्द की अस्सी लाख सेना का मुकाबला किया। पृथ्वीराज ने चौथे दिन एकादशी को अपने राज्य की सीमा स्थित एक जंगल में पड़ाव डाला और जयचन्द दल हाथ मलता हुआ वापिस लौट गया। उपर्युक्त तीनों खण्डों में कवि ने तीन दिन के युद्ध का विशद वर्णन किया है। युद्ध की समता कहीं राम-रावण युद्ध से की है तो कहीं कंस, शिशुपाल-कृष्ण युद्ध से की है।

(नवम, दशम, एकादश एवं द्वादश खण्ड समाप्त)

त्रयोदश खण्ड

यमुना के किनारे (निगमबोध तट) पर पृथ्वीराज-संयोगिता का स्वागत करने के लिये दिल्ली नगर के आबाल वृद्ध नर-नारी उमड़े चले आ रहे हैं। अश्वारोही तथा हाथियों पर सवार सामंतों की चहल पहल है। दिल्ली नगर के समस्त भवनों के द्वारों पर बन्दनवारें लटक रही हैं, त्रयोदशी गुरुवार को संभरि नरेश ने अपने राज महलों में प्रवेश किया। जयचन्द ने भी विवश हो अपने पुरोहित (श्री कण्ठ) के द्वारा दहेज आदि दिल्ली भेज दिया। पृथ्वीराज संयोगिता का विधिवत् विवाह संपन्न हो गया।

रात्रि में आकाश तारागण से शोभित होता है, सरोवर कमलों से रणाङ्गण योद्धाओं से तथा संसार महिलाओं से शोभित होता है। पृथ्वीराज का अन्त:पुर पहिले ही सुन्दर रमणियों से शोभित था, संयोगिता के आ जाने से वह स्वर्ग बन गया। दम्पति युगल दाम्पत्य सुख भोगने लगा। ग्रीष्म ऋतु है। संयोगिता के महल में शीतलता उत्पादक साधन एकत्रित किए जा रहे हैं। अगरबत्ति के धूम्र रूप बादलों को देखकर मत्त मयूर नाचने लगे। राजमहल के उज्ज्वल कलश बिजली की तरह चमक रहे हैं। स्त्रियों का मधुर-गान दादुर ध्वनि को मात कर रहा है। नर्तकियों के गायन तथा नूपुर ध्वनि से रंग महल गुंजरित हो उठा। पृथ्वीराज-संयोगिता विलास रस में मग्न हैं।

एक दिन संयोगिता ने स्नान करके अपने काले कोमल केशों की वेणी गुंथी और उस पर सुगंधित फूल लगाए, माथे पर जड़ाउ बिंदिया आंखों में कज्जल, नाक में मोती और मुख में पान का बीड़ा रखा। सुन्दर वस्त्र तथा आभरण पहने तथा सोलह श्रृंगार किये वह पति के समीप पहुँची। लज्जावनत मुखी, कटाक्ष विक्षेप पूर्वक वह पथ्वीराज से लिपट गई। रति का आरम्भ हुआ। गुह्म अंगों का वर्णन नहीं हो सकता। भंवरा-भंवरी रति क्रीड़ा में एक रस हो गए।

ग्रीष्म व्यतीत हो गया, वर्षा-ऋतु आ पहुँची। भूमि लहलहा उठी, लता-द्रुम फल पुष्पों से प्रफुल्लित हो उठे। उद्यानों में झूले झूलने लगे। संयोगिता नित नूतन श्रृंगार कर पति के साथ रति क्रीड़ा में मग्न रहने लगी। (इसी प्रकार तीन मास बीत गए)।

एक दिन संवत् ११५२ असौज मास में पृथ्वीराज के मन में अपने सामतों की बल परीक्षार्थ (निगमबोध स्थान पर) जैत खम्भ आरोपण करने का विचार उत्पन्न हुआ। एतदर्थ नवदुर्गा की पूजा तथा होम यज्ञ होने लगा और भैसों की बलिएं दी गईं। पड़वा तिथि से दुर्गाष्टमी तक, आठ मुट्ठी मोटा, आठ हाथ ऊँचा और आठों धातुओं को मिला कर बनाया हुआ जैत खम्भ तैयार हो गया।

चंद सेन पुण्डीर (जोकि कन्नौज की लड़ाई में मारा गया था) का पुत्र धीर सेन पुण्डीर सौ सामंतों में से एक था। वह इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये अपनी आराध्या जालंधरी देवी की आराधना करने लगा। देवी ने प्रसन्न हो, धीर पुण्डीर को एक ही सांग के प्रहार से जैत खम्भ भेदन का आशीर्वाद किया। निदान, धीर पुण्डीर आठ दिन तक नवीन विधि से शक्ति की पूजा कर, कमर में तलवार, कंधे पर ढाल और हाथ में सांग लिये अपने घोड़े पर सवार हो परीक्षा स्थान पर जा पहुँचा। पृथ्वीराज की आज्ञा पाकर समस्त शूर सामंत खड्ग सांग तथा तीरों से जैत खम्भ का भेदन करने लगे, परन्तु उस अष्टधातु मिश्रित तीस मन वजनी कठोर खम्भ में केवल एक झरीट ही पड़ सकी। धीर पुण्डीर की सांग का एक ही बार जैत खम्भ के पार हो गया। पृथ्वीराज ने प्रसन्न होकर

हिंसार गढ़ सहित पांच हज़ार गांव एक झण्डा तथा बहुत से हाथी घोड़े आदि धीर पुण्डीर को पुरस्कार स्वरूप दे कर उसको सामंतों का सरदार नियुक्त कर दिया। उसने इस पुरस्कार को स्वीकार कर प्रार्थना की कि अब मेरा क्या कर्तव्य है ? पृथ्वीराज ने उत्तर दिया कि क्षत्रियों का युद्ध के अतिरिक्त और क्या कर्तव्य हो सकता है। शहाबुद्दीन को एक बार पुनः जीवित अवस्था में पकड़ना है। पुण्डीर ने ऐसा ही करने की प्रतिज्ञा की। धीर पुंडीर के इस सम्मान से अन्य समस्त सामंत ईर्ष्याग्नि में जलने लगे। जैत राय ने चावंड राय की ओर आंख से संकेत किया तो उसने हंस कर कहा :—"धीर ! "पातसाह" की रक्षा में असंख्य सेना रहती है उसे जीवित पकड़ना आसान काम नहीं, तुम केवल घर बैठे ही शेखी बघार रहे हों।" धीर पुंडीर ने उत्तर दिया—"मैं भी चन्द पुण्डीर का पुत्र नहीं यदि अपनी इष्ट देवी शक्तिमती के बल से शाहाबुद्दीन को जीता न पकड़ लूं।" चावंडराय ने पुण्डीर की इस प्रतिज्ञा की सूचना पत्र द्वारा शाह सुलतान के पास पहुँचा दी कि वह (जालंधरी देवी की पूजा के लिये कांगड़ा जा रहा है उसको वहीं पकड़ लिया जाए)। सुलतान ने तदनुसार आठ हज़ार गक्खरों को आज्ञा दी कि धीर पुण्डीर को छलबल से पकड़ लिया जाए। गक्खर सरदारों ने ऐसा ही किया और उस को कांगड़ा से पकड़ कर सुलतान के दरबार में उपस्थित कर दिया। बातों ही बातों में सुलतान ने पुण्डीर को लालच दिया परन्तु वह अपनी प्रतिज्ञा पर अडिग रहा। परिणामतः निश्चय हुआ कि सुलतान और धीर पुण्डीर के युद्ध में दो दो हाथ होंगे। शहाबुद्दीन ने तीन लाख सेना के साथ दिल्ली पर चढ़ाई कर दी। सेना में रूमी, गक्खर, तुरक तथा बलोल आदि जाति के सैनिक थे। धीर पुण्डीर भी दिल्ली आ पहुँचा। इधर पृथ्वीराज भी सुलतान के आक्रमण की सूचना पाकर उसका मुकाबला करने के लिये तैयार हो गया। इधर जैतराव तथा चावंडराय आदि सामंत ईर्ष्याग्नि में जल रहे थे। चन्द कवि के समझाने पर वे भी युद्धार्थ तैयार हो गए। (कवि ने यहां पर दोनों ओर को सेना, हाथी, घोड़े तथा शस्त्रास्त्रों के वर्णन के साथ साथ पक्षी-विपक्षी योद्धाओं के आक्रमण-प्रत्याक्रमण कौशल का विस्तृत वर्णन किया है)। अन्ततः धीर पुण्डीर ने सुलतान के अंगरक्षक

(शस्त्री) को मार कर उसे पकड़ लिया। युद्ध समाप्त हुआ। सुलतान शहाबुद्दीन से कुछ दण्ड लेकर उसे पुनः मुक्त कर दिया गया।

इतने में शिशिर ऋतु आ पहुँची। पृथ्वीराज पुनः महलों में जाकर संयोगिता के साथ विलासमय जीवन व्यतीत करने लगा। (यहां पर शिशिर वर्णन के साथ शृंगारादि वर्णन है। (त्रयोदश खण्ड समाप्त)

चतुर्दश खण्ड

एक दिन गजनी-शाह ने अपने प्रधान मंत्री तत्तार खां से पूछा कि क्या दिल्ली से कोई सूचना मिली तत्तार खां ने उत्तर दिया :—"हिन्दू पातसाह" ने जो हमारी बे-अदवी की है उसका बदला लेने के लिये दिल्ली पर चढ़ाई कर देनी चाहिए।" निर्णयानुसार कुछ दूत दिल्ली भेजे गए। दूतों ने पृथ्वीराज के सामंतो में आपसी फूट का समस्त भेद सुलतान दरबार में आकर प्रकट किया तो सुलतान ने दिल्ली पर चढ़ाई करने का "फुरमान" घोषित कर दिया।

इधर दिल्ली नगर निवासी तथा पृथ्वीराज के सामंत सुलतान के आक्रमण की सूचना पाकर व्याकुल हो उठे तथा घर घर इसी बात की चर्चा होने लगी। सामंतों की आपसी फूट, पृथ्वीराज की संयोगिता में आसक्ति के कारण-राज्य-कार्य से विरक्ति तथा सुलतान के आक्रमण से चिन्तित और व्याकुल कवि चंद, राज-पुरोहित गुरु राम के घर पहुँचे। विचार विमर्श के पश्चात् यही निश्चय हुआ कि पृथ्वीराज को सचेत करने के लिए अन्तःपुर में लिखित संदेश भेजा जाए। कवि-चंद ने एक दासी द्वारा पृथ्वीराज के पास संदेश भेजा जिस में उक्त विषय का ज़िकर किया और एक पद्यांश भी लिखा।

"गोरी रत्तो तुअ धरनी, तूं गोरी अनुरत"

अर्थात् सुलतान गौरी तुम्हारे राज्य पर लालायित है और तुम गोरी-संयोगिता में अनुरक्त हो। पत्र पढ़कर पृथ्वीराज क्रोध से तमतमा उठा। और उसने अपने शस्त्रास्त्र संभाले। संयोगिता ने क्रोध का कारण पूछा तो उत्तर मिला कि आज रात को मुझे एक स्वप्न आया है— "अन्य रानियों के मध्य में मैं तुम्हारे साथ बैठा हूँ और तुम सब रानियों

से लड़ने लग गई। इतने में आकाश से कुछ राक्षस उतर कर, तुम्हारा हाथ पकड़कर तुम्हें अपनी ओर खींचने लगे. तो तुम चिल्लाई और मेरी आंख खुल गई।"

राज पुरोहित गुरु राम को यह स्वप्न सुनाया गया। पुरोहित जीं ने इस दु-स्वप्न के अरिष्ट निवारणार्थ अभय पजर स्तोत्र का पाठ किया ब्राह्मणों को दान दिलवाया। कवि चंद ने देवी की अर्चना पूर्वक दशों दिशाओं में दस भैंसे बलिदान करवाए ।

चावंड राय[1] की बेड़ियां खोल दी गई। इस से सब को प्रसन्ता हुई। इसी समय पृथ्वीराज का बहनोई सामंत सिंह अपनी धर्मपत्नी पृथा (पृथ्वीराज की बड़ी बहिन) सहित दिल्ली (निगम बोध घाट पर) आ पहुँचा।

पृथ्वीराज ने स्वर्ण तथा हाथी घोड़े आदि देकर उनका स्वागत किया। कविचन्द ने विरुदावली कही। रूठे सामंतों को मनाया गया, विशेष कर चावंड राय की विरुदावली कह कर उसकी कमर में खड्ग बांध'कर उसे सम्मानित किया गया। सुलतान का मुकाबला करने के लिये तैयारियां होने लगीं। बड़गुज्जर,. जैतराय राम देवगुज्जर तथा अन्य समस्त सामंत युद्ध सम्बन्धी तैयारियों में संलग्न हो गए।

इधर दिल्ली नगर में अपशकुन दिखाई दिये। निगम बोध स्थान पर, तीस हाथ लम्बी, बारह हाथ चौड़ी और चौसठ अंगुल मोटी एक पाषाण शिला स्वयं हिलने लगी। सब विस्मित हो गए। किसी ने कुछ कहा तो किसी ने कुँछ। इतने में शिला के नींचे से एक भीमकाय देव निकला। चन्द कवि ने पूछा तुम कौन हो? देव ने उत्तर दिया:— "मेरा नाम वीरभद्र है। जव सती के अपमान से रुष्ट होकर महादेव ने दक्ष प्रजापति का यज्ञ विध्वंस करने के लिए अपनी जटाओं को फटकारा तो मेरी उत्पत्ति हुई। मैंने ही दक्ष यज्ञ का विध्वंस किया। यह सतयुग की बात है। मैंने द्वापर-त्रेता युगों में इन्द्र-वृत्रासुर, राम-रावण, कृष्ण

---

1 **चावंडराय को पृथ्वीराज का हाथी मार देने के अपराध में पावों में बेड़ियां डाल कर कारावा समें डाला हुआ था। (बृहद् संस्करण)।**

जरासंध आदि युद्धों को देख है। कौरव-पाण्डवों के युद्ध से लेकर आज तक मैं यहीं पड़ा हूँ। कोलाहल सुनकर मेरी आंख खुल गई। इस कोलाहल का क्या कारण है" ? चन्द ने उत्तर दिया :—"गज़नी का सुलतान दिल्ली पर आक्रमण के लिये आ रहा है। उसका मुकाबला करने के लिये तैयारियां हो रही हैं। अतः यह कोलाहल है"। वीरभद्र ने कहा— "मानवो ! तुम्हें इतना गर्व, मैंने देवासुरों के युद्ध देखे हैं"। अन्ततः कवि चंद ने पूछा कि इस युद्ध में क्या होनहार है ? वीरभद्र ने उत्तर दिया इस युद्ध का परिणाम अच्छा नहीं होगा। इस के पश्चात् कवि चन्द ने, जैत राव, प्रसंग राव, जामराय, रामराय, बलिभद्रराय तथा चावंड-राय आदि समस्त सामंतों का, उनकी विरुदावली तथा शौर्य पराक्रम वर्णन पूर्वक, वीरभद्र से परिचय करवाया। एतदनन्तर चावंडराय तथा जामराय के मध्य पृथ्वीराज की सेना तथा सुलतान सेना के बलाबल की तुलना तथा साम दान भेदादि नीति विषयक वाद विवाद होता रहा। इसी प्रकार सिंहपरमार, लोहाना आजान बाहु, गुरु राम, सामंतसिंह आदि में युद्ध विषयक विचार विमर्श चलता रहा। (चतुर्दश खण्ड समाप्त)

पञ्चदश खण्ड

सुलतान गौरी घरियारें बजाता हुआ अपने दल बल सहित सिंधु नदी के समीप आ पहुँचा। उस की सेना पावस के बादलों की तरह उमड़ती चली आ रही है। इधर पृथ्वीराज भी अन्तःपुर से चलने लगा तो उस की बांई आंख फड़कने लगी। संयोगिता अपने प्रियतम को शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित युद्ध में जाते देख चित्रलिखित सी रह गई और एक टक पृथ्वीराज की ओर देखती रही। हृदय में करुणा उमड़ पड़ी और वह संज्ञा हीन हो गई। परन्तु अब पृथ्वीराज रुकने वाले नहीं थे। युद्ध के नगाड़े बज ही रहे थे। हिन्दु सेना ने कूच का नगाड़ा बजा दिया ! संयोगिता के मन में आभास हुआ कि अब प्रियतम से रवि मंडल (स्वर्ग) में ही मिलना होगा। हिन्दु नारियों का यही धर्म है।

शहाबुद्दीन गौरी सिंधुनद पार कर आगे बढ़ता चला आ रहा है। इधर हिसार गढ़पति पावस पुण्डीर[1] (धीर पुंडीर का पुत्र) ने पृथ्वीराज

1. पावस पुण्डीर ने पृथ्वीराज से बागी होकर लाहौर नगर को लूट लिया था। (बृहद् संस्करण)

से आकर क्षमा मांगी और स्वामी धर्म का पालन करते हुए रणक्षेत्र में जूझ मरने की प्रतिज्ञा की। पृथ्वीराज ने कवि चन्द को कांगड़ा से हाहुलि राय को मनाकर युद्ध में सहायक होने के लिये भेजा। कविचन्द आज्ञानुसार कांगड़ा पहुँचा। हम्मीर ने आवभगत की और कुशल क्षेम पूछी कवि ने कहा—कि और तो सब ठीक है पर सुलतान गौरी ने पृथ्वीराज पर आक्रमण कर दिया है। पृथ्वीराज अपनी सेना सहित पानीपत के मैदान में जा पहुँचा है। तुम्हें यही उचित है कि क्षत्रिय तथा स्वामी धर्म का पालन कर अपना जन्म सफल करो। इस के अतिरिक्त कवि ने उस को बहुत समझाया, परन्तु उस के कान पर जूं तक न रेंगी। वह तो लालच में फंसा था। (गौरी की विजय होने पर पंजाब का आधा भाग हाहुलिराय को मिलना था) अतः हाहुलिराय[1] के दिल में कपट था। वाद-विवाद के पश्चात् यही निश्चय हुआ कि देवी जालपा के मन्दिर में जाकर देवी की आज्ञानुसार इस प्रश्न का निर्णय हो। इस प्रकार कपट से हाहुलिराय ने कवि चन्द को देवी के मन्दिर में कैद कर दिया और स्वयं चालीस हज़ार सेना और पांच हजार घुड़सवार ले कर शहाबुद्दीन से जा मिला। भेंट में उसने कस्तूरी, केसर तथा अन्य अनेक पदार्थ दिए। विधिगति बलवान् है। लोभवश उसने अपने सनातन स्वामी और गौ ब्राह्मण का पक्ष छोड़, अपना देश तथा धर्मशत्रु शहाबुद्दीन को अर्पित कर दिया।

शहाबुद्दीन का दल पानीपत के मैदान की ओर बढ़ता चला जा रहा है। उसने तत्तारखां खुरासान खां, रुस्तम खां, मारूफखां तथा कमाल खां आदि अपने सरदारों से कहा—कि मैं कई बार दुश्मन से हार चुका हूँ। वैसे शत्रु अपनी फूट के कारण निर्बल हो चुका है। फिर भी होशियार तथा शौर्य-पराक्रम से युद्ध संचालन करना है। सरदारों ने सब प्रकार से सुलतान को विश्वास दिलाया। सुलतान की (तीन लाख) सेना युद्धक्षेत्र की ओर बढ़ी। पृथ्वीराज की सत्तर हज़ार सेना व्यूहाकार में युद्ध के लिये तैयार हो गई। सावन मास की अमावस्या को पूर्व-पश्चिम से दोनों सेनाओं की मुठभेड़ हुई। (पंचदश खण्ड समाप्त)

1. हाहुलि राय पृथ्वीराज से इस लिये असंतुष्ट था कि दिल्ली दरबार में पृथ्वीराज के चाचा कन्ह चौहान ने उस का अपमान कर दिया था (बृहद् संस्करण)

षोड़स खण्ड

दोनों ओर के योधा कट कट कर मरने लगे। एक एक राजपूत वीर ने शाही फौज के सैकड़ों योद्धाओं को मार कर वीर गति प्राप्त की। रक्त की धाराएं बह निकलीं। डंकिनियां रक्त पी पीकर उछलने कूदने लगीं। अप्सराएं[1] इच्छानुसार वरों की प्राप्ति से आनंदित हो उठीं। तीन दिन तक घमसान युद्ध होता रहा। राजपूत योद्धा एक एक कर वीर गति पाने लगे। पृथ्वीराज के प्रमुख सामंत–जैत राव, चावंड राय, प्रसंग राय खीचो, देवराय बग्गरी, सिंघराय परमार, वीरसिंह परमार, आजान बहु, बलिभद्र राय, पावस पुंड़ीर तथा सामंत सिंह आदि असंख्य मुसलमानी सेना का संहार कर वीर गति को प्राप्त हुए। सत्तर हजार सिपाही तथा हाथी–घोड़े खेत रहे। पृथ्वीराज को पकड़ लिया गया। कांगड़ा स्थित जालंधरी देवी के मन्दिर में वीरभद्र ने शिव जी को इस युद्ध का समस्त वृत्तान्त सुनाया। (षोडस खण्ड समाप्त)

सप्तदश खण्ड

दिल्ली के राज महलों में एक चील ने पृथ्वीराज को चंवर डुलाने वाले "षवास" (सेवक) की एक कटी हुई भुजा ला कर फेंक दी। डंकिनी ने प्रकट हो कर युद्ध वर्णन पूर्वक पृथ्वीराज के पकड़े जाने की कथा संयोगिता को सुनाई। पृथ्वीराज की पराजय का वृत्तान्त सुनते ही संयोगिता के प्राण पखेरू उड़ गये। पृथा सहित अन्य क्षत्राणिएं सती हो गईं।

(सप्तदश खण्ड समाप्त)

अष्टादश खण्ड

उधर जालंधरी देवी के मन्दिर में बंदी कवि चन्द ने वीरभद्र के मुख से, सुलतान द्वारा पृथ्वीराज के पकड़े जाने को तथा गजनी ले जाकर उसे 'अंष विहीन' करने का वृत्तान्त सुना। कवि का हृदय फट गया। व्याकुल हो वह अपने आप को संभाल न सका। उसका मन माता पिता, मित्र-बन्धु तथा सांसारिक माया मोह से विरक्त हो गया। शोकग्रस्त

---

1. युद्ध स्थल में लड़ते लड़ते मरने से स्वर्ग प्राप्ति होती है अतः जो योद्धा वीरगति प्राप्त करके स्वर्ग में पहुँचते हैं उनको अप्सराएं वर लेती हैं।

कविचन्द दिल्ली पहुँचा । नगर की दुर्दशा देखी । घर में अपनी स्त्री से भी पृथ्वीराज की पराजय का समाचार सुना । (अष्टादश खण्ड समाप्त)

नवदश खण्ड

जोगी वेष धारण कर, तन पर विभूति तथा शिर पर जटाएं बांध कविचन्द ने गजनी को जाने वाले मार्ग का अनुसरण किया । कवि के मन में यही विचार था कि कब गजनी पहुँच कर अपने स्वामी तथा सखा का उद्धार करूं । तीस दिन तक, भूखा प्यासा कवि गहन बनों में विचरता रहा । एक दिन पिपासा के कारण जल की खोज में एक वट वृक्ष के नीचे बैठा तो उसने सिंह वाहिनी हंसती हुई एक तरुणी को देखा । उसकी हंसी ऐसी थी मानों धुएं में अग्नि का प्रकाश हो । यह साक्षात् कवि की आराध्या देवी थी । चन्द ने मस्तक झुकाया । देवी ने उसकी उदासीनता को दूर करने के लिए कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है, जीवन नश्वर है, अतः शोक किस लिए ? एतदनन्तर देवी ने अपने आंचल से एक चीथड़ा फाड़ कर कविचन्द के शिर पर बांध दिया और उसको अपने ध्येय में सफलता प्राप्ति का आशीर्वाद दिया । भूख प्यास को सहन करता हुआ कविचन्द गज़नी पहुँच गया । गज़नी में विजय के उपलक्ष में खुशियां मनाई जा रही थीं सुलतान शहाबुद्दीन का प्रताप मध्याह्न सूर्य के समान था । नगर में योद्धाओं के आवागमन की चहल पहल थी । कोई बज़ू कर रहा था, कोई नमाज़ तो कोई कुरान पढ़ रहा था । नगर को देखता हुआ कविचन्द सुलतान दरबार के द्वार पर जा पहुँचा । कनक–दण्डधारी द्वारपालों ने उस को भीतर नहीं जाने दिया । वह नगर में इधर उधर घूमता रहा । मध्याह्न ढलते ही शहाबुद्दीन हदफ (पोलो) खेलने के लिये हाथी पर सवार हो कर महलों से बाहर निकला । उसके साथ जड़ाउ काठियों से सुसज्जित बहुमूल्य घोड़ों पर चढ़े हुये रूमी रूहेला, गक्खर, खुरासान, हबशी तथा ईरानी आदि विभिन्न जगहों के सरदार थे, कविचन्द ने हाथ उठा कर सुलतान को स्तुति पूर्वक आशीर्वाद दिया और अपना परिचय देकर कहा :—"मैं और पृथ्वीराज एक ही समय जन्मे और साथ साथ हमारा पालन पोषण हुआ । मैं ने सुना है आपने पृथ्वीराज को "अंषहीन" कर दिया है । यदि एक बार मुझे उनके दर्शन करवा दो तो फिर मैं

बद्रिकाश्रम की ओर चला जाऊंगा। सुलतान ने उत्तर दिया कि तुम कल दरबार में हाजिर होना। हुज्जाबखां को आज्ञा दी गई कि कविचन्द के आतिथ्य सत्कार का उचित प्रबंध कर दिया जाये। तदनुसार (भीम नामक) खत्री के घर कवि की रिहायस आदि का प्रबंध हो गया। चन्द ने अपनी आराध्या देवी की अर्चना तथा होम के लिये इच्छित सामग्री मंगवा कर एकान्त स्थान में आराधना आरम्भ कर दी। देवी ने प्रसन्नता पूर्वक प्रकट हो कर कहा :—"मांग, क्या मांगता है"। कवि ने उत्तर दिया कि कहां तो तपते सूर्य के समान सुलतान शहाबुद्दीन और कहां भूमि पर लुढ़कने वाला मैं फकीर। परं तू सर्वान्तरयामिनी तथा सर्वशक्तिमती है। मेरी यही अन्तिम अभिलाषा है कि मैं अपने बालसखा तथा स्वामी पथ्वीराज का उद्धार कर अपना अपयश धो सकुं। "तुम्हारी इच्छा पूर्ण हो" इतना कह कर देवी अन्तर्धान हो गई।

शाही दरबार सज गया। प्रधान मंत्री तत्तार खां के साथ अन्य समस्त दरबारी उपस्थित हैं। कविचन्द भी हाजिर हुये। कवि ने प्रार्थना की कि बाल्यावस्था में मैं और पृथ्वीराज साथ साथ खेला करते थे तो एक दिन पृथ्वीराज ने मुझे शब्द वेधी बाण द्वारा सात घरियारें बींधने की प्रतिज्ञा की, परंतु उसकी यह प्रतिज्ञा अभी तक पूरी नहीं हो सकी। सुलतान कवि की बात सुनकर हंसा और कहा कि "अंषहीन" पृथ्वीराज से अब ऐसा क्यों कर हो सकता है? चन्द के आग्रह पर सुलतान ने "फुरमान" जारी करते हुए कहा कि हमें तुम्हारी बात मंजूर है। हम भी तमाशा देखेंगे।

कवि को पृथ्वीराज के पास पहुँचा दिया गया। चंद क्या देखता है कि वीर शिरोमणी पृथ्वीराज चक्षु विहीन है। चिन्ताप्रज्ज्वलित शरीर मलिन अवस्था में पड़ा है। वरदाई ने आशीर्वाद देकर कहा: "आप ने भीमदेव चालुक्य को परास्त किया, आजानबाहु तथा अर्जुनराय को बांधा और पंग नरेश का यज्ञ विध्वंस किया। क्या आप वही सोमेश सुत संभरि नरेश हैं"? पृथ्वीराज के जर्जरित शरीर ने कुछ बल पकड़ा और वह संभला। कवि ने पुनः कहा :—"तुम्हें वह अंधेरी रात स्मरण है कि जब तुम ने एक ही बाण से उल्लू को मार गिराया था और इस प्रकार के शब्द बेधी बाण से सात घरियारें भेदने की प्रतिज्ञा

की थी। निदान, पृथ्वीराज प्रोत्सहित हुआ और दोनों सुलतान दरबार में जा उपस्थित हुए। घरियारें तैयार हो गई। तत्तार खां ने इस समय सुलतान को सावधान किया कि शत्रु पर विश्वास नहीं करना चाहिये। परन्तु उसने तत्तार के सुझाव को हंसी में टाल दिया।

पृथ्वीराज रंगभूमि में खड़ा हो गया। कमान उसके हाथ में थाम दी गई। पृथ्वीराज प्रसन्न था। कवि ने कहा :—"पृथ्वीराज! इस समय तुम्हारे सम्मुख समस्त सामग्री प्रस्तुत है, हाथ में हथियार, सम्मुख घरियार तथा बांई ओर सुलतान विराजमान है। अपने हृदय की कमान को दृढ़ कर लो। इससे लोक परलोक सुधर जायेंगे। अब सोचने का समय नहीं बाण संधानिए।" इतना सुनते ही पृथ्वीराज ने कमान दृढ़ता से संभाली। चंद ने पुनः उत्तेजित करते हुये कहा :—"राजन्! राम ने एक ही बाण से रावण को मारा था, अर्जुन ने कर्ण का शिर भी एक ही बाण से उड़ाया था और एक ही बाण पर बिठा कर भरत ने हनुमान को मूर्छित लक्ष्मण के पास पहुँचा दिया था। संभरि नरेश! तुम्हें भी दूसरे बाण की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए"।

शहाबुद्दीन के प्रथम शब्द पर पृथ्वीराज ने प्रत्यंचा खींच ली, दूसरे शब्द पर वह अडिग तथा अकड़ कर खड़ा हो गया और कर्णपर्यन्त कमान खींच ली। बादशाह के मुख से तीसरा शब्द निकलते ही पृथ्वीराज ने बाण छोड़ दिया जो कि शहाबुद्दीन के ठीक जबाढ़ें में जा धंसा, दांत-जीभ को बींध कर तालु को फोड़ कर पार हो गया। वह पृथ्वी पर मिट्टी में लुढ़कने लगा। दरबार में खलबली मच गई। चंद कवि ने क्षण में छुरी से अपने दो टुकड़े कर दिए और वही छुरी (मरते मरते) पृथ्वीराज को दे दी। हंसा उड़ गया, ज्योति, ज्योति में समा गई। आकाश से देवता गण पुष्प-वर्षा करने लगे।

कविचंद ने सुधारस सदृश नवरस-शृंगार वीर करुणादि रसों से युक्त रासो की रचना की।

संसार में शरीर, धन, स्त्री, सुर, नर, वापी, कूप-अर्थात् समस्त जड़ चेतन पदार्थ नश्वर हैं, केवल अमर अक्षर—काव्य तथा गल्हां—यश अमर रहते हैं।

———

चतुर्थ अध्याय

ऐतिहासिकता

कथानक में इतिहास और कल्पना

ऐतिहासिक[1] दृष्टि से अजमेर तथा दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान तथा सुलतान शहाबुद्दीन गौरी में प्रथम युद्ध कुरुक्षेत्र भूमि से १४ मील दूरी पर तरौड़ी नामक गांव के मैदान में सन् ११९१ में हुआ। कन्नौज नरेश जयचंद के सिवाय राजपूताने के समस्त राजाओं ने इस युद्ध में पृथ्वीराज का साथ दिया। क्योंकि संयोगिता को भगा ले जाने के कारण जयचन्द पृथ्वीराज से रुष्ट था। इस युद्ध में राजपूत योद्धाओं ने पृथ्वीराज के नेतृत्व में भयंकर युद्ध किया। परिणामतः सुलतान गौरी की सेना में भगदड़ मच गई। पृथ्वीराज के भाई गोविंद राय ने सुलतान को ऐसी करारो सांग मारी कि वह जख़मो होकर युद्ध क्षेत्र से भाग निकला। शौर्य व तेज से हीन होकर सुलतान गज़नी पहुँचा। इस पराजय का बदला लेने की इच्छा से उसने दुबारा युद्ध की तैयारियां प्रारम्भ कर दीं। परिणाम स्वरूप सन् ११९२ में उसी तरौड़ी गांव के मैदान में सुलतान और पृथ्वीराज की सेनाओं में मुठ भेड़ हुई। यद्यपि इस युद्ध में पृथ्वीराज के १५० राजपूत सामंत अपनी सेनाओं सहित सहायक थे। परंतु सुलतान की भारी भरकम सेना के सम्मुख तथा राजपूत सामंतों में पारस्परिक फूट के कारण पृथ्वीराज की सेना के पांव उखड़ गए। पृथ्वीराज समरांगण से भाग निकला। परंतु वह सरस्वती नदी के किनारे (संभवतः कुरुक्षेत्र के समीप) सुलतानी सेना के सिपाहियों द्वारा एक गांव से पकड़ा गया और वहीं मार दिया गया। इसके दो बर्ष पश्चात् सन् ११९४ में सुलतान ने कन्नौज पर चढ़ाई कर दी और देश द्रोही जयचन्द भी इस युद्ध में मारा गया। प्रबंध संग्रहान्तर्गत "जयचन्द प्रबंध" के अनुसार वह इस पराजय से आत्मग्लानि के कारण गंगा में डूब कर मर गया।

---

1 देखो—"शार्ट हिस्टरी आफ मुस्लिम रूल इन इण्डिया" पृष्ठ ९८ डा० ईश्वरी प्रसाद।

चन्द कवि ने इन्हीं ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर रासो (सम्भवत: लघु संस्करण) की रचना की। यह तो निःसंदेह कहा जा सकता है कि प्रस्तुत प्रति में वर्णित स्थान, प्रधान पात्र तथा मध्यकालीन सामाजिक. राजनैतिक तथा धार्मिक वातावरण सामयिक तथा ऐतिहासिक हैं। जहां कहीं कवि ने इतिहास के विरुद्ध कल्पना का प्रयोग किया है तो वह केवल काव्य को उत्कृष्ट रूप देने के लिये अथवा अपने काव्य-नायक-पृथ्वीराज की प्रतिष्ठा के लिये है।

ऐतिहासिक विश्लेषण

रासो की प्रस्तुत प्रति में मुख्य घटनाएं निम्नलिखित हैं—

१—ब्रह्मा के यज्ञ से माणिक्य राय चौहान की उत्पत्ति।

२—पृथ्वीराज का खट्टुवन में धन प्राप्त करना तथा अनंगपाल द्वारा गोद लिया जाना।

३—भीमदेव चालुक्य से आबू तथा नागौर के निकट युद्ध।

४—कैमास बध।

५—संयोगिता हरण तथा जयचन्द से युद्ध।

६—जैत खम्भारोपण एवं धीर पुंडीर द्वारा शहाबुद्दीन गौरी का पकड़ा जाना।

७—पृथ्वीराज और शहाबुद्दीन गौरी में युद्ध।

(क) प्रथम युद्ध—जब पृथ्वीराज भीमदेव चालुक्य से युद्ध कर रहा था।

(ख) द्वितीय युद्ध जिसमें सुलतान गौरी धीर पुंडीर के हाथों बन्दी हुआ।

(ग) अन्तिम युद्ध—जिसमें पृथ्वीराज स्वयं बंदी हुआ।

८—शब्दवेधी-बाण भेद खण्ड।

प्रस्तुत प्रति में मुख्यतया दो ही घटनाओं का विशेष रूप से वर्णन है, प्रथम पृथ्वीराज द्वारा संयोगिता हरण, द्वितीय पृथ्वीराज गौरी में युद्ध। अन्य घटनाएं गौण रूप में ही वर्णित हैं।

उपर्युक्त घटनाओं का ऐतिहासिक दृष्टि से संक्षिप्त विश्लेषण निम्नलिखित रूप से है :—

१—किसी भी ऐतिहासिक काव्य अथवा शिलालेख का इस बात से विरोध नहीं है कि माणिक्कराय चहुवान की उत्पत्ति ब्रह्मा के यज्ञ से नहीं हुई। "सुर्जन चरित[1]" "हम्मीर महाकाव्य[2]" तथा "पृथ्वीराज विजय[3]" महाकाव्य इस बात का समर्थन करते हैं कि ब्रह्मा के यज्ञ से ही प्रथम चौहान की उत्पत्ति हुई। प्रस्तुत प्रति में वृहद् संस्करणवत् प्रथम चौहान की उत्पत्ति अग्नि कुण्ड से नहीं हुई है। और इस प्रति में वर्णित चौहान वंशावली भी किसी आधार पर असत्य प्रमाणित नहीं होती।

२—सम्भव है खट्टु वन से पृथ्वीराज को धन प्राप्ति एक काल्पनिक घटना हो। और न ही यह घटना किसी भी रूप से कथा प्रवाह में सहायक अथवा चमत्कार ही उत्पन्न करती है।

पृथ्वीराज का दिल्ली गोद जाना इतिहास सम्मत नहीं है। अनंगपाल तोंवर का अपनी कनिष्ठा कन्या कमला का विवाह सोमेश्वर से करना तथा अपने दौहित्र पृथ्वीराज को अपने राज्य (दिल्ली) का उत्तराधिकारी नियुक्त करना दोनों काल्पनिक घटनाएं हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से उस समय न तो अनंगपाल दिल्ली का राजा था और न ही उसकी पुत्री कमला का विवाह सोमेश्वर से हुआ। इस समय दिल्ली का राज्य तो पहले से ही सोमेश्वर के छोटे भाई विग्रहराज (चतुर्थ) ने अपने राज्य (अजमेर) के आधीन कर लिया था। सोमेश्वर का विवाह हैहयवंशी चेदिराज नरसिंह देव की कन्या कर्पूर देवा से हुआ और उसके गर्भ से दो पुत्र—पृथ्वीराज तथा हरिराज उत्पन्न हुए। इस कथन की पुष्टि 'हम्मीर महाकाव्य[4]' 'सुर्जनचरित[5]'

---

1. १६ वीं शताब्दी के प्रथमार्ध में एक बंगाली कवि द्वारा रचित संस्कृत काव्य।
2. ग्वालियर के राणा वोरम के दरबारी कवि नयचन्द सूरी द्वारा १ वीं शताब्दी में रचित ऐतिहासिक संस्कृत महाकाव्य।
3. पृथ्वीराज के दरबारी कवि जयानक की रचना।
4. इला विलासी जयतिस्म तस्मात्, सोमेश्वरोऽनश्वर नीति रीतिः।
   कर्पूरदेवीति बभूव तस्य, प्रिया (प्रिय) राधन सावधाना। हम्मी. म. का सर्ग २
5. शकुन्तलाभां गुणरूपशीलैः कर्पूरदेवीमुद्वाह विद्वान्। सु० च० सर्ग ६

तथा अन्य शिलालेखों[1] द्वारा प्रमाणित हो चुकी हैं।

इस कल्पना प्रसूत घटना से कवि ने जयचन्द–पृथ्वीराज में उत्कट वैमनस्य तथा वैर विरोध का बीजारोपण किया है। सम्भवतः पृथ्वीराज ने संयोगिता हरण भी इसी वैमनस्य के कारण किया हो।

३. पथ्वीराज-विजय' महाकाव्य के अनुसार पृथ्वीराज का मन्त्री कदम्बवास (कैमास) चालुक्यों को अपना शत्रु समझता था। "पार्थ-पराक्रम व्यायोग[2]" से भी यह विदित होता है कि पृथ्वीराज ने भीमदेव चालूक्यं के आधीन आबू के राजा धारावर्ष पर आक्रमण किया था। प्रस्तुत प्रति में इस राजा का नाम सलष परमार मिलता है। नाम में परिवर्तन सम्भव हो सकता है। स्वर्गीय डॉ० ओझा जी के अनुसार भीमदेव चालुक्य सं० १२३५ में गद्दी[3] पर बैठा और उस ने सं० १२९८ तक नागौर पर राज्य किया। पृथ्वीराज का राज्य[4] काल सं० १२२० से १२४८ तक है। बीकानेर रियासत के एक चारलू[5] नामक गांव में कुछ शिलालेख प्राप्त हुए हैं, जिस के अनुसार आहड और अम्बरा नामक दो चौहान सरदार सं० १२४१ में नागौर के समीप एक युद्ध में मारे गए। हो सकता है कि यह युद्ध पृथ्वीराज और भीम देव चालुक्य के बीच हुआ हो। जिनपाल उपाध्याय रचित खटतर गच्छ पट्टावली" में

---

1. विजोल्यां के वि० स० १२२६ के पांच शिला लेख, का. ना. प्र. पत्रिका भाग १ सं० १९७७ पृष्ठ ३७७-४५४ तथा "कोषोत्सव स्मारक संग्रह में डा. ओझा जी का लेख" रासो निर्माण काल पृष्ठ ३३-३९।
2. डॉ० दशरथ शर्मा का लेख "रासो (लघु संस्करण) की घटनाओं का ऐतिहासिक आधार"। राजस्थानी, कलकत्ता, जनवरी १९४० जिल्द ३
3. देखो राजपूताना म्यूजियम अजमेर में भीम देव का सं० १२९५ का एक शिला लेख—Indian Antiquary Vol. II P. 29
4. "१४वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मेरु तुंगाचार्य द्वारा रचित प्रबंध चिन्ता मणि" पृष्ठ ५४ "पृथ्वीराजः सं० १२३५ वर्षे राज्यं चकार सं० १२४८ वर्षे मृतः"।
5. An Inscription of Charlu Village (Bikaner) Rajasthan Bharati P.I., Vol. I, April 1936.

भी पृथ्वीराज और भीमदेव चालुक्य के युग का वर्णन मिलता है। अतः यह घटना ऐतिहासिक प्रतीत होती है कि भीम देव चालुक्य तथा पृथ्वीराज में सं १२४० के लगभग युद्ध हुआ था।

प्रस्तुत प्रति में पृथ्वीराज-भीमदेव में युद्ध का कारण सलय परमार कीं पुत्री तथा जैत परमार की बहन इंच्छिनी है। यद्यपि उक्त तीनों व्यक्ति इतिहास सम्मत नहीं है और काल्पनिक प्रतीत होते हैं। परन्तु वि० सं० १२८७ की वस्तु पाल मन्दिर की एक प्रशस्ति[1] से ज्ञात होता है कि उस समय आबू पर परमार-वंश का अधिकार था। एक और बात कि वृहद् तथा मध्यम संस्करणों कीं तरह प्रस्तुत प्रति में, इस युद्ध में भीभदेव की मृत्यु नहीं हुई, अपितु वह युद्ध से जीवित भाग गया।

४ जैसा कि ऊपर कहा गया है कि पृथ्वोराज विजय काव्य तथा खटतरगच्छ पट्टावली में पृथ्वीराज के मन्त्री कैमास का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। और इन काव्यों में कैमास की बुद्धि कुशलता तथा उसकी नीति निपुणता को भूरि भूरि प्रशंसा की गई है। श्री जिन विजय सूरी द्वारा सम्पादित प्रबन्ध संग्रहान्तगत पृथ्वोराज[2] प्रबन्ध में कैमास की मृत्यु संबंधी जो पद प्राप्त हुए हैं, इनसे पृथ्वीराज द्वारा कैमास की मृत्यु का प्रमाण भी मिलता है। "नैणसी ख्यात[3]" में पृथ्वोराज के एक सामंत की कथा कैमास बध आख्यान से मिलती जुलती है। अतः सिद्ध है कि कैमास एक ऐतिहासिक व्यक्ति है और प्रस्तुत प्रति में वर्णित कैमांस वध आख्यान ऐतिहासिक दृष्टि से सर्वथा निराधार नहीं है।

५. संयोगिता हरण तथा पृथ्वीराज जयचन्द युद्ध

इतिहास इस बात का साक्षी है कि पृथ्वीराज और जयचन्द परस्पर

---

1. देखो एपिग्राफिका इण्डिका Vol. ४ पृष्ठ २०४-१३
2. पुरातन प्रबंध संग्रह पृष्ठ ८६—"पृथ्वीराजस्यामात्यो दाहिमा जातीयः कंइवास नामा मंत्रीश्वरोऽस्ति"। नृपः (पृथ्वोराजः) मंत्रिणं (कंइवासं) हन्तुं बुद्धिमकरोत। राज्ञा दीपिकाभिज्ञानेन बाणमुक्तम् आदि।
3. देखो—रासो (ल.सं) की घटनाओं के ऐतिहासिक आधार राजस्थानी पत्रिका कलकत्ता जिल्द १९४०।

प्रतिद्वन्द्वी थे। पुरातन प्रबन्ध संग्रहान्तर्गत जयचन्द प्रबंध में इनकी शत्रुता का स्पष्ट उल्लेख है। पृथ्वीराज की मृत्यु होने पर जयचंद ने घी के दिये जलाए[1]।

संयोगिता हरण की कथा को काल्पनिक समझा जाता है। यह बहुत सम्भव है कि कविचंद के परवर्ती काव्यकारों ने रासो से ही इस कथा को लिया हो। सम्राट् अकबर के समय में यह कथा पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी थी। अकबर के दरबारी इतिहासकार अबुल फजल द्वारा "आइनाए अकबरी" में बर्णित जयचंद यज्ञ विध्वंस तथा संयोगिता हरण कथा यथातथ्य रूप में प्रस्तुत प्रति की कथा से मेल खाती है। आइनाए अकबरी से कुछ समय पूर्व रचित "सुर्जन चरित" संस्कृत महाकाव्य में कुछ परिवर्तन से संयोगिता हरण कथा का स्रोत मिलता है। परन्तु इस काव्य में जयचंद की कन्या का नाम कांतिमती है। पृथ्वीराज चरित्र संबंध घटनाओं के लिए सब से प्राचीनतम तथा प्रामाणिक ग्रन्थ जयानक कृती "पृथ्वीराज विजय" काव्य समझा जाता है। इस काव्य में लिखा है कि पृथ्वीराज के अनेक विवाह होने पर भी वह तिलोत्तमा नामक राजकुमार पर अत्यंत मोहित था। किंतु इससे आगे यह काव्य खण्डित है। बहुत सम्भव है कि यह तिलोत्तमा अथवा कान्तिमती संयोगिता नाम से ही रासो में अवतरित हुई हो। कुछ भी हो, संयोगिता हरण कथा पृथ्वीराज रासो के प्राण हैं, इसके बिना रासो का काव्यत्त्व तथा कथानक अधूरा है। यदि यहां कवि ने किंचित्मात्र कल्पना का प्रयोग किया हो तो कोई आश्चर्य नहीं। अतः इस घटना को हम सर्वथा अनैतिहासिक नहीं कह सकते।

९. जैतषम्भ-छेदन

यह उपकथा कवि की कल्पना मात्र प्रतीत होता है। वैसे तो मध्ययुग में वीरों की बल परीक्षार्थ ऐसे समारोहों का आयोजन होता रहता था। सम्भव है कि दिल्ली में कुतुब मीनार के समीप स्थित लोह-स्तम्भ ऐसे ही जैत खम्भ का तीक हो। क्योंकि कुतुब मीनार की पार्श्वभूमि में पृथ्वीराज के महलों के अवशेष अभी तक दिखाई देते हैं। इस कथा से चंदकवि ने पृथ्वीराज के

---

1. पृथ्वीराजे दिवं गते जैचन्द्रेण गृहे गृहे घृतेनोदम्बर क्षालनमारब्धम्, तूर्यंरवश्च प्रववृत्ते। पुरातन प्रबंध संग्रह पृष्ठ ८६

सामंतों में पारस्परिक फूट का कारण उपस्थित किया है जो कि अन्ततः दिल्ली सम्राट् के अंतिम पतन का एक प्रधान कारण है।

पृथ्वीराज शहाबुद्दीन गौरी युद्ध

इतिहास साक्षी है कि सन् ११९२ में पानीपत के समीप तरावड़ी के मैदान में पृथ्वीराज शहाबुद्दीन गौरी द्वारा पराजित हुआ। पृथ्वीराज की मृत्यु किस ढंग से हुई, इस विषय में अभी तक इतिहासकार अपना निश्चयात्मक निर्णय नहीं दे सके। रासो की प्रस्तुत प्रति में पृथ्वीराज तथा सुलतान गौरी के मध्य तीन युद्धों[1] का वर्णन है। ऐतिहासिक दृष्टि से यदि तीन नहीं, दो युद्ध तो अवश्य हुए हैं। **प्रथम युद्ध**[2] में सुलतान गौरी पृथ्वीराज के हाथों परास्त हुआ। और द्वितीय युद्ध में पृथ्वीराज स्वयं बंदी हो गया। "आइनाए अकबरी" तथा सुर्जन चरित में, पृथ्वीराज का गौरी के हाथों बंदी हो कर गजनी ले जाया जाना, उसको "अंषहीन" करना तथा धनुर्विद्या कौशल से गौरी का मारा जाना आदि कथा प्रस्तुत प्रति में वर्णित कथा से मिलती जुलती है।

परन्तु उपर्युक्त दोनों ग्रंथों के अनुसार कविचंद तथा पृथ्वीराज को सुलतान गौरी के दरबारियों ने हमला करके उनके टुकड़े टुकड़े कर दिये। मेरु तुगाचार्य (जन्म सं० १३६१) द्वारा रचित प्रबंध चिन्तामणि (पृष्ठ १४५) "पृथ्वीराज का म्लेच्छों द्वारा मारा जाना" प्रबंध में पृथ्वीराज को दिल्ली में ही कुठाराघात से मारा जाना लिखा है। "पुरातन प्रबंध संग्रह" के अनुसार, पृथ्वीराज ने गजनी के राज-दरबार में सुलतान की एक लोह मूर्ति पर निशाना लगाया. निशाना तो ठीक लगा परन्तु सुलतान बच गया। पृथ्वीराज पकड़ा गया और मारा गया। पृथ्वीराज की मृत्यु किसी भी रूप में हुई हो, परन्तु कवि को एक सुन्दर काव्य की पूर्ति के लिये खल नायक-सुलतान गौरी को अवश्य दण्ड देना

---

1. पुरातन प्रबंध संग्रह में सात युद्धों का उल्लेख है।
2. पृथ्वीराजस्य तुरुष्क सैन्येन युद्धं जातम् ,भग्नं शाक सैन्यम्। सुरत्राणो जीवन् गृहीतः। स्वर्ण निगड़े क्षिप्त्वा योगिनी पुरे (दिल्ली) मातुर्वचसा मुक्तः। पु. प्र. सं. पृष्ठ ८६

था और अपने चरित नायक-पृथ्वीराज को प्रतिष्ठा तथा काव्य नायक के नायकत्त्व की रक्षा अवश्य करनी थी। अत: कवि ने कल्पना के अल्प मात्र प्रयोग से पृथ्वीराज की पराजय को विजय में परिणत कर दिया।

८. हाहुलिराय

कांगड़ा प्रदेशाधिपति हाहुलिराय तथा पृथ्वीराज में विद्रोह की घटना भी ऐतिहासिक दृष्टि से निराधार नहीं कही जा सकती। तब-काते नासीरी[1] के अनुवाद टिप्पणों में रैवर्टी ने पर्वत प्रदेश विशेषकर, जम्मु के राजाओं की तवारीख से कई ऐसे अवतरण दिये हैं कि जम्मु के एक राजा ने पृथ्वीराज के विरुद्ध शहाबुद्दीन गौरी का साथ दिया था। प्रस्तुत प्रति में हाहुलिराय जम्मु नरेश[2] ही वर्णित है। उस समय कांगड़ा जम्मु राज्य के अन्तर्गत था। अत: यह वही देश द्रोही हाहुलि राय है जिसने पृथ्वीराज के विरुद्ध शहाद्बुीन गौरी का साथ दिया था।

ऐतिहासिक तिथियां

संस्कृत के आदि महाकाव्य: बाल्मीकि रामायणवत् पृथ्वीराज रासो को हिन्दी साहित्य का आदि महाकाव्य समझा जाता है। लगभग गत एक शताब्दी से अद्यावधि इस में वर्णित घटनाओं तथा उपकथाओं को लेकर उन की ऐतिहासिक दष्टि से प्रामाणिकता[3]-अप्रामाणिकता विषयक चीर फाड़ होती रही है और उनको ऊहा पोह द्वारा इतिहास की कसौटी पर परखा जाता रहा है। इस संघर्ष[4] संबंधी लेख अनेक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे। किन्तु कोई भी विद्वान् इस विषय में अपना निर्णयात्मक मत स्थापित नहीं कर सका।

---

1. देखो—लघु संस्करण की ऐतिहासिक घटनाओं के ऐतिहासिक आधार "।जस्थानी" जनवरी १६४० १६४० जिल्द ३
2. (क) जालंधरा।य (हाहुलीराय) जंवू धर्नी, सुनि हम्मीर 'चंदहु सुमति' १५-२७।
   (ख) हौं पर्वत कौ राजधांन पंज।ब सुषाई। १२-४१
3. देखो—भूमिका, पृष्ठ १६०-२२८ "रेवा तट समय" सम्पादित डा० विपिन विहारी त्रिवेदी, प्रकाशित,-हिन्दी विभाग लखनऊ विश्व विद्यालय।
4. (क) "रासो की प्रमाणिकता" गौरी शंकर हीरानंद ओझा।—→

डा० व्यूहलेर, महामहोपाध्याय कविराज श्यामल दास तथा डा० गौरीशंकर हीरानंद ओझा आदि विद्वानों ने रासो के बृहद संस्करण के विषय में एतदन्तर्गत ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियों, भाषा विकृति तथा सन संम्वतों की उथल पुथल को देख कर अपना मत दिया था कि रासो १७वीं शताब्दी की रचना है। इन विद्वानों ने निम्नलिखित ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियों के आधार पर अपनी उपर्युक्त सम्मति दी है :—

१. कि चौहान वंश की उत्पत्ति अग्निकुल से है, जब कि किसी भी ऐतिहासिक प्रमाण से चौहन वंश को उत्पत्ति अग्नि कुल से सिद्ध नहीं होती।

२. अनंगपाल तोंवर का कन्या का सोमेश्वर के साथ विवाह, उसके गर्भ से पृथ्वीराज का जन्म, अनंगपाल तोंवर द्वारा पृथ्वीराज को गोद लेना तथा उसे दिल्ली राज्य का उत्तराधिकारी नियुक्त करना इतिहास सम्मत नहीं है।

३. पृथ्वीराज की बहन पृथा का विवाह मेवाड़ के राणा समरसिंह से हुआ और वह पृथ्वीराज के पक्ष में शहाबुद्दीन के साथ युद्ध करता हुआ दूसरी पानिपत कीं लड़ाई में मारा गया। जबकि ऐतिहासिक सचाई यह है कि समर सिंह पृथ्वीराज से १०९ वर्ष पीछे तक जीवित रहा।

४. पृथ्वीराज के पिता सोमेश्वर को गुजरात नरेश भीमदेव चालुक्य ने एक युद्ध में मार दिया था और कुछ समय पश्चात् अपने पिता का बदला लेने के लिए पृथ्वीराज ने भीमदेव को मार दिया, जब कि

→(ख) पृथ्वीराज रासो की एक प्राचीन प्रति और उसकी प्रामाणिकता का. ना. पत्रिका कार्तिक सं० १९९६।

(ग) The Aage and Historicity of Prithviraj Raso- Indian Historical quarterly Vol. 16-1940.

(घ) The Antiquity authenticity and genuineness of P.R. by K. Shamal Dass, Bengal Asiatic society journal Vol. LV (1886) Part I Page 5

इतिहास इस घटना को प्रमाणित नहीं मानता। क्योंकि सोमेश्वर की मृत्यु के समय (संवत् १२३६) भीम देव चालुक्य अभी बालक ही था और सं० १२९८ तक जीवित रहा।

५. पृथ्वीराज ने कई विवाह किए जिन में से देव गिरि के राजा की कन्या शशिब्रता, नाहर राय की पुत्री हंसावती, समुद्रशिखर नरेश की दुहिता पद्मावती तथा आबू नरेश सलष परमार की लड़की इंच्छिनी आदि के अपहरण प्रमुख हैं। परन्तु इतिहास से ज्ञात होता है कि पृथ्वीराज के समय उक्त राजाओं का अस्तित्व ही नहीं था।

६. निम्नलिखित सम्वत् भी ऐतिहासिक दृष्टि से अशुद्ध प्रमाणित होते हैं।

क—सम्वत् ८२१ में वीसल देव का राज गद्दी पर बैठना।

ख—१११५ में पृथ्वीराज का जन्म।

ग—११३८ में पृथ्वीराज का राज्याभिषेक।

घ—११३६ में सलष परमार द्वारा शहाबुद्दीन का पकड़ा जाना।

ङ—११५२ में धीर पुंडीर का सुलतान गौरी से युद्ध।

च—११४८ में आबू के समीप पृथ्वीराज-भीमदेव युद्ध।

इसके अतिरिक्त बृहद् तथा मध्यम संस्करणों में और भी बहुत सी ऐतिहासिक विषमताएं हैं जिन का यहां विवरण देना संभव नहीं है।

उपर्युक्त ऐतिहासिक विषमताएं रासो के मध्यम तथा वृहद संस्करणों पर ही आधारित हैं, क्योंकि लघु संस्करण उस समय प्रकाश में नहीं आया था जिस में उपर्युक्त अधिकतर ऐतिहासिक विषमताओं के दर्शन नहीं होते।

१. रासो की लघु संस्करणात्मक प्रस्तुत प्रति में चौहान वंश की उत्पत्ति ब्रह्मा के यज्ञ से हैं अग्नि कुण्ड से नहीं। यथा:—

"ब्रह्मान जग्य ऊपन्न सूर, मानिक्कराय चहुवान मूर।"

इस बात का किसी भी शिला लेख तथा इतिहास ग्रंथ ने विरोध नहीं किया। वृहद् संस्करणवत् यहां चौहान वंशावली भी अधिक विस्तृत तथा अनियमित नहीं है :—

मानिक्कराय चहुवान
|
अनेक प्रतापी उत्तराधिकारी
|
धर्माधिराज
|
वीसल देव
|
सारंग देव
|
आना नरिंद
|
जयसिंह
|
आनंद देव
|
सोमेश्वर
|
पृथ्वीराज

२. जैसा कि पहसे कहा जा चुका है कि अनंगपाल तोंवर की कन्या कमला का सोमेश्वर के साथ विवाह होना तथा पृथ्वीराज का अनंगपाल द्वारा गोद लिया जाना काल्पनिक घटनाएं है।

३ समर सिंह पृथा विवाह—यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि चित्तौड़ के रावल समरसिंह वि० सं० १३५८, अर्थात् पृथ्वीराज की मृत्यु (१२४८) से १०९ वर्ष बाद तक जीवित रहे। परन्तु उदयपुर राज्य का इतिहास[1] (डुंगरपुर ख्यात) से यह ज्ञात होता है कि पृथ्वीराज की वहन पृथा का विवाह मेवाड़ के रावल समतसिंह अथवा सामंत सिंह से हुआ प्रस्तुत प्रति में रावल समर सिंह का नाम—"समर सीह" "रावल समर" "सामंत सिंह" तीन रूपों में लिपिकृत है :—

क—समंतसिंह राव (१६-५)

ख—सामंत सिंह दुज्जन सया, दया न कीज्जै काल खल। १४-१०४

जैन लिपि अथवा प्राचीन देवनागरी लिपि जिसमें रासो की पाण्डु

1. जिल्द १ पृष्ठ १५४, सन् १९३२ संस्करण

लिपियां लिखी मिलती हैं "र" और "त" अक्षर लिखने में अभेद-प्रतीति है। कवि चंद ने तो समतसिंह अथवा सामंत सिंह ही लिखा होगा परन्तु किसी एक प्रतिलिपिकार ने समत सिंह के "त" को "र" नकल किया होगा। जिसमें समतसिंह अथवा सामंत सिंह का समरसिंह तथा समरसि बनना स्वाभाविक प्रतीत होता है। मेरा अनुमान है कि यह अशुद्धि निरन्तर अभी तक चली आ रही है। क्योंकि रासो की पांडुलिपियां सैकड़ों प्रतिलिपिकारों के माध्यम से हमारे हाथ लगी है। अतः प्रस्तुत प्रति के चतुर्दश खण्ड से पृथा विवाह और समतसिंह का सुलतान के विरुद्ध लड़ते हुए मारा जाना गलत साबित नहीं होता। राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहास वेत्ता स्वर्गीय जगदीश सिंह गलहोत ने भी यही लिखा[1] है कि चित्तौड़ के रावल सामंत सिंह[2] का विवाह पृथ्वीराज की बहन[3] पृथा से हुआ था।

४. यह प्रकरण प्रस्तुत प्रति में नहीं हैं।

५. प्रस्तुत प्रति में केवल संयोगिता अपहरण की कथा ही विस्तृत रूप में वर्णित हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से यह घटना अकबर राज्य काल से

---

1. देखो—राजस्थान का इतिहास, पृष्ठ १९८, सन् १९३७ संस्करण।
2. पृथ्वीराज और जयचंद के समय (सं० १२२६) में मेवाड़ का राजा सामंत सिंह और उसका छोटा भाई कुमार सिंह थे। इन से पांचवीं पुस्त में चित्तौड़ का राजा राणा समरसिंह हुआ जो सं० १३५४ तक जीवित रहा। डा. जी. एच. ओझा "आनंद सम्वत् कल्पना"
3. ततः समरसिंहाख्यः पृथ्वीराजस्य भूपतेः।
पृथाख्यायाः भगिन्यास्तु पतिरित्यति हार्दतः॥
गौरी साहबदीनेन गज्जनीशेन संगरम्।
कुर्वतोऽखर्व गर्वस्य महासामन्तशोभिनः॥
दिल्लीश्वरस्य चौहाननाथस्यास्य सहायकृत्।
सः द्वादश सहस्रैः स्व वीराणां सहितो रणे।
वध्वा गोरी पतिं दैवात् स्वर्यातः सूर्य बिंबभित्॥ तृतीय सर्ग, चतुर्थ शिला सम्वत् १७३२ में श्री मधु सूदन भट्ट रचित राज प्रशस्ति महाकाव्य। (चित्तौड़ के "राज समुद्र" सरोवर की शिलाओं पर उत्कीर्ण)

पूर्व प्रचलित थी। पद्मावती, हंसावती तथा शशिव्रता आदि के विवाहों का इस प्रति में वर्णन नहीं है। हाँ, सलष परमार की कन्या इंच्छिनी का पृथ्वीराज द्वारा अपहरण यहां हुआ है। भीमदेव चालुक्य के साथ पृथ्वीराज का युद्ध इसी इंच्छिनी के कारण होता है। यद्यपि आबू नरेश सलष परमार ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं है परन्तु पृथ्वीराज के समय में आबू प्रदेश पर पम्मार वंश का राज्य था। अतः इंछिनी आदि नाम कल्पित प्रतीत होते हैं।

६. बृहद संस्करण के संवत तो इतिहास से मेल खाते ही नहीं परन्तु प्रस्तुत प्रति में निम्नलिखित संवत् भी ऐतिहासिक दृष्टि से ठीक नहीं हैं।

क—सं०[1] ११३८ में पृथ्वीराज का राज्याभिषेक।

ख—११४८ में पृथ्वीराज-भीमदेव चालुक्य युद्ध।

ग—११५१ में पृथ्वीराज का कन्नौज के लिए प्रस्थान तथा पृथ्वीराज जयचन्द युद्ध।

घ—११५२ धीर पुण्डीर का शहाबुद्दीन गौरी के साथ युद्ध।

यद्यपि डा० गौरी शंकर हीरानंद आदि द्वारा उपर्युक्त अधिकतर ऐतिहासिक विप्रत्तिप्रत्तियां प्रस्तुत प्रति में नहीं मिलतीं, फिर भी रासो का रचना काल १६वीं शताब्दी से पूर्व अनुमानित नहीं किया जा सकता। जब से सन् १९३६ में प्रकाशित श्री जिन विजय सूरी द्वारा सम्पादित पुरातन-प्रबन्ध संग्रहान्तर्गत "पृथ्वीराज प्रबन्ध" में कैमास वध सम्बन्धी[2] तीन पद्य प्राच्य अपभ्रंश भाषा में पाए गये तब से यह विश्वास

---

1. एकादस सै तीस अठ, विक्कम साक आनंद।
   तिहि रिपु जय पुर हरन कौ, भयो पृथिराज नरिंद। (२-७०)

2. इक्कु बाणु पहुवीसु जु पइं, कइंवासह मुक्कओ।
   उर भितरि खडहडिउ धीर, कक्खंतरि चुक्कउ।
   वीअं करि संधीउं भंमइ, सूमेसर नंदण।
   एहु सु गड़ि दाहिमओ खणइ, खुद्दइ सइंभरि वणु।
   फुड छांडि न जाइ इहु लुब्भिउ, बारइ पलकउ खल गुलइ।
   नं जाणउं चन्द बलद्दिउ, किं न-विछुट्टइ फलह।

   प्रस्तुत प्रति में देखो—खंड ७ छंद ६३।

   प्रबंध संग्रहान्तर्गत "पृथ्वीराज प्रबन्ध तथा जयचन्द प्रबन्ध का रचनाकाल, श्री सूरी जी ने संवत् १२९० अनुमानित किया है।

होने लगा फि पृथ्वीराज रासो वास्तविक रूप में चंद बरदाई कृत प्राचीन महाकाव्य है । श्री सूरी जी ने भी उक्त ग्रन्थ की भूमिका (पृष्ठ ८-९) में अपना यह मत दिया है कि रासो किसी न किसी रूप में सं० १२९० से पूर्व विद्यमान था । परन्तु इस संग्रह के अन्तर्गत प्रबन्धों के रचनाकाल तथा रचयिता के विषय में सन्देह है । अभी तक निश्चित रूप से कोई भी विद्वान् इस विषय में अपना प्रामाणिक मत स्थिर नहीं कर सका । डा० दशरथ[1] शर्मा ने इस ग्रन्थ का रचनाकाल सं० १५२४ अनुमानित किया हैं । ऐसी स्थिति में श्री सूरो जी के कथन का कुछ महत्त्व नहीं रह जाता ।

यद्यपि साहित्यिक राज दरबार में कोई साहित्यिक समस्या तथा उलझन उपस्थित होने पर एक न्यायाधीश की तरह स्थिर निर्णय देना न्याय संगत प्रतीत नहीं होंतां फिर भी रासो की प्रस्तुत प्रति के अध्ययन से मुझे यह आभास हुआ है कि निम्नलिखित कारणों से रासो की रचना १६ वीं शताव्दी के प्रथमार्ध से पूर्वतर अनुमानित नहीं की जा सकती ।

१. "प्रबंध चिन्तामणि[2]" के रचयिता मेरुतुंगाचार्य ने उक्त ग्रन्थ के अन्गर्गत "पृथ्वीराज चरितम्" मैं लिखा है कि तरावड़ी के द्वितीय युद्ध में शहाबुद्दीन द्वारा पृथ्वीराज के पराजित होने पर उसे दिल्ली में ही कारावास दण्ड दिया गया और कुछ कालानन्तर वह वहीं सुलतान गौरी के सिपाहियों द्वारा कतल कर दिया गया । पृथ्वीराज का राज्यकाल तथा उसकी मृत्यु—"पृथ्वीराज: सं० १२३५ वर्षे राज्यं चकार, सं० १२४८ वर्षे मृत:" । भी इस ग्रन्थ के अनुसार ऐतिहासिक दृष्टि से ठीक बैठती है । और इस कथन को डा० ओझा जैसे इतिहास वेत्ताओं ने भी सही माना है । अत: निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि मेरुतुंगाचार्य द्वारा वर्णित पृथ्वीराज का मृत्यु-विषयक वर्णन यथार्थ है । आचार्य जी की जन्म तिथि निश्चित रूप से संवत १३६१ है । उन्होंने "पृथ्वीराज चरितम् की रचना सम्भवत: १४ वीं शताब्दी के अन्त में अथवा १५ वीं के प्रथमार्ध में की होगी । अत: रासो में वर्णित पृथ्वीराज की मृत्यु विषयक घटना में

1. देखो—"राजस्थानी" जिल्द ३ भाग २ जनवरी १९४० रासो की घटनाओं के ऐतिहासिक आधार"

2. देखो—प्रबंध चिन्तामणि पृष्ठ १४५, श्री जिन विजय सूरी द्वारा सम्पादित तथा सिंघी जैन ग्रंथ माला, अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित ।

काल्पनिक परिवर्तन इस काल के पर्याप्त समय पश्चात् किया गया प्रतीत होता है।

२. चंद बरदाई को हिन्दी साहित्य का आदि महान् कवि माना गया है! और कवि ने अपने आप को इतिहास में प्रसिद्धतम व्यक्ति हिन्दु सम्राट् पृथ्वीराज का दरबारी कवि तथा जीवन सखा[1] घोषित किया है। फिर यह एक आश्चर्य की बात है कि सम्राट् अकबर के राज्य-काल से पूर्व (गंग-चंद छंद वर्णन से पूर्व) किसी भी साहित्यिक अथवा ऐतिहासिक व्यक्ति ने चंद कवि का जिकर तक नहीं किया। पृथ्वीराज के प्रमाणिक दरबारी कवि "पृथ्वीराज विजय" के रचयिता जयानक ने भी अपनी रचना में कहीं "चंद" का नाम नहीं लिया। १५ शताब्दी में ग्वालियर के तोमरवंशी राजा वीरम के दरबार में नयचन्द्र सूरी द्वारा रचित "हम्मीर महाकाव्य में "पथ्वीराज का विस्तृत वर्णन है। पृथ्वीराज-पतन के २५० वर्ष पश्चात् पांचवी[2] पीढ़ी में राणा हम्मीर हुए, अर्थात् पृथ्वीरांज से हम्मीर तक पांच पीढ़ियों का इस काव्य में वर्णन है। इन्हीं नयचंद्र सूरी द्वारा रचित "रम्मामंजरी" नाटिका में जयचंद नायक है। इन दोनों पुस्तकों में पृथ्वीराज के जीवनसाथी चंद वरदाई का नाम तक नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत प्रति में राजा वीरम को पृथ्वीराज का एक सामंत वर्णित किया गया है :—

क— बलिराइ वीरंम, सारंग गाजी। (८-१४)
ख— सैरन्ध्री उर जनम नाम, वीरम रावत्ता। (११-११८)

अतः यह कहा जा सकता है कि इस समय तक पृथ्वीराज रासो की रचना नहीं हुई थी।

३. यह एक ऐतिहासिक सचाई हैं कि सन् १२९७ (सं० १३५४) में अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात नरेश राजा कर्ण-(राजधानी-अनहिलपुर-अनहिलवाड़ा) को परास्त कर उसकी स्त्री कमला देवी का अपहरण कर लिया था और गुजरात पर अपना अधिकार जमा लिया था। यहां प्रस्तुत

---

1. (क) हम सु साही वर भट्ट चंद, अवतार लीन्ह पृथिराज सत्थ।
   (ख) बालप्पन पृथिराज संग, अति मित्त तन कीन। (१९–७२)
2. पृथ्वीराज-गोविंराज (रणथंभोर का प्रथम राणा) बालहन देव-वाग् भट्ट-जैत्रसिंह-हम्मीर।

प्रति में राजा कर्णराय जी पृथ्वीराज की ओर से पानीपत की दूसरी लड़ाई में शहाबुद्दीन गौरी से युद्ध करते हुए दिखाई देते हैं: -

करनराइ कुंडली समर, रावल बज्जीरं।
अनहिलपुर आभरन, राजराव ततहि भीरं।

अत: यह मानना पड़ेगा कि रासो की रचना अलाउद्दीन खिलजी के राज्य काल के पश्चात् हुई।

४. अब्दुल रहमान कृत "संदेश रासक" १३ वीं शताब्दी के प्रथमार्ध की रचना है। इस पुस्तक के योग्य सम्पादक श्री जिन विजय सूरी जी का कथन है: हेमचंद्र की मृत्यु सं० १२३० में हुई। इसके १५ अथवा २० वर्ष पश्चात् शहाबुद्दीन गौरी के उत्तरी भारत तथा पंजाब पर आक्रमण प्रारम्भ हो चुके थे। उसने अनंगपाल, पृथ्वीराज तथा जयचन्द आदि राजाओं को परास्त कर उनके राज्य अपने आधीन कर लिए थे। संदेश रासक लगभग इसी समय की रचना है। भाषा विकास की दृष्टि से यह रचना उस समय की है जब कि अपभ्रंश भाषा अपना अन्तिम दम तोड़ रही थी और आधुनिक भाषाएं विकास के पथ पर अग्रसर थीं।" सो यह कृति उस समय की भाषा का उत्कृष्ट तथा सर्वोत्तम उदाहरण है जिस काल में हम रासो रचना संभावित मानते हैं यथा—

जइ अत्थि परिजाओ, बहु विह गंधड्ढ कुसुम समाओ।
फुल्लइ सुरिंद भुवणो, ता सेस तरूम फुल्लंतु ॥ सं० रा० पृ० ५

इसके विपरीत प्रस्तुत प्रति की भाषा उपर्युक्त पद्य की तुलना में सर्वथा नव्यतर प्रतीत होती है: -

क—इतनो कहत भुवपति चढ्यौ. कहहि भले रजपूत सौं। ६-१०४
ख – च्यारि रात जंगली रह्यौ, तहं नींद न सुत्तौ। १०-६३।
ग—हलोहल्ल कनवज्ज मज्झि। ६-११३

ऐसी परिस्थिति में रासो को १३ शताब्दी की रचना मानने में हमें संकोच होता है। परन्तु इस प्रति में यत्र तत्र प्राकृत तथा अपभ्रंश के ऐसे प्राचीन रूप भी बिखरे पड़े हैं जिनसे भ्रम होने लगता है कि संभव है रासो मध्यकालीन कृति हो। किंतु ऐसे शब्दों का प्रयोग कबीर तथा जायसी, यहां तक की भूषण कवि की रचनाओं में भी उपलब्ध होता है।

1. देखो—भूमिका (पृष्ठ १४) अब्दुल रहमान कृत संदेश रासक, सम्पादित श्री जिन विजय सूरी, प्रकाशित भारतीय विद्या भवन बम्बई।

५—प्रस्तुत प्रति में हथनारि[1]=बंदूक, तथा जंबूर[2]=छोटी तोप शब्दों के प्रयोग से ऐसा प्रतीत होता है कि रासो की रचना १६वीं (वि.सं.) शताब्दी से पूर्व नहीं हुई, क्योंकि भारत में सर्व प्रथम बंदूक तथा छोटी तोप का प्रयोग मुगल सम्राट् बाबर ने किया था, जबकि उसने सन् १५२६ ई० पानीपत की लड़ाई में इब्राहीम लोदी को पराजित किया। यह बात सर्व विदित है कि भारत में सब से पहले बंदूक तथा तोप का निर्माण बाबर ने प्रारम्भ किया था। "मुगलन्नि" शब्द के प्रयोग से भी ऐसा भान होता है कि रासो की रचना भारत में मुगलों के आगमन के उपरान्त, बाबर के समय में अथवा इसी समय के लगभग हुई हो।

६—सब से अन्तिम युक्ति जो हम यहां देना चाहते हैं, यह है कि यदि चंद वरदाई पृथ्वीराज का जीवन सखा तथा उसका दरबारी कवि था तो वह अपने स्वामी तथा सखा के चरित संबंधी काव्य में ऐतिहासिक घटनाओं और तिथिओं में असाधारण विषमता उत्पन्न न करता। यह एक साधारण सी बात है कि चन्द वरदाई द्वारा (पृथ्वीराज का समकालीन होते हुए भी) ऐसी असाधारण ऐतिहासिक विषमताएं क्योंकर संभव हो सकीं। इसके विपरीत पृथ्वीराज के समकालीन तथा उसके दरबारी कवि जयानक द्वारा रचित "पृथ्वीराज विजय" महाकाव्य में ऐसी कोई ऐतिहासिक विप्रतिपत्ति अथवा विषमता दृष्टिगोचर नहीं होती। वास्तव में प्रतीत ऐसा होता है कि चंद कवि के हृदय में सम्राट् पृथ्वीराज के समान एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक[4] व्यक्ति बनने की आकांक्षा थी। और यह प्रबल इच्छा उसके हृदय में हिलोरें ले रही थी, जो एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक

---

1. (क) हथनारि सुधारि, करि अवाज उत्तंग। १३–७०

   (ख) हट्टनार कुटवार सुनि, करि सावंतनि जंग। १०–४४

2. विज्जलि जाव जंबूर झलक्किय। १०–५९

3. बाघराज वघ्घेल हेल, मुग़लन्नि हलक्किय।

   आवर्तमान सावंतन, जमर मेच्छ सम्मर मिलिय। १०–५०

4. प्रथम वैर संधन मनह, पुनि स्वामि उद्धारह।

   लोक वेद कीरति अमर, सुकिय चन्द उद्धार। १९–१२

वीर पुरुष के साथ जुड़ने से ही पूरी हो सकती थी। इसीलिए पृथ्वीराज जैसे प्रसिद्ध नायक के साथ अपना नाम जोड़कर उसने अपने को धन्य माना। तभी तो कवि ने गर्व से अभिमान पूर्ण घोषणा की कि :—

हम सु साहि वर भट्ट चन्द, अवतार लीन्ह पृथिराज सत्थ।

अतः ऐसा अनुमान है कि चन्द वरदाई बाबर समकालीन एक भाट[1] अथवा चारण कवि था। इतिहास का पूर्णरूप से उसे ज्ञान नहीं था। किंवदंतियों द्वारा सुनी सुनाई ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर उसने पृथ्वीराज रासो (लघु संस्करण) की रचना की। उसका एक मात्र ध्येय अपने काव्य-नायक पृथ्वीराज के शौर्य तेज का उत्कृष्ट रूप में वर्णन करना था। एतदर्थ उसने रासो में उन्मुक्त रूप से कल्पना का प्रयोग किया। समय की प्रगति के साथ साथ अन्य चारण कवियों द्वारा इसके कलेवर में वृद्धि होती रही। क्योंकि उस युग में रासो चारण कवियों की आजीविका का एक मुख्य साधन था। राजपूती राजदरबारों में इसी के पद्यों के उच्चारण अथवा गायन से उनकी आजीविका चलती थी। परिणामतः १८वीं शताब्दी के अन्त तक रासो के मध्यम तथा बृहद् रूपान्तर प्रकाश में आए। प्रस्तुत प्रति के निम्नोक्त पद्य से भी ऐसा ही प्रतीत होता है कि रासो की रचना १६वीं शती के लगभग हुई होगी। इस पद्य को हम प्रक्षिप्त भी नहीं कह सकते, क्योंकि प्रस्तुत प्रति में भाषा का रूप अधिकतर इसी प्रकार का है :—

अनंगपाल पुच्छहि नृपति, कहहु भट्ट धरि ध्यान।
किहि संवत मेवार पति, बाधालयो सुरतांन।
सोरहि सै कटि गहित, विक्रम साक अतीत।
ढिल्लोधर मेवारपति, लेइ षग्ग वर जीति। २—६७, ६८

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि रासो की प्रस्तुत प्रति में इतिहास तथा कल्पना का सामंजस्य है। ऐतिहासिक महाकाव्य में कल्पना तथा इतिहास का मिश्रण होता ही है। प्रस्तुत प्रति में मध्य युगीय प्रथानुसार

1. (क) भट्ट कहै। ६-८१
   (ख) वरदाइ दुर्ग दुर्गहं सजिय, भट्ट जाति जीह ट्टुनौ। १४-६२

दैवी घटनाओं का सवावेश भी है। जैसे :—निगमबोध घाट पर एक भारी शिला के नीचे से दैवी पुरुष वीर भद्र का प्रकट होना, संयोगिता को डंकिनी द्वारा पृथ्वीराज-गौरी युद्ध की कथा कहलवाना, कांगड़ा-स्थित जालंधरी देवी के मंदिर में बंदी चंदवरदाई का एक दैवी पुरुष से पृथ्वीराज पराजय बृत्तान्त सुनना। इसी प्रकार काव्य में वर्णित अन्य दैवी घटनाएं भी कवि-कल्पना प्रसूत हैं। इन घटनाओं द्वारा कवि ने मध्यकालीन समाज का धार्मिक तथा सामाजिक वातावरण उपस्थित करने का प्रयत्न किया है।

उपर्युक्त ऐतिहासिक विप्रतिपत्तियों की उपस्थिति में हमें ऐसा विश्वास नहीं होता कि रासो की रचना १३वीं शताब्दी में हुई हो। १३वीं शती में रचित संदेश रासक की भाषा की तुलना में प्रस्तुत प्रति की भाषा १३वीं शताब्दी की प्रतीत नहीं होती। सम्राट् अकबर के समय तक किसी भी साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में चन्द वरदाई का उल्लेख नहीं किया। इसके अतिरिक्त "हथनारि" "जंबूर" तथा "मुगलन्नि" शब्दो का उस युग में प्रचलन नहीं था। अत: प्रतीत ऐसा होता है कि रासो की रचना सम्राट् पृथ्वीराज के राज्यकाल १३वीं शताब्दी के प्रथमार्ध में नहीं हुई अपितु यह लगभग. बाबर समकालीन कृति है।

पंचम–अध्याय

साहित्यिक समालोचना

सर्गबंधो महाकाव्यम् तत्रैकों नायकः सुरः।
सद्वंशा क्षत्रियो वापि धीरोदात्त गुणान्वितः॥
एकवंशोद्भवाः भूपाः कुलजाः बहवोऽपिवा।
श्रृङ्गार-वीर शान्तानामेकोङ्गी रस इष्यते।
अंगानि सर्वेति रसाः सर्वे नाटक संधयः।
इतिहासोद्भवं बृत्तं अन्यद्वा सज्जनाश्रयम्।
आदौ नमस्क्रियाशीर्वा वस्तु निर्देश एव वा।
नाति स्वल्पाः नाति दीर्घाः सर्गा अष्ठाधिका इह।
सर्गान्ते भावि सर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत्।
संध्या सूर्येन्दु रजनी प्रदोष ध्वान्त वासराः।
प्रातर्मध्याह्न मृगया शेलर्तु वनसागराः।
संभोग-विप्रलम्भौ च मुनि स्वर्ग पुराध्वरा।
रणप्रयाणोपयम मंत्र पुत्रोदयादयः।
वर्णनीया यथा योगं साङ्गो पाङ्गा अमी इह।
कवेर्वृत्तस्य वा नाम्ना नायकस्येतरस्य वा।

साहित्य दर्पण में वर्णित महाकाव्य के इस शास्त्रीय लक्षण के अनुसार रासो की प्रस्तुत प्रति उक्त लक्षणों पर सम्भवतः पूरी उतरती है। इस प्रति में १९ सर्ग हैं और प्रत्येक सर्ग में न्यून से न्यून छंद संख्या ४६ तथा अधिक से अधिक २०० हैं। उच्च क्षत्रिय वंशोद्भव हिन्दु सम्राट् अजमेर तथा दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान तृतीय इस काव्य के धीरोदात्त नायक हैं। मन वचन कर्म से स्वामी-धर्म का पालन करने वाले अनेक सूर सामंत उनके अनुयायी तथा सहायक हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी हैं :— शहाबुद्दीन गौरी, कान्य कुब्जेश्वर जयचंद तथा गुर्जरेश्वर भीम देव चालुक्य प्रतिद्वंद्वी। जयचंद की कन्या संयोगिता, नायक पृथ्वीराज के सौंदर्य तथा शौर्यादि गुणों पर मुग्धा इस काव्य को नायिका है।

यह वीर-रस प्रधान महाकाव्य है। इस काव्य के १९ खण्डों में से १५ खण्ड रण-सज्जा, शस्त्रास्त्रों की खनखनाहट, हाथी घोड़ों की ठेल-पेल तथा वीर योद्धाओं को उल्लास पूर्ण हुँकारों से भरपूर हैं। परंतु प्रकरणानुसार श्रृंगार रस का निर्वाह भी बड़े विशद तथा उत्कृष्ट रूप में हुआ है। युद्ध के तुमुल नाद, बाणों की वर्षा तथा शस्त्रों की कटु खनखनाहट में उचित श्रृंगार रस के छींटों ने काव्य में मनोहारिता और मधुरता उत्पन्न कर दी है। अतः यहां वीर तथा श्रृंगार रसों का अंगाङ्गीभाव से वर्णन हुआ है।

लगभग प्रत्येक खण्ड का अन्त आगामी खण्ड के कथा सूत्र से सम्बंधित है। जैसे सप्तं खण्ड के अन्तिम छंद में कैमास के बध से खिन्न मन पथ्वीराज ने कविचंद से प्रछन्न वेष में कन्नौज यात्रा की इच्छा प्रकट की है :—

"दिषषावइ पहु पंगुरौ, जइचंद नरेस"। (७-७५) और अष्टम खण्ड में कन्नोज यात्रा प्रारम्भ हो जाती हैं। प्रकरणानुसार कवि ने प्रातःकाल, सूर्य, मध्याह्न, उद्यान तथा षट् ऋतु-वर्णन किया है। मृगया महाकाव्य के नायक पृथ्वीराज के जीवन का एक अंग है।

विप्रलम्भ तथा संभोग श्रृंगार में से यहां केवल संभोग श्रृंगार का हीं विशद रूप में चित्रण हुआ है। विप्रलम्भ श्रृंगार की अभिव्यंजना में कवि को सफलता नहीं मिली। पृथ्वीराज के शौर्यादि गुणों पर मोहिता संयोगिता ने अपने पिता के विरोध करने पर भी पृथ्वीराज को ही वरण करने का निश्चय किया। जयचन्द ने क्रोधित होकर उसे गंगा के किनारे एक महल में कैद कर दिया। इस पर भी वह अपने निश्चय पर अटल रही। इस अवसर पर संयोगिता की विरह-दशा का सुन्दर चित्रण हो सकता था। परन्तु गंगा तट-स्थित महल के कारावास से संयोगिता इतना ही कह सकी :—

कै वहि गंगहि संचरौं, कै पाणि गहुँ पृथिराज। ९-४८

कवि के लिए दूसरा अवसर संभोग श्रृंगार मग्ना संयोगिता को छोड़कर पृथ्वीराज का अन्तिम युद्धार्थ प्रस्थान है। परन्तु कवि ने यहां संयोगिता की मर्म व्यथा अथवा विरह दशा का अल्पमात्र भी वर्णन नहीं

किया। बस इतना ही हो सका कि डंकिनी के मुख से युद्ध में पथ्वीराज की पराजय का समाचार सुनकर शोक मग्ना संयोगिता ने प्राण त्याग देने का निश्चय किया :—

जनम जानि अन्तर मिलन, जुग्गिनिपुर आवास।
चरण लग्गि वंद्यो मरण, सब परिगहरु षवास ॥१७–१

रासो में प्रयाण, मृगया तथा युद्धादि का विशद वर्णन है। पृथ्वीराज ने इंच्छिनी के अपहरणार्थ गुर्जर नरेश भीमदेव चालुक्य से युद्ध किया (पञ्चम खण्ड), तथा संयोगिता अपहरणार्थ कन्नौज पर चढ़ाई की। यहां युद्धादि प्रयाण आदि सब कार्य शकुनादि विचार पूर्वक होते हैं। धीर पुंडीर ने जैत षम्भ भेदन से पूर्व एक सप्ताह दुर्गा की पूजा की, भीमदेव ने कैमास को मन्त्रों द्वारा अपने वश में किया। १५ वें खण्ड में दिल्ली के निगम बोध स्थान पर एक भारी शिला के नीचे से एक देव-वीरभद्र का निकलना, अपशकुन दिखाई देने तथा अरिष्ट निवारणार्थ भैंसे आदि का बलिदान दिया जाना आदि दैवी वर्णन तत्कालीन समाज के धार्मिक तथा सामाजिक व्यवस्था के द्योतक हैं। काव्य का शीर्षक तो नायक-पृथ्वीराज के नाम से सम्बन्धित है ही।

कथा संगठन तथा प्रबन्धात्मकता—महाकाव्य का कथानक ऐतिहासिक महापुरुष पृथ्वीराज के जीवनचरित्र से सम्बन्धित है। अतः इसे कल्पना मिश्रित प्रबन्ध काव्य कहना उचित होगा, क्योंकि कवि को कथानक में रोचकता उत्पन्न करने के लिए जहां तहां कल्पना का प्रयोग करना पड़ा है। प्रधानतया कथा के केन्द्र स्थान तीन ही हैं—दिल्ली, कन्नौज, गजनी, नायक के प्रतिद्वन्द्वी खलनायक शहाबुद्दीन गौरी, भीमदेव चालुक्य तथा जयचन्द हैं। कथानक का सम्बन्ध इन्हीं स्थानों तथा व्यक्तियों से है। कवि ने ग्रन्थारम्भ में (प्रथम खण्ड) परम्परानुसार मंगलाचरण किया है। द्वितीय खण्ड में नायक पृथ्वीराज का जन्म, वंशावली तथा दिल्ली-राज्य-प्राप्ति वर्णित हैं। यहां अनंगपाल तोंवर द्वारा पृथ्वीराज को दिल्ली राज्य देना एक कवि कल्पित घटना है। क्योंकि यह घटना पृथ्वीराज-जयचन्द में पारस्परिक वैमनस्य उत्पन्न करने के कारण

कथानक की प्रगति में सहायक सिद्ध हुई है। पृथ्वीराज-जयचन्द संघर्ष यहीं से प्रारम्भ हो जाता है। यही संघर्ष संयोगिता हरण तथा अंततो गत्वा पृथ्वीराज के पतन का कारण बना। तृतीय खण्ड में नायिका-संयोगिता का जन्म, उसका बाल्यकाल, यौवनोल्लास तथा उसकी शिक्षा-दीक्षा का वर्णन है। चतुर्थ खण्ड में नायक का विरोधी दल-जयचन्द, भीमदेव चालुक्य और शहाबुद्दीन गौरी मैदान में आ उतरते हैं। चतुर्दश खण्ड तक नायक ने अपने प्रतिद्वंद्वी भीमदेव तथा जयचन्द को परास्त कर अपनी लक्ष्य सिद्धि संयोगिता को प्राप्त कर लिया और उसके साथ राज महलों में विलासादि सुखोपभोग में मग्न रहने लगा। यह कथानक की चरमस्थिति हैं। यहां कवि ने धीर पुंडीर द्वारा "जैत षम्भ भेदन" नामक काल्पनिक घटना से दिल्ली दरबार के सामंतों में आपसी फूट उत्पन्न करके पृथ्वीराज का अन्तिम पतन निश्चित कर दिया है। १५वें खण्ड में दिल्ली दरबार के सामंतों में आपसी फूट तथा पृथ्वीराज की विलास प्रियता की सूचना पाकर शहाबुद्दीन गौरी द्वारा दिल्ली पर चढ़ाई का वर्णन है। दिल्ली में अपशकुन दिखाई देने लगे। पृथ्वीराज ने अपने दलबल सहित इतिहास प्रसिद्ध तरौड़ी के मैदान में शहाबुद्दीन गौरी का मुकाबला किया, जहां वह पराजित हुआ और मारा गया। परन्तु कवि ने इस ऐतिहासिक तथ्य को अपनी प्रबंध-कल्पना शक्ति के द्वारा गजनी में कैदी तथा "अंषहीन" पृथ्वीराज के हाथों शब्द वेधी बाण द्वारा खल नायक शहाबुद्दीन की मृत्यु करवा कर नायक की प्रतिष्ठा के रूप में परिणत कर दिया है। नायक-पृथ्वीराज की विजय के उपलक्ष्य में आकाश से देवताओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ साथ महाकाव्य की समाप्ति होती है। कथानक के बीच बीच में प्रसंगानुसार पनघट युद्ध, तथा प्रकृत्यादि वर्णन से कथानक हृदयग्राही तथा सरस हो पाया है। इस से काव्य-कथानक में काव्य सौष्ठव तथा उचित संगठन हो सका है।

परन्तु मार्मिक स्थलों की दृष्टि से, जिनका काव्य में समावेश वांछनीय है, यह काव्य शुष्क और नीरस है। यत्र तत्र शृङ्गार रस के छींटों तथा वीर रस की उद्भावना के अतिरिक्त कवि ऐसे सरस अवसर उपस्थित नहीं कर सका जिससे पाठकों के हृदय रसोद्रेक से तरंगित हो उठें। यहां तो एक के पन्चात् दूसरी घटना इतिवृत्त मात्र रूप से घटित होती है। हालां कि कवि को ऐसे अवसर प्राप्त हुए; जैसे:-- संयोगिता की

विरह दशा तथा गजनी में "अंषहीन" पृथ्वीराज की हीन दीन दशा वर्णन से कारुण्य प्रवाह उमड़ सकता था और संयोगिता के मन में विशुद्ध प्रेम की गंगा उमड़ सकती थी।

२. चरित्र चित्रण— तुलसी के समान कवि की दृष्टि जीवन और जगत के विविध कार्य कलाप तथा क्षेत्रों पर, मानव चरित्र चित्रण पर तथा जीवन और विशेषकर सभ्यता तथा संस्कृति की ओर आकर्षित नहीं हुई। और न ही आधुनिक उपन्यासों तथा काव्य ग्रन्थों में वर्णित पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण ही यहां मिलता है। यहां पात्रों के चरित्र में किसी प्रकार का उतार चढ़ाव तथा निजी व्यक्तित्व नहीं झलकता। सब एक ही प्रकार के मौनव्रती वर्गगत पात्र हैं, और ये कवि के हाथ में कठपुतली से प्रतीत होते हैं। कवि को इच्छानुसार सब पात्रों का काम शौर्य-प्रदर्शन तथा स्वामिभक्ति है। वास्तव में महाकवि चन्द का मुख्य उद्देश्य अपने काव्य नायक पृथ्वीराज के शौर्य प्रतापादि वर्णन से है। काव्य में वर्णित समस्त घटनाओं का संबंध जिस किसी भी रूप में पृथ्वीराज से सम्बन्धित है। इसका कारण एक और भी है कि मध्ययुगीय कथा प्रबन्धों में चमत्कार पूर्ण घठनाओं, पात्रों की व्यक्तिगत विशेषताओं तथा कथानक की घटनाओं में उतार चढ़ाव का रिवाज नहीं था। उस समय तो उच्च कोटि के काव्य की विशेषता घटनाओं और वस्तुवर्णन कुशलता पर ही आधारित थी। सो इन दोनों विशेपताओं का निर्वाह रासो की प्रस्तुत प्रति में पूर्ण रूप से हुआ है। रासो की प्रस्तुत प्रति की उक्त विशेषताओं का दिग्दर्शन सोदाहरण उपस्थित हैं:—

वस्तु वर्णन—प्रकृति की पृष्ठ भूमि में प्रथम खण्डगत कृष्ण लीला वर्णन में कृष्ण-गोपियों के रास नृत्यादि का अति सरस वर्णन मिलता है। चन्द्रमा की निर्मल छिटकती हुई चांदनी में मृदङ्गादि वाद्य बृन्दों की ताल पर कृष्ण तथा गोपियों के मध्य भंवरा-भंवरी की रस रीति से नृत्य हो रहा है। ब्रजवनिता वल्लरियों पर कृष्ण-भंवरा चक्कर लगा रहा हैं, उधर प्रत्येक गोपिका भी कृष्ण को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए एड़ी चोटी का ज़ोर लगा रही है। नूपुरों की झंकार है। देवतागण इस नृत्य से प्रसन्न होकर पुष्प-वर्षा कर रहे हैं:

ततथे ततथे ततथे सुरयं । तत थुंग मृदङ्ग धुनि द्वरयं ।

.... खंड १, छं. ८१-८३

इसी प्रकार कृष्ण लीलान्तर्गत दान लीला वर्णन अति सरस तथा शृङ्गारिक छींटों से आसिक्त है ।

४. कन्नौज यज्ञ वर्णन- कन्नौज में यज्ञ के लिये धूमधाम से तैयारियां हो रही हैं। नगाड़े की ध्वनि के साथ ही समस्त नगर सजने लगा। नगर भवनों तथा राज प्रासादों पर सफेदियां हो रही हैं। सर्वत्र द्वारों पर वंदनवारें लटक रही हैं। उधर यज्ञ मण्डप की सजावट के लिए सुनार सुवर्णाभूषण घड़ रहे हैं। यज्ञ मण्डप कैलाश पर्वतवत् सुशोभित है और मण्डप के मीनारों पर लगे स्वर्ण कलश अंधकार को परास्त कर रहे हैं—

सुनि सद्दनि बंधि वंदनवार।
कट्टहि सुहेम गृहि गृहि सुनार।
.... ।
धवलेह धम्म देवर सुवीय।
तम हरहिं कलस कल बींबलीय।
सज्जिया बंभ कैलास वीय। खं० ६. छं० १६-२०

कन्नौज के समीप गंगा तट पर तथा नगर के बाहर हाथी, घोड़े, ब्राह्मण, तपस्वी तथा स्नान करते हुए स्त्री पुरुषों का आंखों देखा बड़ा सुन्दर वर्णन उत्प्रेक्षालंकार से किया है :—

कहूँ संभरेनाथ गट्ठ गयंदा,
मनौ दिष्षियै रूब ऐराव इंदा
... .
कहूँ विप्रते उट्ठे हि प्रात चल्यै।
मनौ देवता स्वर्ग तें मग्ग भूलै। खं० ८ छंद ४८

कहीं तपस्वी ध्यान मग्न बैठे हैं—

कहूँ तापसा तापते ध्यान लग्गे।
तिनै देषते रूप संसार भग्गे। (पाप) खं० ८ छं० ५०

इसके अतिरिक्त गंगा स्नान का महत्व तथा गंगा की ब्रह्म कमण्डल से उत्पत्ति का वर्णन अति मनोहारी है।

गंगा के किनारे अपने सामन्तों सहित पृथ्वीराज का पड़ाव हो जाता है। चन्द कवि पूछते पूछते जयचन्द दरबार की ओर जा रहा है। मार्ग में कन्नौज नगरी का आंखों देखा वर्णन कवि ने किया है। नगर में आकाश चुम्बी भवन हैं, हाट (बाज़ार) विविध मोती माणिक्य आदि अमूल्य विक्रेय वस्तुओं से सुसज्जित हैं। दानव समान भटगण इधर उधर घूम रहे हैं और कहीं "हय गय जूथों" की ठेल पेल है। इसके अतिरिक्त कवि की रसिक दृष्टि वेश्या हाटक पर भी जा अटकती है। यहां बांके छैल छबीलों का जमघट है, परन्तु बिना पैसे के यहां काम नहीं चल सकता:—

जिके छैल संघट्ट वेशा सुरत्ते।
तिके द्रव्य के हीन हीनेति गत्ते॥

इनकी अटालिकाओं में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिये रात भर कोकिल कंठों से मधुर राग लहरिएं थिरकती रहती हैं। इसके अतिरिक्त कवि ने यहां वेश्याओं के वस्त्र, आभूषण बनाव श्रृंगार तथा सुगन्धित पर्यंक आदि का भी आंखों देखा वर्णन किया है। देखिये एक वेश्या की अंगुली मुद्रिका का वर्णन भ्रान्तिमान् अलंकार से :—

दु अंगुली नारि निरषहि हीर।
मनौ फल बिंबहि चंपै कीर। खं० ८ छ० १०१

राजदरबार के द्वार पर पहुँच कर कवि ने दरबारी भाट दसौंधी के प्रश्न करने पर जयचन्द के दरबार तथा उसके यश प्रताप का अदृष्ट वर्णन बड़े सुन्दर ढंग से किया है। लुप्तोमा की एक झलक देखें : —

मंगल बुध गुरु शुक्र शनि, सकल सूर उद्दिट्ठ।
आतप ऊ धुवतं तमै, सुभ ज़ै चंद वइट्ठ॥

इसी प्रकार जैचन्द के सम्मुख उपस्थित होकर कवि ने उसके शौर्य पराक्रम का वर्णन बड़ी ओजस्विनी भाषा में किया है। जयचन्द ने क्षत्रियों के छत्तीस वंशों को स्ववश किया हुआ है परन्तु—

वंस छत्तीस आवेह कारे।
एक चाहुवान पृथिराज टारे। खं० ९ छं० ३७

क्यों न हो, चन्द अपने स्वामी तथा सखा पृथ्वीराज की हेठी कैसे होने दे। उसी का यश प्रताप वर्णन करने के लिए तो प्रस्तुत काव्य की रचना की गई है।

जयचन्द की नृत्यशाला में चन्द रात्रि के समय नृत्यादि देखने जाता है तो उस का वर्णन कितना सुन्दर तथा सरस है। रंगमंच मृदुल मृदंग ध्वनि से गुंजरित है और शुद्ध छंदों द्वारा राग अलापे जा रहे है। समस्त रंगशाला अगरबत्ति आदि सुगंधित द्रव्यों से सुवासित हो रही है:—

मृदु मृदंग धुनि संचरिग, अलि अलाप सुध छंद।

....

जलन दीप दिय अगर रस फिरि घनसार तमोर। खं० ९ छं० ७९

तबले पर थाप पड़ रही है और सात स्वरो का अलाप हो रहा है :—

ततथेई ततथेई ततथे सुमंडियं।

तत थुंग थुंग थुंग राग काम मंडियं।

सर गिग म प्पि ध न्नि धा धनु धनि तिर षिषयं। खं.९ छं. ८२

और नूपुरों की झंकार से रंग शाला गुंजरित हैं—

"रणंकि झंकि नूपुरं बुलंति तोरनं झनं। खं. ९ छ. ८३

ऐसी सुन्दर रमणियों का लय ताल स्वरादि युक्त नृत्य देखने से दर्शकों के लिये ब्रह्म मुक्ति के द्वार खुले हैं —

निरत्तते निरषि जानि बंभ मुत्ति वाहिनी। छं. ९ छं. ८५

यहां यद्यपि कवि ने किसी अलंकार तथा व्यंजना आदि का आश्रय नहीं लिया फिर भी वाद्य-बृंदो तथा नूपुरों की झंकार के साथ भाषा किस प्रकार थिरकती सी प्रतीत होती है।

युद्ध वर्णन पृथ्वीराज रासो वीर रस प्रधान काव्य है प्रस्तुत प्रति के १९ खण्डों में से १५ खण्डों में जिस किसी भी रूप में युद्धार्थ तैयारी अथवा युद्ध का विशद वर्णन है। विशेषता इस में यह है कि जायसी के पद्मावत की तरह काल्पनिक अथवा परम्परागत युद्ध वर्णन नहीं हैं। यहां तो कवि सदा रणांगण में अपने स्वामी के अंग-संग रहता है। प्रत्येक युद्ध में कुछ न कुछ नवीनता है। आलंकारिक अतिशयोक्ति नहीं, स्वाभाविक आंखों देखा सा वर्णन है। कुछ उदाहरण देखिये :—

संयोगिता हरण प्रसंग में पंगराज जयचन्द की सेना पृथ्वीराज से युद्ध करने के लिये उमड़ीं चली आ रही है। इतनी भारी सेना को देख कर इंद्र भी कांप उठा और अस्सी लाख घोड़ों के भार से शेष नाग व्याकुल हो गया—

"पल्लान्यौ जयचन्द मरद सुरपति ग्राकंप्यौ।
ग्रसिय लष्ष तुष्षार भार फणपति फण संक्यौ।। खं० ६ छं० १०७

वर्णानुप्रास द्वारा—देखिये हाथी घोड़ों की ठेल पेल से बराह कूर्म शेषनाग ग्रौर नादिया बैल सब पंग सेना के वोझ से तिलमिला रहे है :—

हय गय दल धसमसहिं, सेसु सलमलहि सलक्कहिं।
महि कूरम ग्रहि बराह मेर, भर भार हलक्कहिं। ६-६०८

ग्रौर हांफते हुए घोड़ों की मुख लार (झाग) से पृथ्वी पर कीचड़ हो गया है :—

"हय लार बहत भीजंत थल पंक चिहुट्टहिं चक्कवै।

जिस जयचन्द की फौज को ऐसी देख कर समस्त पृथ्वी तथा इन्द्रादि देवता कांप रहे हैं, उस पंगराज की सेना का मुकाबला पृथ्वीराज के बिना कौन करे। क्यों न हो, चन्द कवि को पृथ्वीराज के ग्रतिरिक्त संसार में ग्रौर स्वर्ग में कोई ग्रधिक बलवान् क्यों नजर ग्राए :—

पंगुरौ चढ़चौ कविचन्द कहि, विनु पृथिराज हि को सहै। ६-११६

पृथ्वीराज की सेना के भार से तो पृथ्वी समुद्र पर्वतादि सब डगमगा रहे हैं ग्रौर प्रलय सी मच गई है :—

......................धरनि धसमसहि हयनि भर।
सर समुद्द षरभरहिं डट्ढ दल ढाल करक्कहिं।
कमट पीठि कलमलहिं पुहमि से प्रलौ पलट्टहिं। ६-११७

जयचन्द ग्रौर पृथ्वीराज को समरांगरण में उपस्थित देख कवि ने चन्द्र सूर्य से उपमा दी:—

तहां ग्रप्पुव्व कव्वि चन्द पिष्यौ ? तरनि द्विजराज सम तेज दिष्यौ। ६-१२६

पृथ्वीराज की क्रोधित सेना पंग सेना पर लंका पर वानरों की तरह टूट पड़ी :—

उत्परै रोस पृथिराज राजं। मनौ बैनरा लंक लागेहि काजं। १०-६

घमासान युद्ध के कारण ग्रासमुद्र धूलि उड़ रही है ग्रौर धूलि से उठे हुए ग्रंधकार के कारण कुछ भी तो नजर नहीं ग्राता :—

"तहां उट्ठियं रेण ग्राया समुदं।
....
छत्र छिति भारं दीसै न पत्ता। १०-७

क्रोधित उभय पक्षीय योद्धागण आघात-प्रतिघातों को ऐसे सहन कर रहे हैं—जैसे शिव ने गंगा के आघात को सहन किया।

मनौ झिल्लवै सीस त्रिनैन गंगा। १०-८

सेना का ऊपर को उठता हुआ घटाटोप रंग विरंगे बादलों की तरह उमड़ रहा है—

मनौ तहां टोप टंकार दीसै उतंगा।
मानौ बद्दलै पंति बंधी सुरंगा॥ १०-६

मदोन्मत हाथी सेना के आगे हैं। ये सूंडो से प्रहार भी करते हैं—

दिष्पियं मंत मयमंत मंता। छत्रहं रंग अंगे दुरंता।
.........सूंडे प्रहारे। सार समूह धावै करारे। १०-१८

हाथियों की झपट से स्वर्ग-पाताल भी कांपते हैं—

सीस सिंदूर गज झंप झंपै। देषि सुरलोक पायाल कंपै। १०-२२

युद्ध में तलवार, भाले तथा अन्य शस्त्रास्त्र प्रहारों के अतिरिक्त बाण वर्षा इतनी हुई कि सूर्य देवता भी नजर नहीं आते :—

"वहै वान कम्मान दिसै न भानं। १०-५१

योद्धागण शवों पर भागते हुए युद्ध कर रहे हैं—

"भर उप्पर भर परहिं, धरह उप्परि धावंतनि। ११-१

पृथ्वीराज के क्रोध की भी एक झलक देखिए—

"तव नरिंद जंगली कोह, कट्ढचो सुबंक असि। ११-४

और फिर क्या था शत्रु के होश हवाश उड़ गए।

"अरि धम्मिल धुंधरिग, हुअ रन मैद्धिति ससि"।

युद्ध के नगाड़ों की ध्वनि से कायर तथा हाथी चौंकते हैं तथा योद्धागण एक दूसरे का वार बचा कर वार कर रहे हैं—

धम्मकिय धोम निसांन निनद्द।
चमक्किय कातर सिंधु रसद्द।
घमंडित सिंधु रसं षुर रेन।
गहम्मह वंचि क्रम्यौ सब सेन। ११-१०

युद्ध में योद्धाओं के कटे हुए सिर भी आवाजें कसते हैं और कबंध मार धाड़ करते हुए नाचते हैं—

हंकति सिर विकंध, नचित धर कवंध। ११-६४
"दस तीनि कवंध उठंत लरै। ११-४६

युद्ध में लड़ते हुए भटों की तलवार-ढाल, नेजे और सांग की खड़खड़ाहट के साथ राजपूत वीरों की मुंछें भी कैसे फर फर कर रही हैं—

भिरै सांग सूं सांग, नेज नेजनि फरक्कै।
ढाल ढाल ढहढहै, गहै मुछनि फररक्कै। १६-८१

१६, १७, तथा १८वें खंडों में पृथ्वीराज-शहाबुद्दान की सेना में इतिहास प्रसिद्ध पानीपत की लड़ाई का वर्णन बड़ा विस्तृत तथा सजीव है। यहां अनेक प्रकार की व्यूह-रचना के साथ यबन सेना का वर्णन, हाथी घोड़ों की ठेल पेल तथा राजपूती सेना का शौर्य पराक्रम का वर्णन है। विस्तार भय से उसका दिग्दर्शन करना कठिन है। फिर भी एक दो उदाहरण देखिए—

दोनों सेनाओं में घमासान युद्ध हो रहा है। शस्त्रास्त्रों के प्रहारों से सिर कट कट कर पृथ्वी पर दौड़ रहे है और स्वर्ग में अप्सराएं इच्छानुसार वर चुन रही हैं (युद्ध में वीर गति मिलने से योद्धागण सीधे स्वर्ग में पहुँचते हैं)—

दुहुँ हक्कहु छक्क, सीस टुट्टै धर धावहिं।
आनंदित अपच्छरा, अप्प इच्छावर पावहिं। १६-२६

तलवारें आग उगल रही हैं—

षग्ग झार झार" १६-३२

युद्ध में भारी शास्त्रों की खनखनाहट तथा गुरजों की खड़खड़ाहट से किस तरह फटाफट सिर फूट रहे हैं जिस से पृथ्वी खून के फव्वारों से तर हो गई और घोड़े भी खून से लथ पथ है—

पृथु आउध फुट्टहिं गुरज्ज, वज्जिय गुरज्ज पर।
जनु पषांन बुंद रूंद चन्द, लग्गिय दुज्जन घन।
टुट्टि टटर सिर श्रोण छिछ, उट्ठिय भुमि बुट्ठिय।
तुरग रत्त मन मत्त सहस, आउध ले उट्ठिय। १०-२

तलवारों की मार धाड़ से लाशों के ढेर लग गए और बिना सवार के हाथी घोड़े युद्ध-मैदान में इधर उधर घूम रहे हैं—

असिजं असिजं असिजं जघयं।

लुत्थि लुत्थि उलत्थि पलत्थि पयं ।
गज वाजि फिरक्कि फिरै हथियं । १७-३

प्रकृति वर्णन—चन्द कवि का प्रकृति के प्रति विशेष ग्राकर्षण नहीं है। कारण इसका यही है कि उसकी दृष्टि काव्य नामक पृथ्वीराज के विलास, वैभव, ग्रद्भुत वीरता तथा यश-प्रताप वर्णन तक ही सीमित है। चन्द ने प्रकृति को ग्रालम्बन रूप में ग्रहण नहीं किया। यथा तथ्य रूप से वस्तु परिगणन-शैली की प्रधानता है। कवि का प्रकृति के प्रति कोई रागात्मक सम्बंध नहीं हैं ग्रौर न हीं सूक्ष्म निरीक्षण की पैनी दृष्टि ही है। हां शृंगारिक प्रकरणों में प्रकृति का उद्दीपन रूप में ग्रवश्य ग्रहण हुग्रा है। रूप चित्रण के ग्रवसर पर उपमान ग्रौर उपमेय के रूप में भी कवि ने प्रकृति का उपयोग किया है। षट-ऋतु वर्णन कामोद्दीपन की पृष्ठ भूमिका है। यहां प्रकृति में भावों को तीव्रता प्रदान करने की, तथा मानव भावनाग्रों को प्रभावित करने की शक्ति दृष्टिगोचर नहीं होती। कुछ उदाहरण देखिए :---

कृष्ण-लीला वर्णन प्रसंग में व्रज के मधुवन का वर्णन करते हुये, कवि ने ग्रनेक पक्षी तथा वृक्षादिकों के नाम गिनाए हैं। विविध मालती तथा केतकी ग्रादि लताएं पुष्पों से विकसित हैं। दाड़िम खजूर, सहकार ग्रादि वृक्ष फलों से लदे हुए हैं। इन वृक्षों पर मोर, वानर, तोते, मैना ग्रादि पक्षी गण चहचहाते हुए कल्लोलें कर रहे हैं :—

कहं विज्ज विज्जोर पीयूषभारं।
लुठे भुम्मि भुम्मे मनौ हेम नारं।
कहं दाडिमी सुव चंचानि चंपै।
मनौं लाल माणिक्क पेरोज थप्पै। १-१४०

कुछ ऐसा ही प्रकृति वर्णन धनुष भंग यज्ञ प्रसंग में नगर वाटिका वर्णन में हुग्रा है। जायसी के पद्मावत में भी ऐसी परिगणन शैली है। ऐसे प्रकृति-वर्णन प्रसंग में कवि ने प्रकृति-सौन्दर्य से मानव मन पर जो हर्ष उल्लासादि भाव जागृत होते हैं उन का वर्णन नहीं किया। हां, कामोद्दीप्ति के लिए कृष्ण-गोपियों की शृंगारिक उछल कूद का प्रतिबिंब प्रकृति के रूप में उल्लसित होता है। ऐसे स्थलों में उत्प्रेक्षालंकार की ग्रनोखी उद्भावनाएं भी कवि ने की हैं। संयोगिता हरण के पश्चात् त्रयोदश खण्ड में शृंगारिक

पृष्ठ भूमि के रूप में षट् ऋतु-वर्णन सुन्दर तथा मनोहारी है। एक ऋतु का नमूना देखिए—

रिम झिम करती वर्षा ऋतु में संयोगिता अपनी सखियों के साथ राजमहल के उद्यान में उमड़ते हुए सावन के बादलों की छाया तले गीत ध्वनि के साथ साथ झूलना झूल रही है :—

जल बुट्टि उट्ठि समूह वल्लिय, सुश्रम श्रावन ग्रावनं।
हिंदोल लोलति चाल सषि सुर, ग्राम सुख सुर गावनं। १३-२५

पुष्प रस से सुगंधित रंग विरंगे महीन (चीरा) दुपट्टे में संयोगिता तथा उसकी सहेलियों के सुप्रसाधित केश पाश (जूड़ा) तथा चन्द्र-मुख किस प्रकार झलक रहे हैं :—

कुसुमंत चीर गंभीर गंधति, मंद बुंद सुहावनं।
ढरकंत बेनिय बद्धए निय, चंद सेनिय ग्राननं। १३-२६

ऐसी रंग रंगीली वर्षा ऋतु में बादल क्या गरजते हैं मानों कामदेव सब दिशाओं में अपनी शक्ति का डंका बजा रहा हो :—

"मनौं निसान दिसाननि, ग्रानि ग्रनंग ग्रान दिय" १३-३०

पृथ्वी हरित है सर्वत्र लताद्रुम लहलहा रहे हैं, परन्तु जब तक मोर दादुरों की कूक ग्रौर टर्र टर्र सुनाई न दे तो वर्षा ऋतु शोभित नहीं होती—

"नद रोर दद्दुर मोर सद्धुर, वनसि वन वन वद्दयं"। १३-३१

इसी प्रकार प्रत्येक ऋतु का उल्लासमय वर्णन के पश्चात् पृथ्वीराज संयोगिता रति क्रीड़ा का प्रारम्भ होता है :

शरद् ऋतु में प्रकृति के उपमान उपमेय के माध्यम से पृथ्वीराज-संयोगिता की काम क्रीड़ा का वर्णन रूपकातिशयोक्ति अलंकार द्वारा एक झलक देखिए—

ग्रसि सरद सुभगति राज मन्त्रित सुमन काम उमद्दयं।
नव नलिन ग्रलि मिलि ग्रलि ति ग्रलि मिलि, मिलित ग्रलि व्रत मंडियं। १३-३३

साथ में अनुप्रासालंकार की छटा भी देखने योग्य है।

७ रूप चित्रण—युद्ध सम्बन्धी शस्त्रास्त्रों की खनखनाहट तथा वाणों की वर्षा में भी कवि की रसिक प्रवृत्ति में शृङ्गारिक भावनाओं से ग्रोत प्रोत हृदयग्राही ग्रद्भुत रूप चित्रण किया है :-

यौवनावस्था को प्राप्त होती हुई (वयःसंधि) संयोगिता की सखियों

के साथ उछल कूद यौवनोल्लास, लज्जा तथा उसकी क्रीड़ाओं का एक उदाहरण उत्प्रेक्षालंकार से देखिए—

शुभ सरल वार वलया सुथोर। अंकुरे मनहुँ मनमत्थ जोर। ६-२६

संयोगिता के घुंघराले केश मानों कामदेव के अंकुर हैं। उसके अधर, कोमल, सुगन्धित तथा अरुण किसलय समान हैं, भाल पर मंजरी तिलक सुशोभित हैं—

अधरत्त पल्लव सुवास। मंजरिय तिलकु मंजरिय पास।। ६-३१

संयोगिता के यौवनोद्गम के साथ प्रकृति भी अपने पूर्ण यौवन पर है। फल पुष्पों से लदे वृक्ष कामदेव की सेना के हाथियों की तरह झूल रहे हैं—

तरु भरहिं फूल्ल इह रत्त नील।
हलि चलहिं मनहुँ मनमत्थ पील।। ६-३३

कवि ने अपनी आराध्या देवी दुर्गा का रूप चित्रण रासो में कई स्थानों पर किया है। परन्तु यहां भी कवि अपनी शृंगारिक भावनाओं को दबा नहीं सका। सम्भव है यहां कवि कालिदास के कुमार सम्भव में वर्णित सती पार्वती के शृङ्गारिक रूप चित्रण से प्रभावित हो। देखिए शक्तिमती दुर्गा के कानों में मोतियों के कर्ण कुण्डल मानों कामदेव की रथ के दो पहिए हों –

'श्रवन्न तट्ट पिक्कए, अनंग रत्थ चक्कए"। ७-२२

और चन्द्र मुख पर बिखरे हुए काले केश सर्प हैं :—

"क इन्द केस मुक्करे, उरग्गवास विट्ठरे"। ७-२७

और सुशोभित देवी का रूप लावण्य कामदेव का कूप है (सम्भव है कामी जनों के डूबने के लिए)

"सुसोभितानि रूपये, अनंगजान्नि कूपये। (७-३०)

कन्नौज के समीप गंगा तट पर कुछ पनिहारिनें जल भरने के लिए आई हैं। अनुप्रास तथा उत्प्रेक्षालंकार द्वारा कवि ने इनके रूप सौंदर्य का अद्भुत चित्र खींचा है: —

कटित्त सोभ सेषरी, बन्यौत जानि केसरी।
अनेक छछि छत्तियां, कहंत चंद रत्तियां।

दुराइ कुच्च उच्चरे, मनौ अनंग ही भरे।
रुरंत हार सोहए, विचित्त चित्त मोहए। ८-७१

माना कि कटि तो जंगल में रहने वाले सिंहलंकवत् है, परन्तु कुचों का उभार तो देखिए, ये न कुचकुम्भ हैं और न इनमें कठोरता है। ये तो मानों कामदेव के रस-भरे रसगुल्ले हैं। और इन कुचों पर मोतियों के हार उछल रहे हैं फिर दर्शकों के चित्त मोहित क्यों न हों ?

इसी प्रकरण में व्यतिरेकालंकार द्वारा रूप चित्र की एक छटा और देखिए:—

अबद्ध ऊंच भौंह ही, चलंति ऊँह सौंह ही।
लिलाट आड लग्गए, सरद्द चन्द लज्जए। (८-७२)

आड (तिलक) से सुशोभित मुख शरद् ऋतु के चन्द्रमा को लज्जित करता है। ये तो केवल कन्नौज कीं पनिहारियां ही हैं। राज-प्रासाद में रहने वाली राजकुमारियों तथा राज महिषियों की सुन्दरता न जाने कैसी होगी ? इनको देखने मात्र से ही दर्शक गण कामदेव की तरंगों में तरंगित होने लगते हैं:—

रूव भुब देषि, अवरेषि दग्यौ।
मनौ काम करदाय. उड़ि आपु लग्यौ। (८-७९)

ऐसी रमणियों के उतुंग नितम्बों से हाथियों को भी ईर्ष्या होती है, और हैरानी की बात तो यह है कि नितंबों के ऊपर कटि प्रदेश—"गयंद रिप्पु" है, अर्थात् कटि सिंह लंकवत् है:—

नितंबं उतंगं जरेवे गयंदं। मधे रिप्पु षीनं, रष्यौ है गयंदं।

यहां रूपकातिशयोक्ति (भेदेप्यभेद) द्वारा कितनी रोमांचकारी रूप सौंदर्य की भावना उपस्थित की गई है।

रस निरूपण— कवि की निम्नलिखित उक्ति --

रासौ असंभ नव रस सरस, कविचन्द किय अमिय सम।
शृङ्गार वीर करुण विभच्छ भय अद्‌भुत हसंत सम।

के अनुसार रासो में शृंगार वीरादि रसों का वर्णन हुआ है। वैसे तो चन्द कवि के केन्द्र बिन्दु दो ही रस हैं: --वीर और शृङ्गार। अन्य रसों का चित्रण बहुत ही गौण रूप में किया गया है। काव्य में वीर रस की प्रधानता होते हुए भी शृङ्गार रस के रंग विरंगे छींटें कम नहीं हैं।

९ **वीर रस**—का बहुत सा दिग्दर्शन युद्ध वर्णन में हो चुका है। विस्तार भय से एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा।

पृथ्वीराज संयोगिता के साथ विलास में इतना आसक्त है कि उसे अपने राज्य की कोई सुध बुध नहीं। राज पुरोहित गुरुराम और चंद कवि सम्भरि नरेश की इस विलासपूर्ण आसक्ति से चिंतित हो उठे। उधर शहाबुद्दीन; पृथ्वीराज की राज्य के प्रति इस उदासीनता से लाभ उठाकर युद्ध के नगाड़े बजाता हुआ दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। चन्द ने निम्न-लिखित पद अपने स्वामी को सचेत करने के लिए दासी के द्वारा अन्तःपुर में भेजा—

"गोरीय रत्तौ तुव धरनि तूं गोरी अनुरत्त"। १४-३२

(शहाबुद्दीन गौरी तुम्हारे राज्य पर अनुरक्त है और तुम गोरी—संयोगिता के प्रेम में आसक्त हो)

अब शहाबुद्दीन का नाम सुनते ही पृथ्वीराज क्रोध से भड़क उठे। और संयोगिता का ख्याल छोड़ कर युद्ध की तैयारियां करने लगे :—

सुनि कग्गद कुग्रौ सुकर, धर रष्षै गुरु भट्ट।
तमकि तून सिंगिनि सुकर, जिमि बदल्यौ रस नट्ट। १४-४३

श्रृंङ्गार से वीर रस परिबर्तन का कितना सुन्दर उदाहरण है।

१०. **श्रृंगार रस**—रासो की प्रस्तुत प्रति में मुख्यतया संभोग श्रृंगार का ही वर्णन है, विप्रलम्भ श्रृङ्गार यहां दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

रति क्रीड़ा आरम्भ होने से पूर्व संयोगिता के षोडश श्रृङ्गार की एक झलक देखें: -

सुरेष कज्जलं दुनं, धनुक्क संगुनं मनं।
सनासिका समुत्तियं, तमोर मुष दुत्तियं।
....
सुकट्टि मेषलां भरं, सरोह नूपुरं जनं।
सताह हंस सावकं, तलेन रत्त जावकं।
सवीर चातुरी रसं, श्रृङ्गार मंडि षोडशं।
सुगंध गोय चिहुए, अभूषनन्ति भूषए ॥१२-१४-५

अब रत्यारम्भ में संयोगिता की स्त्री स्वभाव लज्जा देखिए -

लज्जा माल कटाच्छ लोकन कला, अल्पस्तथा जल्पनं।

रत्यारम्भ भयाइ पिम्म सरसा, गेहस्स बुझ्याइनो।
धीरं जे इत्थ माय चित्त हरणं, गुह्यस्थलं शोभनं।
शीलं नीर सनात नित्य तन, सा दून आभूषणं ॥१३-१६

और पृथ्वीराज-भंवरा संयोगित-मंजरी का रसास्वादन करने लग जाता हैं—

रस धुंटिय लुट्टिय मयन, टुट्टि नतं जरि जाइ।
भर भग्गत कच्छह सुमी, अलि-भरि मंजरियांह ॥१३-१८

और भंवरा-भंवरी हर समय रस-सरोवर में डूबे रहते हैं—

अलि अलि एकत मिलि, रस सरवर संयोग।
ते कवि चित्रिय वर सरस, पहु प्रगटित रति भोग ॥१३-१६

शिशिर ऋतु में उत्तेजक घनसार कस्तूरी आदि मिश्रित सुवासित सुरा का प्रयोग भी होता है। इससे रति क्रीड़ा में लज्जा "भज्जित" हो जाती है और शरीर में एक प्रकार की कंपकपी उत्पन्न होने से बोला भी नहीं जा सकता :—

घनसार मृगम्मद पान कियं,
छिन भज्जित लज्जित लोचनयं,
तन कंपत जंपत मोचनयं, १३-६३
तन कंपत जम्पत मोचनयं। १३-६३

रति क्रीड़ा में संयोगिता के गले का हार टूट गया। मोती श्रम बूंदों की तरह उसके वक्षस्थल पर लुढ़क रहे हैं—

रति विछुट्टित पंति चंगं। श्रम बुंदिनि मुत्ति झरै उरनं॥

और साथ ही रति प्रसंग में कटि मेखला की क्षुद्र घटिकाएं भी झनझना रही हैं :—

कटि मण्डल घंट रवन्ति रवै, सुर संज मंजीर अमृत श्रवै,
रति उज्ज-अमोज तरंग भरी। हिमवंत रीति रति राज करी ॥१३–६६

शीत ऋतु की समाप्ति पर वसन्तागमन के साथ साथ भंवरा-भंवरी (पृथ्वीराज-संयोगिता) के मन में आनन्द छा गया और सहकार वृक्ष पर कल कंठी कोयल की कुहू २ के साथ ही अन्तःपुर (सुधांम) में भी काम क्रीड़ा (धमारि) का उधम मचने लगा।

पव भंगति सीत सुगंध सुमंद। लगे भमरी तन मन्न अनन्द।

जगि जग्गि सवनि लता भई दार=(विकसित)
सुनि कन्नि कंठीय कंठ सहार। कुहु कुहू काम सुधांम धमारि ।।१३–१०३

और भंवरा सायंकाल होते ही नलिनी रूप अलिनी-संयोगिता का रसास्वादन करने के लिये नलिनी में जा बैठा :–

उदे नलिनि अलिनि रद मंझ।
मधुव्रत मद्धि वसौ जिमि संझ।। १३–१०५

और प्रात: काल होने पर भंवरा नलिनी का संग विवश होकर छोड़ता है –

तज्यौ तन कंत दसंत प्रभात। १३–११७

संयोगिता के पीन नितंबों पर लटकती हुई मेषला, काम देव के बाणों को लटकाने के लिये तूणीर का काम दे रही है—

रस नेव रंज नितंबिनी, कुसुमेष एष विलंबिनीं। १४–२१

और फिर उरोजों के भार से पतली कमरिया लचकती जा रही है, अत: स्थूल नितंब कुच कुम्भों के भार को सहन करने के लिये मानो खम्भ लगे हुए हों–

उर भार मद्धि विभंजन, दियय उरोज जु थम्भनं। १४–२१

ऐसे कुच-कमलों को जगली, राव (पृथ्वीराज) स्पर्श करता है तो कलिकाल के दोष (पापों) से मुक्ति मिल जाती है—

कुच कंज़ परसत जंगली मुष मोष दोष कलक्कली। १४–२३

इस के अतिरिक्त रासो में करुण, वीभत्स, अद्भुत तथा भयानक रस का चित्रण भी कवि ने यत्र तत्र किया है विस्तार भय से यहां उन सब का वर्णन कठिन है।

११ अलंकार–"अलंकरोतीति अलंकार:" अलंकार शब्द की इस व्युत्पत्ति के अनुसार अलंकार काव्य सौन्दर्य की वृद्धि के साधन हैं न कि साध्य। अलंकारों की अधिक ठूंस-ठांस से काव्य सौन्दर्य में चमत्कार की अपेक्षा भाव व्यंजना में क्लिष्टता उपस्थित हो जाती हैं। अलंकार काव्य के लिये है न कि काव्य अलंकारों के लिये। महा कवि चन्द ने रासो में अलंकारों का प्रयोग स्वभाविक रूप से किया हैं। शब्दालंकारों में कवि का झुकाव अनुप्रास तथा यमक की ओंर अधिक है और अर्थालंकारों में सादृश्यमूलक

अलंकारों की ओर, और वहां भी उत्प्रेक्षा उपमा आदि का अधिक प्रयोग मिलता है। कुछ उदाहरण देखिए—

(१) शब्दानुप्रास–

मधु रिपु मधु रितु मधुर सुष, मधु संगत कति गोप।
मधु रति मधुपुर महल सुष, मधुरित नौतन ओप। १–१४६

(२) वर्णानुप्रास– झर झ्झर सेन झंकिय सार।
धर प्पर लुत्थिय ढरे घन धार॥ ११–१६

अन्यच्च—नद रोर दद्दुर मोर सद्धुर वनसि वनवन वद्दयं। १३-३०

(३ यमक— गोरीय रत्तौ तुव धरनि, तूं गोरी अनुरत्त। १४—३८

"गोरी" शब्द में यमकालंकार के साथ साथ अर्थ गंभीर्य भी दर्शनीय है। (गोरी—संयोगिता, गोरीय—शहाबुद्दीन गौरी)

(४) लुप्तोपमा – मंगल बुध गुरु शुक्र शनि, सकल सूर उद् दिट्ट।
आतप ऊ ध्रुवतं तमै, सुभ जैचन्द दइट्ठ।

यहां मंगल तथा बुधादि नक्षत्रों में चंद समान प्रतापी जयचन्द अपने दरबारियों के मध्य विराजमान हैं। यहां जयचन्द उपमेय है और "चन्द" उपमान, समान धर्म वाचक शब्द के न होने से लुप्तोपमा। "चंद" शब्द से कवि ने दो काम लिये हैं—जयचन्द और चन्द्रमा, अतः श्लेष भी हो सकता है।

(५) उत्प्रेक्षा - उडु मध्य विराजित जानि दुजं। ०-३७

अपने राज दरबार में सिंहासनासीन पृथ्वीराज सामंतों के मध्य विराजमान मानो तारागणों में चन्द्रमा हो।

(५) रूपक—मनौ मयंक फंद पासि, काम काल दल्लिए। ९-१३९

मयंक-पृथ्वीराज को काम-काल ने अपने फंदे में आवेष्टित कर लिया। यहां कवि ने रूपकालंकार की व्यञ्जना के साथ साथ संयोगिता के प्रेम पाश में फांस कर पृथ्वीराज के भावी पतन (मृत्यु) की सूचना दे दी है।

हाथियों के "पाषर" (लोहे के झूल) मानों बादलों में बिजली की चमक हों—

पाषरां झलक गज एम झलषे।
मनौ बीज चमकंति घन मेघ पष्षे। १०-८८

हाथी के सांग लगने से उसने सूंड उठा कर चिंघाड़ा तो कवि की उत्प्रेक्षा देखिए—

लगि मुषि सांगि गयंद निहेरी। मनौ गज राज बजावत भेरी। ११-१५

एक और उदाहरण देखिए—

धवलह चढ़ी निरषहिं नारि।
गौषनि रन्ध्र राजकुमारी।
मानहुँ तडित अभ्र समाज। २-५२-३

महल के वातायनों में बैठी हुई राजकुमारियां तथा अन्य रमणिएं बादलों में मानों बिजली की झलकारें हों—सम्भव है कवि की ऐसी उत्प्रेक्षात्मक कल्पना बिलकुल निराली ही हो।

रमणियो के कानों में पहने हुए ताटंक मानों पूर्णिमा-रात्रि में दो चांद चमक रहे हों—

राजत श्रवन रवनि ताटंक। राका मानों उभय मयंक।

(७) अपह्नुति—स्त्रियों के भाल पर रत्न जटित तिलक दीपक ज्वाला की झलक है:—

तिलक नग रंग-जटित भाल, हुबहु झलक दीपक जाल।

(८) उल्लेखालंकार—की एक झलक और देखिए

कन्नौज में गंगा तट के समीप पृथ्वीराज पंग सेना से युद्ध कर रहा है। गंगा तटस्थ महल में संयोगिता की परिचारिकाओं तथा अन्य सुन्दरियों के मन में युद्ध-रत पृथ्वीराज को देख कर कई भाव उत्पन्न हुए—

"दिष्षित सुंदरि दल वलनि, चमकि चढत अवास।
नर कि देव किधुं कामहर, किधुं कच्छु गंग विगास॥
इक्क कहहि दुरि देव इह, इकु कहि इंद फनिंद।
इक्कु कहै अस कोटि नर, इक पृथ्वीराज नरिंद॥६-१२६

और विचारी संयोगिता तो श्रृङ्गार रस के अनुभावों में भीग गई—

सुनि रव पिय पृथिराज कौ, उभय रोम तन रंग।
स्वेद कंप स्वर भंग भौ, सपत भाय तिहि अंग॥ ६-१३२

इसके अतिरिक्त भ्रांतिमान्, तद्गुण, अनन्वय, दीपक तथा विभावना आदि अलंकारों की व्यञ्जना प्रस्तुत प्रति में सर्वत्र अभिव्यंजित हुई है।

छंद

संस्कृत साहित्य में अधिकतर वर्णिक छंदों का बाहुल्य है, क्योंकि

संस्कृत छंद वैदिक साहित्य से विकसित हुए हैं। फिर भी उक्त साहित्य में मात्रिक छंदों का सर्वथा अभाव नहीं कहा जा सकता। इसी प्रकार अपभ्रंश साहित्य के छंद प्राकृत साहित्य के छंदों से विकसित हुए हैं। प्राकृत छंद प्रारम्भ काल से ही मुख्यतया मात्रिक रहे हैं। अतः अपभ्रंश साहित्य में अधिकतर प्राकृत छंदों का प्रयोग हुआ है। इस के अतिरिक्त यहां संस्कृत के वर्णिक तथा संयुक्त छंदों को भी अपनाया गया है। क्योंकि अपभ्रंश साहित्य का विकास चारण परम्परा से हुआ माना जाता है। चारण कवि अपनी आजीविकार्थ राज दरबारों में तथा रण क्षेत्र में शृंगार तथा वीर रस की उद्भावना के लिए अथवा विशेष नृत्य और लय ताल आदि के लिए छंदों का विशेष ढंग से उच्चारण करते थे। एतदर्थ उन्हें अपनी सुविधा के लिए नूतन छंदों की कल्पना भी करनी पड़ी। अतः अपभ्रंश साहित्य में मात्रिक, वर्णिक तथा संयुक्त तीनों प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ है।

पृथ्वीराज रासों में वर्णिक, मात्रिक तथा संयुक्त तीनों प्रकार के छंद प्रयुक्त हुए मिलते हैं। रासों में अधिकतर प्रयुक्त तथा प्रसिद्ध छंद गाथा, पद्धड़ी कवित्त तथा दोहा हैं। रासो की प्रस्तुत प्रति में यत्र तत्र छंदों भंग दोष को सुधारने ।Amend का प्रयत्न नहीं किया। प्रस्तुत प्रति में प्रयुक्त छंदों की तालिका निम्नोक्त है :—

मात्राछंद	वर्ण वृत्त	संयुक्त वृत्त
१ गाथा	१२ अनुष्टुप	२३ कवित्त
२ त्रिभंगी	१३ साटक अथवा शाटका	२४ कुंडलिया
३ दूहा	१४ भुजंगी	२५ सोरठा
४ पद्धड़ी	१५ मोतीदाम	२६ रोला
५ अरिल्ल अथवा अडिल्ल	१६ विराज	२७ वार्ता
६ हनुफाल	१७ त्रोटक	२८ मालती
७ चौपई	१८ रसावला	
८ मुरिल्ल	१९ नाराच अथवा नराज	
९ रासा	२० भ्रमरावली	
१० ऊधो अथवा उधोर	२१ मोदक	
११ रड्डा	२२ प्रवानिक, प्रमानिक. त्रमानिक	

उपयोगिता की दृष्टि से उपर्युक्त छंदों के लक्षणों पर संक्षिप्त विवेचन उचित होगा।

मात्रा छंद

१. **गाथा**—प्राकृत काल का यह प्रसिद्ध छंद है अपभ्रंश रचनाओं में भी इसका प्रचुर मात्रा में प्रयोग मिलता है। कई छंदकारों के मतानुसार संस्कृत के "आर्या" छंद को ही गाहा, अथवा गाथा कहा जाता है।

लक्षण—४+४+४√४+४+।S। (अथवा ।।।।)+४+४
४+४+४√४+४+।४+S

२. **आर्या**—जैसा कि ऊपर कहा गया हैं प्राकृत काल में इसका नाम "गाहा", अपभ्रंश में 'गाथा" तथा संस्कृत में "आर्या" नाम से प्रसिद्ध है।

लक्षण—इस के पहिले और तीसरे चरण में १२, १२ और दूसरे तथा चौथे में १८ तथा १५ मात्राएं होती हैं। पूर्वार्ध में चतुष्कलात्मक ७ गण और एक गुरू (S) तथा इन सात गणों में से विषम गण (ज०) का निषेध होता हैं। छठा गण ज० अथवा (।।।।) होना चाहिए। उत्तरार्ध में छठा गण एक लघु मात्रिक हो, शेष पूर्वार्धवत्।

३. **दोहा अथवा दूहा**—२४ मात्राओं का छंद है १३, ११ पर यति तथा चरणान्त में लघु।

४. **पद्धड़ी**—पद्धरि, पद्धरी, पद्धड़िया–छंद अपभ्रंश–साहित्य का एक प्रसिद्ध छद हैं, वैसे तो छंदकारों ने पृथक् पृथक् रूप में इस पर विवेचना की हैं परन्तु रासो में इसका रूप–प्रत्येक चरण में १६ मात्राओं, चार चौकल और जगणांत वाला ही मिलता है।

५. **अरिल्ल अथवा अडिल्ल**—रासो में प्रयुक्त इस छंद के प्रत्येक चरण में १६ मात्राएं तथा चरणांत में दो लघु पाए गए हैं।

६. **हनुफाल**—यद्यपि प्राप्य छंद ग्रन्थों में इस नाम का कोई छंद उपलब्ध नहीं हो सका। रासो में इसका रूप–१२ मात्राओं, ३ चौकलों और अन्त में जगणात्मक है।

७. **चौपई**—प्रत्येक चरण में १६ मात्राएं, अन्त में ग०ल०, चौकल का कोई क्रम नहीं, अन्त में ज० अथवा त० नहीं होना चाहिए।

८. मुरिल्ल—नामक छंद भी उपलब्ध छंद ग्रन्थों में दृष्टिगोचर नहीं हुआ। प्रत्येक चरण में १६ मात्राए तथा इन १६ मात्राओं में गु० अथवा ल० तथा चौकलों की स्वतन्त्रता है। वर्णो का भी कोई क्रम नहीं।

९. रासा—प्रति चरण में २१ मात्राएं तथा अन्त में एक नगण कभी प्रत्येक चरण में २३ मात्राएं भी मिलती हैं और अन्तिम चरणों में २१, २१,

१०. ऊधो अथवा ऊधोर—सहायक छंद ग्रंथों में ऊधो नाम का भी कोई छंद नहीं मिला, ७, ७ मात्राओं के विश्राम से प्रत्येक चरण में १४ मात्राएं तथा अन्त में एक ल० और एक गु०।

११. त्रिभंगी—८+६ पर यति विराम से ३२ मात्राएं, प्रत्येक चरण में तथा अन्त में ल० तथा ज० नहीं होनी चाहिए।

सयुक्त वृत्त

१२. कवित्त—पिंगल परीक्षा से इस छंद का नाम षट्पद अथवा छप्पय है, "प्राकृत पैंगलम्" के अनुसार इस के प्रत्येक चरण में ११, १३ मात्राओं के यति विराम् से चार चरण होते हैं और अनन्तर "उल्लाला" के दो चरणों के मेल से दो चरण जोड़ दिए जाते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में इसी रूप में इस छंद का प्रयोग हुआ है।

१३. कुंडलिया—"प्राकृत पैंगलम्" के अनुसार "दोहा" और रोला के योग से इस छन्द का निर्माण होता है। रासो में इसका यही रूप अधिकतर प्रयुक्त हुआ है। कई अन्य छन्द ग्रन्थों के अनुसार "कुण्डलिया" का निर्माण दोहा तथा "उल्लाला" के योग से होता है।

१४. रड्ड, रड्डा - प्रस्तुत संस्करण में इस छन्द का प्रयोग दो तीन स्थानोंर पहुआ हैं, परन्तु कहीं पर भी इस का रूप स्पष्ट नहीं हो पाया। प्रत्येक चरण में भिन्न भिन्न मात्राओं तथा वर्णों की खिचड़ी सी है। "संदेश रासक" में भी इस का प्रयोग मिलता है। बृहद संस्करण में इस का "वथुआ" नाम से प्रयोग हुआ है। "रूप दीप पिंगल" नामक ग्रन्थ में इसका नाम रिड्डुक है, और इसका लक्षण निम्न प्रकार से दिया गया है--

कीजै कला प्रथम तिथ भान,
दश एको दूसरे, तीजे गिन दश पांचारिए,

फिर चौथे दश एक, परख्यन में पांच करिए।
रोडा सत सठ मत्त है, कीनो सेस बखान।
तामे फिर दोहा मिले, रिड्ड छन्द पहिचान।

"प्राकृत पैंगलम्" में रड्डा छन्द का निम्न लक्षण मिलता है—

षढम विरमइ मत्त दह पंच, पअ्र-वीअ्र-बारह ठवहु,
तीअ्र ठांइ दह पंच जाणहु, चारिम एग्गारहहि।
पंचमोहि दह पंच आणहु,
अठ्ठासट्ठी पूरवहु अग्गे दोहा देहु।
राअ्र सेण सुप्रसिद्ध इअ्र, रड्डु भणिज्जइ एह।

वर्ण वृत्त

१५. साटक—सस्कृत छन्द ग्रन्थ में इसका नाम "शार्दूल विक्रीडित" है। यद्यपि कुछ छन्द ग्रन्थों में "साटक" का रूप कुछ अन्तर से पाया जाता है परन्तु प्रस्तुत संस्करण में प्रा० पै० के अनुसार ही इसका लक्षण घटित होता है। प्रा० पै० के अनुसार इस में चार चरण होते हैं और प्रत्येक चरण में १९ वर्ण हैं तथा म०स०ज०स०त०त०गु० योजना पाई जाती है।

१६. भुजंगी प्रत्येक चरण में १२ वर्ण तथा चार यगण होते हैं। छन्द ग्रन्थों में भुजंगी नाम का कोई छन्द उपलब्ध नहीं है। "वृत्त रत्नाकर" में इसका नाम "भुजंग प्रयात" है। "छन्द प्रबन्ध" ग्रन्थ में एकादशाक्षर जातिक समूह में इसका नाम "छन्द" भी मिलता है।

१७. मोतीदाम—मोतियदाम 'वृत्तरत्नाकर" में "मौक्तिक दाम" चार जगण, द्वादशाक्षर, "चतुर्जगणं बद मौक्तिक दाम"

१८. विराज इसके प्रत्येक चरण में ६ वर्ण, ८ मात्राएं और २ सगण। प्रा० पै० में इसे "तिल्ल" भी कहा गया है। और कहीं कहीं ६ वर्ण १० मात्राएं तथा २ यगण।

१९. त्रोटक—चार सगण, पदान्ते यति, ११ वर्ण।

२०. रसावला—उपलब्ध छन्द ग्रन्थों में इस नाम का कोई छन्द दृष्टि गोचर नहीं होता। प्रस्तुत प्रति में इसका रूप—६ वर्ण तथा २ रगण हैं। प्रा० प्रै० में ६ वर्ण, २ रगण वाले छन्द को "विजोहा" कहा गया हैं।

२१. नाराच, नाराज, नराज—१६ वर्ण, ज० र० ज० र० गु० वृ० रत्ना० में इसकी संज्ञा पंचचामर है। "जरौ जरौ जगाविदं वदंति पंच-चामरम्"।

२२. अमरावली—प्रत्येक चरण में ५ सगण, २० मात्राएं और १५ वर्ण हैं।

२३. मोदक—१२ वर्ण, १६ मात्राएं, ४ जगण, तथा कहीं कहीं १२ वर्ण, १६ मात्राएं ४ सगण।

२४. प्रमानि, प्रमानिक, प्रामणिका—"जरा लगा प्रमाणिका"

(अष्टाक्षर जाति वर्णवृत्त)

२५. वार्ता—सहायक छन्द ग्रन्थों में "वार्ता" नामक किसी छन्द का उल्लेख नहीं मिलता। प्रारम्भ में वार्ता से गद्य का ही बोध होता था। परन्तु कालान्तर में लिपिकारों के भ्रम से "वार्ता" भी छन्द रूप में प्रयुक्त होने लगा। प्रस्तुत प्रति में वार्ता के नीचे दो स्थानों पर गद्य भी दिया हुआ है और अन्यत्र छन्द भी।

२६. रोला (मात्रिक)—२४ मात्राओ का छन्द हैं। सम पदों में १३ – ३+२+४+४ या ३+२+३+३+३+२ तथा विषम पदों में ११:— ४+४+३ या ३+२+३ मात्राओं का क्रम है।

२७ सोरठा—दोहा का उल्ट सोरठा कहलाता हैं।

२८. श्लोक—अथवा अनुष्टुप्—चारों पदों में पंचम वर्ण लघु और छठा वर्ण दीर्घ होता है। सम पदों में सप्तम वर्ण भी लघु होता है।

मालती—इस छन्द में २२, २२ अक्षरों के चार चरण होते हैं। ६, ७, अथवा ८ पर यति है। प्रस्तुत प्रति में यह छन्द, "छन्द" नाम से भी पयुक्त हुआ है।

उदाहरण–दिगभरि धुम्मिल, हरित भुम्मुंल, कुमुद निर्मल सोभिलम्"

——:o:——

छठा अध्याय
भाषा और व्याकरण

पृथ्वीराज रासो का भाषा विषयक प्रश्न एक कठिन समस्या तथा भाषाविज्ञ विद्वानों में वाद-विवाद का विषय रहा हैं। इस विषयक लेख यथा समय सामयिक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं। इस में कोई संदेह नहीं कि रासो की भाषा में इतनी दुरूहता तथा अव्यवस्था है कि उसपर ठीक ढंग से व्याकरण के नियम लागू करना यदि असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। स्व० डा० श्याम सुन्दर दास जी ने रासो की भाषा को पिंगल माना है। डा० ओझा जी ने इसे न पिंगल और न राजस्थानी ही कहा है। और किसी ने अनुस्वारान्त, टवर्गादि तथा द्वित्व वर्णवहुला देख कर डिंगल नाम रख दिया, तो किसी ने अपभ्रंश अथवा विकृत अपभ्रंश। इस प्रकार के भाषा वैविध्य तथा वर्ण और स्वरों की अव्यवस्था को देखकर स्व० शुक्ल जी ने झुंझला कर रासो की भाषा को "बेठिकाने की तथा भाषा के जिज्ञासुओं के काम की चीज़ नहीं है" कह दिया था और इस विषयक अपना निर्णय देते हुए कहा कि :—"कहीं कहीं तो भाषा आधुनिक सांचे में ढली दिखाई पड़ती है, क्रियाएं नए रूपों में मिलती हैं, परन्तु साथ ही कहीं २ भाषा अपने असली प्राचीन साहित्यिक रूपमें भी पाई जाती है जिस में प्राकृत और अपभ्रंश शब्दों के रूप और विभक्तियों के चिन्ह पुराने ढंग के हैं।" शुक्ल जी का यह कथन किसी सीमा तक सही है। शुक्ल जी के समय में रासो के वृहद् तथा मध्यम संस्करण ही प्रकाश में आ सके थे। वास्तव में रासो को एक बहुत प्राचीन रचना माना जाता है। इस की भाषा में अव्यवस्था तथा प्रक्षिप्त अंशों की बहुलता है। अतः एव रासो गत भाषा का स्वरूप निश्चित करने में पर्याप्त कठिनाइयाँ रही हैं।

वास्तविक रूप में रासो में भाषा वैविध्य तथा विकृति का कारण भाटों तथा चारणों द्वारा राजदरबारों तथा समरांगण में प्रशस्ति रूप में गायन अथवा उच्चारण और लिपिकारों का प्रमाद है। आचार्य शुक्ल जी के कथनानुसार, वीर गाथा काल में राज्याश्रित कवि और चारण ज़िम

प्रकार नीति, शृंगार आदि के फुटकल दोहे राज सभाओं में सुनाया करते थे उसी प्रकार अपने आश्रय दाता राजाओं के पराक्रम पूर्ण चरितों अथवा गाथाओं का वर्णन भी किया करते थे। पृथ्वीराज रासो भी इसी युग की रचना मानी गई है। आल्हा ऊदलबत् यह काव्य भी "श्रव्य काव्य" रहा है, विशेष कर राजपूताने में। यही कारण है कि रासो की भाषा का न कोई स्थिर रूप है और न ही कोई स्थिर शैली। इस में कहीं तो भाषा सर्वथा आधुनिक प्रतीत होती है, कहीं पर प्राकृत, अपभ्रंश तथा संस्कृतानुकरणात्मक है और कहीं पर पिंगल (प्राचीन व्रज) तथा डिंगल (प्राचीन राजस्थानी) रूपों में पाई गई हैं। शब्दों की बनावट में स्वरों के दीर्घ अथवा ह्रस्व होने का कोई ध्यान नहीं रखा गया। व्यंजनों में अपनी इच्छानुसार अथवा उच्चारण की सुविधा के लिये परिवर्तन कर लिये गये हैं। वास्तव में रासो की भाषा को यदि हम चारणीं भाषा कहें तो अधिक उचित रहेगा। क्योंकि चारण कवियों की अपनी एक विशेष शैली हैं और ये चारण कवि अपनी आजीविका के लिए इस शैली का १८वीं[1] शताब्दी तक दृढ़ता से पालन करते रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर रासो के प्रसिद्ध विद्वान् जोहन वीम्स ने[2] रासो की भाषा के विषय में अपना मत देते हुए लिखा है :—It must be remembered that many of these poems were impromptu productions and most, if not all, were written to be sung, and any deficiency of syllable could be covered by prolonging one sound over two or three notes, as often happens in English songs, or on the other hand two or more syllables could be sung to one, not as in our chanting, where so much license could be sung. We cannot use the metrical argument except with great precaution. We

1—"डिंगल भाषा" लिखित-गजराज ओझा, का. ना. प्र. पत्रिका भाग १४, संवत १९९० नवीन संस्करण।

2—See-studies in the grammar of Chand Bardai; Bengal Asiatic society. Journal, Vol. XLI, 1873, Part I Page 165.

are, therefore, driven back to the conclusion that in chand's time the form of words and their pronunciation was extremely unfixed. It removes out of the way the necessity of attemping to establish a fixed set of forms for words and inflexions. We take all Chand's words for the present as they stand, we take each word in four or five different forms if need be, and do not trouble overselves to find out which is the right form for Chand's period, simply because we do not believe there was any right form that is more used and more generally accepted than any other. In fact we recognize thoroughly transitional character of the language." अतः यह कहना उचित होगा कि रासो के दृहद् तथा मध्यम संस्करण एक कवि की रचना नहीं कहे जा सकते।

रासो के प्रस्तुत संस्करण में भी उक्त दोनों संस्करणों की तरह भाषा विषयक वही समस्या है। यहां पर भी विभिन्न भाषाओं तथा अनेक शैलियों के दर्शन होते हैं। यदि कहीं पर विभिन्न प्राकृतों तथा अपभ्रंश के विकृत शब्द बिखरे हैं तो कहीं पर भाषा सर्वथा विकसित, नव्यतर तथा आधुनिक प्रतीत होती है। जैसा पहिले कहा जा चुका है कि १३ वीं शताब्दी में रचित संदेश रासक की भाषा के साथ तुलना करने पर प्रस्तुत प्रति की भाषा को हम १३ वीं शती की नहीं मान सकते। डा० नामवरसिंह ने अपने नव प्रकाशित प्रबन्ध[1] "रासो की भाषा" में इस विषय में अपना मत[2] दिया है कि रासो की प्राचीनतम प्रति (लघुतम संस्करण) की

---

1. "रासो की भाषा" प्रकाशित—सरस्वती प्रैस बनारस, जनवरी १९५७ संस्करण। (लघुत्तम संस्करण के आधार पर ही इसमें रासो भाषा विषयक विवेचना है।

2 (क) "उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि पृथ्वीराज रासो के जितने रूपान्तर हुए है उनमें से प्राचीनतम की भाषा भी अपभ्रंश से अधिक विकसित तथा नव्यतर है।"

(ख) "इस प्रकार रासो की भाषा "प्राकृत पैंगलम्" के बाद की प्रमाणित होती है।"

(अगले पृष्ठ पर)→

भाषा १४ वीं शती में रचित प्राकृत पैंगलम् की भाषा से अधिक विकसित तथा नव्यतर है, और इसे हम अकबर समकालीन नरहरि दास तथा गंग भट्ट भणंत परम्परा में स्थान दे सकते हैं। प्रस्तुत प्रति की भाषा में कुछ आधुनिक हिन्दी रूपों के अतिरिक्त संस्कृत, संस्कृतानुकरण, प्राकृतों के प्राचीन रूप, अपभ्रंश तथा अपभ्रंशाभास, ब्रज (पिंगल) राजस्थानी (डिंगल), फारसी, पंजाबी और दिल्ली के आस पास हिसार तथा रोहतक आदि प्रदेश के देशी शब्द मिलते हैं। परिणामतः सामूहिक रूप से हम यदि इसे 'चारणी भाषा" की संज्ञा दे दें तो अनुचित न होगा। इस चारणी रूप मिश्रित भाषा तथा शैली के कुछ उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जाएगी।

१. संस्कृत—प्रस्तुत प्रति के नाराच, शाटक, अनुष्टुप तथा कहीं कहीं दोहा छन्दों में अशुद्ध सस्कृत अथवा संस्कृतानुकरण रूप में भाषा के दर्शन होते हैं। जैसे—

(क) जौवनेन विनय विनति, सषिना मंगल माल।
सषि आग्रह मानै ग्रहन, पिय छंडै तिहि काल। ३-३७

(ख) त्वमेव इष्ट दिष्ट मुष्ट, जुष्ट रुष्टयं पतिपते।
त्वमेव सत्य सत्यवाद, गोपिकामहं गते। (३-७७)

(ग) चरणस्य मंडं, मनौ हेम दंडं। (१-११४)

→(ग) पृथ्वीराज रासो की भाषा में ध्वनि और रूप की दृष्टि से एक ओर नवीनता मिलने के साथ ही, दूसरी ओर प्राचीनता मिलती है। उसका कारण तब स्पष्ट होता हैं जब हम राजस्थान के अन्य भट्ट कवियों की रचनाएँ देखते हैं। प्राकृत अपभ्रंश की तरह व्यंजन द्वित्व वाले शब्दों के प्रयोग नरहरि गंग भट्ट आदि भट्ट कवियों की रचनाओं में भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। ये कवि १६ वीं शता के उत्तरार्ध में थे। पृथ्वीराज रासो के अन्तिम संग्रह और संकलन का समय भी लगभग वही बताया जाता है, और उसकी प्राचीनतम प्रतियां भी इसी के आस पास की हैं। ऐसी हालत में तत्कालीन "भट्ट भणंत" के रूप में भी रासो की भाषा नरहरि तया गंग की भाषा परम्परा में आती है। पृष्ठ २४

२. प्राकृत—कुछ ऐसे शब्दों की संख्या भी हैं जिन्हें हम शुद्ध प्राकृत शब्द कह सकते हैं। जैसे:--

दिट्ठ, तिट्ठ, पिट्ठ, विब्भल, अप्प, वच्छ अच्छरि, जुज्झ, जार, रूव, चाव, चउक्क आदि।

गाथा छन्दों में प्राकृताभास है। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि आधुनिक शब्दों को प्राकृत रूप देने का प्रयत्न किया गया है।

गिद्धीण जाइ कहणौ, कहणो कविचन्द मूर सावंत।
प्राची हय रह वहणों, रहणो गत नै दावतं। ११-१९०

यहां रेखांकित शब्द - गिद्ध, कहना, ग्रहण करना, राह, बहना, रहना, आधुनिक हैं जिन्हें प्राकृत रूप दिया गया है। "दावत" शब्द फारसी का हैं।

२. अपभ्रंश—कुछ शब्दों की सख्या ऐसी है जिन्हे हम अपभ्रंश अथवा विकृत अपभ्रंश कह सकते हैं। परन्तु ऐसे शब्द १६ वीं शताब्दी में जायसी आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं में प्रयुक्त किए हैं। जैसे:—

त्रिलोयन, दिनियर, वयन, वैन. कन्ह. न्हान, न्हानु, नेह, नेहु, पुन्य, जुब्बन, सायर आदि।

इसके अतिरिक्त निम्नोक्त शैलों के, पद्धड़ी, नाराज, शाटक, तथा कवित्त आद्रि छन्दों में आधुनिक शब्दावली मिश्रित कृत्रिम अपभ्रंश—चारणी रूपात्मक शब्द मिलते हैं:—

कलि अत्थ पत्थ, कनवज्जराव। सब सील रत, धर धर्म चाव।
वर अत्थ भूमि, हय गय, अनग्ग। पट्टया पंग राजन सुजग्ग।

यहां रेखांकित शब्द अपभ्रंश भाषा के समझे जाते हैं, परन्तु वास्तव में ऐसे शब्द चारणी बनावट के हैं।

४. अपभ्रंशाभास—आचार्य शुक्ल जी के मतानुसार विक्रम की १४वीं शताब्दी में एक ओर तो प्राचीन परम्परा के कुछ कवि अपभ्रंश मिश्रित खड़ी बोली में वीरता का वर्णन कर रहे थे:—

चलिअ वीर हम्मीर, पाअ भर मेइणि कंपई।
दिग मगणाह अन्धार, धूलि सुर रह अच्छाइहि।

और दूसरी ओर खुसरो मियां दिल्ली में बैठे बोल चाल की भाषा में पहेलियां कह रहे के।

उपर्युक्त छन्द में आये रेखांकित अपभ्रंश शब्द रासो की प्रस्तुत प्रति में "चलिय,मेदिन्नि तथा "नाह" रूप में प्रयुक्त हुए हैं। इससे अनुमान ऐसा होता हैं कि रासो की भाषा १४ वीं शताब्दी से परवर्ती समय का विकसित रूप है। इसके अतिरिक्त अधिकतर भाषा का ऐसा रूप हैं जिसे हम सर्वथा आधुनिक कह सकते हैं। यथा:—

(क) भव भविष्य जानुं सकल। (१४-५१)

(ख) कियो फिरि रास, सु संदर स्याम। (१-६१)

(ग) मिलि जैन धर्मे सकल राजधानी। (५-२२)

(घ) लै आऊं जालंधराइ। (१५-२७)

(ङ) समुज्झि न परै। (१६-४३)

यहां पर ऐसे तत्सम अथवा तद्भव शब्दों की भी पर्याप्त संख्या है जिनमें छंद की तुकबन्दी अथवा अपनी आवश्यकतानुसार द्वित्व तथा परिवर्तन आदि कर लिया गया हैं। यथा: —

धरन्नि, करन्निय, श्रवन्नह, जुब्बन, कुँव्वन, तरुन्न, भुवन्न, दानव्व, अव्बिनासी आनन्न, कुसल्ली, पहिल्ला, वयन्न, नयन्त, मृद्दंग, नवल्ल, छयल्ल, अवन्नी, तुरक्की, अच्छेहं, निव्वीर आदि।

आवश्यकतानुसार व्यक्तिबाचक संज्ञाओं तथा अन्य संज्ञाओं के वर्णों को द्वित्व कर दिया है:—

काद्दम, बद्दाम, अजद्देव, जदुद्देव, कलिक्काल, गुरज्ज आदि।

५. व्रज (पिंगल)—आधुनिक ब्रज क्रियाओं के रूप अधिकता से पाये गये हैं—

चिढ्यौ, रह्यौ, सरक्यौ, बज्यो, छुट्यौ, मिल्यौ, किल्ल्यौ, विलग्गौ, तोर्‌यौ, बुज्झ्यौ, चढिव, पहिरि।

(क) मिल्यौ आय सूरं। (४-१६)

(ख) नेहु निबह्यो। (५-८५)

(ग) नयननि जब दिष्यौ। (७-६६)

आधुनिक ब्रज रूपात्मक भाषा देखिए:—

(१) मन वांछित विश्राम किय, सुरभि गोप बुलाइ।
मन वांछित दीनौ सु तिनि, सुर सुंदरि सुष पाइ। १-६४

(२) दियो दधि दुधू, त्रियानि पै दान। (१:६२)
(३) धरचौ कौनु रूपं। (१-१३०)
(४) हौं लज्जा करि का कहौं। (६-६७)
(५) पचिवे काज। (१५-४६)

बहुवचनान्त संज्ञाएं:—

सायरनि (१५-५२), कमलनि (६-१२६) गयंदनि (१२-२७) सावंतनि (६-१७२) एवं, गजेन्द्रानि, सिंगिनि, दिननि, रतननि, पानिन, अंषिनि, नृपतिन, छत्रन।

६—राज-थानी (डिंगल)

(क) म्हे म्हांके ढोलरै ढाल ढोरा ढ्रुंढारी। (१४-११३)
(ख) म्हे गामी गुज्जर गल्हिया। (१४-११४)
(ग) अम्ह उन्हां उन्हां कहि पंचनद मेरी मेरी। (१५-३०)

७—प्रस्तुत प्रति में दिल्ली प्रांत के आस पास हिसार प्रदेशीय बोल चाल की भाषा के शब्द भी पाए गए है :—

(१) बधौ सै जयचन्द विज पाल सुपुत्ता। (११-११८)
(२) घालै फिरै। (११-४६)
(३) पच्छै पहर। (१३-६३)
(४) सै पुच्छै सुरतांन, अबे तूं चन्दह नंदन। (१३-५४)
(५) तैं भूट जु कुन्नौ। (१३-५३)

एव—कुद्दै, गम्भरु, छग्गल, जकि, हलोहल्ल, जद्दिन, तद्दिन, घालन-कहै, (१७-३६) बोलहु घना (१४-७२)

८—पंजाबी—कुछ विद्वानों के मतानुसार रासो में पंजाबी भाषा के शब्द भी पर्याप्त संख्या में पाए जाते हैं। वैसे तो ऐसा होना स्वाभाविक ही है। क्योंकि जिस प्रदेश (राजस्थान) में इस काव्य की रचना हुई है उसकी सीमाएं पंजाब के मुल्तान आदि जनपदों से जुड़ी हुई हैं। ऐसी दशा में इस काव्य पर पंजाबी भाषा का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है। परन्तु प्रस्तुत प्रति में पजाबी भाषा के शब्द नगण्य रूप में ही मिले हैं। यहां प्रायः ऐसे शब्द हैं जो प्राकृत काल से अपभ्रंश में होते हुए आधुनिक पंजाबी में प्रयुक्त हो रहे हैं। यथा—हत्थ, कम्म, कन्न, अज्ज आदि। इसी प्रकार सबै देव सद्दै। (१-२७)

रेखांकित शब्द आजकल पंजाबी बोल चाल में पर्याप्त प्रसिद्ध है। जैसे "सद्दा दे आउ—" अर्थात् निमंत्रण दे आओ। परन्तु यह शब्द प्राकृत के शुद्ध रूप—सद्द / शब्द—से शुद्ध क्रिया के रूप में प्रयुक्त हुआ हैं।

कप्पियौ वीर विजैपाल पुत्तं। (१२-७)

यह "कप्पियौ" क्रिया आजकल भी मुलतान तथा सरगोधा आदि प्रदेशों में साधारण बोल चाल में प्रयुक्त होती है। यथा—"ओहने ओहदा सिर कप्प् छडया=अर्थात् उसने उसका सिर काट दिया। 'कप्पियौ" क्रिया "क्लृप् छेदे" धातु से शुद्ध प्राकृतिक रूप है। इसी प्रकार—नप्पिय= नप्प लिया, दबोच लिया, संस्कृत "नप्तृ छंदे" धातु से है। टोरं=तोर= (संस्कृत-त्वरा) चाल गति। गुज्भ, (संस्कृत-गुह्य) उग्गाह—प्रसिद्ध (संस्कृत-उद्गम)। तथा:

१. जु कछु सद्ध मन में भई (१६७५), सद्ध=इच्छा=साध।
२. गहिय चन्द रह गज्जने १६ २), रह=(फा०) राह=मार्ग।
३. इम अष्षै चन्द वरदाई ६-१६६, अष्षै = संस्कृत-आख्या) कहता है।
४. अंत असि तुसि (संस्कृत-युष्मद्, अस्मद्) (१०-६८)
५. तक्कै वह पृथिराज (१६-३७, तक्कै=देखता है।
६. जित्या वे जित्या (४-२८, जित —संस्कृत, "जि" धातु से क्त प्रत्यय)
७. जे हुंदे दर हाल (४-३)—(होते-हिन्दी) आदि पंजाबी भाषा के शब्द प्रस्तुत प्रति में प्रयुक्त मिलते है।

६—फारसी अरबी—के शब्द भी कुछ मात्रा में यहां प्रयुक्त हुए हैं। परन्तु कवि ने इन शब्दों को भी अपनी चारणी भाषा के ढांचे में ढालने का प्रयत्न किया है। यथा:—

१. नागौर नरेस नृसिह सही (७-४३)।
२, सालह विहालह ७-६५)।
३. अंभोरूह मानन्द ६-१६)।
४. रोस के दरिया हिलोरे (६-३५)
५. किय मीर बंदा (६-३५)।
६. वंस छत्तीस आबेह कारे ६-३६)
७. धर हल्लै मौजे=(मौजमें, आनंद में) (१ -५)

८. जिरह जंजीर (१०-६)
९. साहियं बाग़ गट्ढे जिलारा (६-११४)
१०. मुहम्मं मुकामं सु हिंसार कोटं (१३-४३)
११. पूय पूय सुरतान कहि (१३-६०)
१२. हबह् दीपक जाल (२-५२)
१३. लटी लच्छी नूरं (१-१२)
१४. गुमान जिनि करहु (१५-४
१५. भिस्तहिं गयौ (१६-२०)
१६. दये मालिया आनि सो दाम दामं (१-४४)

इसी प्रकार :—

अजब्ब (२-१४)
वजीरं (५-२)
गिरिवांनह (१७-४८
बे अदबी (१४-१)
सायरी जिहाज़ (११-६४)
मसूरति (१५-५१)
मुजक्कं सु ताजी (१४-८०)
मुसाफ (१५-४८)
कहर ५-७७
अवाजं (५-८)
हजूरं (६-१६)
नजीक १३-६८)
षैरीदं दुसमन (१४-१४)
हूर (१५-४६)
षवास (१७-१)
मरद (१७-२५)
फुरमान (१४-२)
कुरांन (१५-५१)
सिलहदार (१६-४६)
आलम्म फौज ४-२०)
मिहिमान ६-१७)
अदब्बु (१६-४०)
फ़रजंद (१८-५५)
उम्मेद (१५-४७)
हसम (१३-२)
मालूम (१५-२४)
निसांन (१३-६६)
दोज़क (१५-४६)

१०—यहां कुछ ऐसे अनुरणनात्मक अथवा ध्वन्यात्मक शब्द भी हैं जो कि विशेष रूप से चारणी भाषा के द्योतक कहे जा सकते हैं :—

(क) धर धार धमंकि धमंक्कि रनं (८-८८)

(ख) डह डहति डम्मर डंकिनिय (१८-२७)

(ग) हय गय थल धसमसहिं, सेसु सलमलहि सलक्कहि (६-१०८)

(घ) रणंकि झंकि नूपुरं। ६-८१)

११—एक ही शब्द अनेक रूपों में मिलता है। अर्थात् एक ही शब्द विभिन्न रूपों में हैं। कुछ उदाहरण देखिए :—

१. पुहुमि, पृथिमी
२. सोवन्न, सुवन्न, सोवन
३. झीन, षीन, छीन (झीन=जीर्ण, षीन अथवा छीन=क्षीण से है)
४. सीह, सिंग, सिंघ।
५. असु, अंसु, अस्सह, अस्व, अश्व।
६. सेत, स्वेत, श्वेत।
७. छन, षन, षिन, षिन, छिन, छिनकु।
८. सेद, स्वेद, श्वेद।
९. गैन, गयन, गगन।
१०. रवनि, रवन्नि, रमणी।
११. रच्छस, रष्षस, राक्षस।
१२. नैर, नइरा, नयर, नगर।
१३. दीग्ध, दीह।
१४. मुद्ध, मुग्ध, मुगद्ध, मुगद्धह, मुगध।
१५. अष्षर, अच्छर, अक्षर।
१६. सद्द, सबद्द, सबद्दह, सबद, शबद, शब्द।
१७. विहु, विद्धु, विधु।
१८, तूरं, तुरियं, तूर्णं।
१९. दिट्ठ, दिट्ठि, डिट्ठ, द्रष्टि, दृष्टि।
२०. वाय, वाइब, बाव, वा।
२१. गैंवर, गयंद, गयंदह।
२२. गम्भ, गब्भ, गब्भह, गर्भ।
२३. लद्ध, लब्भ, लभ्भ, लभ।
२४. पुहु, पुह, पुहुप, पुहप।
२५. सहार, सहारु, सहकार।
२६. दुज, दुज्ज, द्विज।
२७. गेह, ग्रिह, घर, घ्घर, घरह।

२८. परतष्ष, परतिष्ष, परतच्छ, प्रत्यक्ष ।
२९. समुह, सम्मु, सम्मुह ।
३०. सम्मुहि, सामुहि, सुमुह ।
३१ महल, महिल, महिल्ल, माहिल्ल, महिलह, महलह ।
३२, जुद्ध, जुध, जुद्धह ।
३३. अच्छत, अच्छित, अष्षत, अक्षत :
३४: तिट्ठ, तिष्ठ, थित ।
३५. पष्ष, पच्छ, पष्षह, पक्ष ।
३६. भट, भट्ठ, भट्टह, भर, भरह ।
३७. भुम्मि, भुम्मिह, भुइं ।
३८. पायाल, पायालह, पाताल ।
३९. दुलह, दुलब्भ, दुलभ ।
४०. सब, सब्ब, सब्बह, सबै, सभ, सभौ, सभै ।
४१. अपुब, अपुब्ब, अपूरव ।
४२. इयं, इम, इमि, एमि ।

प्रस्तुत प्रति में तीन चार स्थानों पर गद्य का प्रयोग भी हुआ है। इस गद्य में ब्रज भाषा है। फारसी के शब्द हैं तथा हिसारी बोली का लहजा है। यह गद्य १३ वीं शती का नहीं माना जा सकता। यथा:–

"बहुत रोज भये, ढिल्लिय तैं षबरि न आइ। तब तत्तार षां बोल्या। सिरजनहार करै तौ जिहि हिन्दू पातिसाह सूं बे अदबी करी हैं। भी एक बेर दूत भेजिए। तबहिं दूत गज्जने कूं धाए। केतेक रोज़ दरवारि जाई षरै हुवै।" (चतुर्दश खण्ड)

१३. षट्भाषा--चंद बरदाई ने प्रस्तुत प्रति में कई[1] स्थानों पर छः भाषाओं का जिकर किया है। जैसे कविवर कालिदास को छः भाषाओं का समुद्र कहा गया है :–छटं कालिदासं छ माषा समुद्दं। १-१९६

नवम खण्ड में जयचन्द का दरबारी कवि दसौंधी भाट चन्द कवि को कह रहा है :–

क—रसं नौ छ भाषा, सुभाषा उधारौ। ९-१६

ख—नव रस भाष छ पुच्छन तत्ते।
कवि अनेक भाषा गुन मत्ते ।।९-१७

---

1. षट् भाषा पुरानं कुरानं च कथितं मया० आदि छंद इस प्रति में नहीं है।

कवि ने सरस्वती देवीं की स्तुति करते हुए उन्हें छः भाषाओं की ज्ञात्री देवी कहा है:—

इंदौ मद्धि सुबद्दिमान, बिहनोए रस्स भाषा छठो। ६-१६

जयचन्द भी छः भाषाओं का ज्ञाता है और वह उसी को उत्तम कवि मानता हैं जो छः भाषाओं का विद्वान् हो:—

नव रस सुनि अदिट्ठ रस भाष छ जंपि नृपाल।

वास्तव में बात ऐसी हैं कि मध्ययुग में छः भाषाओं का प्रयोग कविजनों में साधारण रूप से प्रचलित था। और जहां कहीं भी षट्भाषा प्रसंग उपस्थित हुआ वहां संस्कृत तथा प्राकृत के पश्चात् अपभ्रंश का नाम भी लिया जाता है। लोष्ठ देव-कवि की प्रशंसा में मंख ने कहा[1] था कि छः भाषाएं उसके मुख में निवास करती हैं। १५ वीं शती में रचित हम्मीर महाकाव्य के प्रथम सर्ग में छः भाषाओं का वर्णन मिलता है। सम्राट् पृथ्वीराज की प्रशंसा करते हुए जयानक कवि ने "पृथ्वीराज विजय" काव्य में छः[2] भाषाओं का निर्देशन किया है। मंख कवि रचित श्री कंठ चरित टीका से भी यही ज्ञात होता है कि छः भाषाओं में संस्कृत, प्राकृत शौरसेनी, मागधी पैशाची और अपभ्रंश हैं। चन्द कवि ने भी इसी प्रकार उपर्युक्त छन्दों तथा खण्ड ६ के १६-२४ छंदों में भारती सरस्वती तथा विष्णु की दासी लक्ष्मी के मुख से उक्त छः भाषाओं की उत्पत्ति बतलाई है। अतः इस युग में षट्[3] भाषा का प्रचार कवि गण में सर्वत्र प्रचलित था। कवि चन्द ने पृथ्वी राज रासो में उक्त छः भाषाओं को प्रयुक्त करने का प्रयत्न किया है। परन्तु इस प्रयास में उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुई। यद्यपि प्रस्तुत प्रति में

1. देखो—का. ना. प्र. पत्रिका, वर्ष ५८ संवत् २०१० अंक ४, "अवहट्ट और उसकी विशेषताएं" लेखक—शिवप्रसाद सिंह।

2. प्राकृत संस्कृत मागध पिशाच भाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरि भेदो देश विशेषादपभ्रंशः।

3. पुनु कइसन भाट, संस्कृत, प्राकत, अवहट्ठ, पैशाची, सौरसेनी, मागधी, छहु भाषाक तत्वज्ञ, शकारी, आभीरी, चण्डाली, सावली, द्राविली औतकलि विजातिया सातहु उपभाषाक कुशलह। वर्ण रत्नाकर, ज्योतिरीश्वराचार्य द्वारा रचित, रचनाकाल संवत् १४८०। डा० सुनीति कुमार चैटर्जी द्वारा सम्पादित।

संस्कृत, अपभ्रंश, तथा प्राकृतों (मागधी, पैशाची, शौरसेनी) के कुछ विकृत शब्द जहां तहां बिखरे पड़े है परन्तु ऐसे शब्दों की संख्या अधिक नहीं है। यहां तो ब्रज (पिंगल) राजस्थानी (डिंगल), अरबी-फारसी तथा आधुनिक खड़ी बोली का बाहुल्य है, और कुछ मात्रा में पंजाबी तथा हिसार प्रांतीय भाषा देखने में आई हैं। अतः इस लघु संस्करण की भाषा को यदि हम चारणी अथवा विविध भाषाओं का मेला कहें तो अनुचित न होगा।

रूप रचना

संज्ञा

लिंग—सिद्ध हेमचन्द्र ने अपभ्रंश व्याकरण में "लिंगमतंत्रम्" कह कर अपभ्रंश में लिंग विषयक अनिश्चितता प्रकट की है। प्राकृत में भी साम्यारोप द्वारा इकरान्त आदि विविध शब्दों के समान रूप देखे जाते है। रासो की प्रस्तुत प्रति में नपुंसक लिङ्ग तो लुप्त प्रायः हैं। आधुनिक विभक्ति चिन्हों तथा संस्कृत की विभक्तियों को छोड़ यहां उपर्युक्त सिद्धान्त ही लागू हो सकता हैं। एक और विशेषता यहां यह है कि अकारांत इकारान्त आदि शब्दों के आगे 'ह" प्रत्यय जोड़कर उन्हें पुंलिग रूप दे दिया गया है। यथा :—भुम्मिह, रतिपत्तिह, मग्गह, षग्गह, आदि। इसके अतिरिक्त ब्रज भाषावत् आकारान्त शब्द उकारान्त बना दिये गये हैं, परन्तु अकारान्त शब्दों की भी कमी नहीं है।

उकारान्त—छिनकु मनहिं धीरजु करहु। ७-७१

आदस करि आसनु दियो। ६-५

एवं—थानु (१५-१). तप्पु (७-५०) आजु (८-४८), हत्थु (६-३१) दीपकु (७-७) सिरु (१६-४३) फारसी-अरबी के शब्दों को भी उकारागत रूप दे दिया गया है दिलु (१६-७८) आलमु, अदव्वु (६-४०)

अकारान्त दस तीनि कबंध उठंत लरे। (१७-४६) लुट्ठि लिए पाषंड सब। (५-३३) कंचन मुहाल करि मज्झि वग्ग। (१६-४६)

एवं—दीपक (१५-१२) सुवन्न (१६३८), हत्थ (१६-४६) तिमिर तेज (१६-५१)

---

1. देखो—अध्याय ४, सूत्र ४४५।

फारसी-शब्द— हज्जूर (१६-७२, असम्मान (१६-५२) कम्मान (१६-५३) अरज़ (१६-७६) फक्कीर (१६-५२)

अकारान्त इकारान्तादि शब्दों के आगे "ह" प्रत्यय लगाने की यहां विशेषता है, परन्तु "ह" सम्बन्ध तथा अधिकरण विभक्ति चिन्ह का भी द्योतक है। यथा

१. जुग्गिनि पुरह (७-१)

२. तरु ताल तमालह साल टटी। (८-५४)

३. सुनि सद्दह (६-२७)

४. दासि कर कंतह (७-६)

एवं—वीरह (१५-६६) श्रोनह (१५-५६) चहुवांनह (७-५) संस्कृत के अक्प्रत्यान्त समस्त शब्द पुलिङ्ग में हैं :—

दर्प्पक (१५-५५), कंधक (१५-७३) कंगूरक (१५-२५) संस्कृत के 'इनि" प्रत्यान्त शब्दो को छोड़ शेष समस्त ईकारान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग में है :—

१. मुष चन्द रवनी (६-४३)

२. भीन लंकी (६-४४)

३. युद्ध वत्तरी सपत्ती (६-२०)

४. रंगी रंग भूमी (१६-१८)

५. मिली सत्थ मत्थे अनी एकमेकं (१६-३)

एवं—वारुनी (१६-१, मुत्ती (१६-३४, जोगनी (१६-१७) नट्टिनी, वहिनी, संचनी (६-४३)

अपवाद—बंदी (१६-५७), अनंदीं (१६-५७) संस्कृत "इन्" प्रत्यान्त।

इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

इ— पंगु पुत्ति (६-७२), गत्ति (१५-५८), कित्ति (१५-६५)

अपवाद—असपत्ति (१५-५६, नरपत्ति (१५-६८) वाजि (१६-३८)।

कदाचित् ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों को "इय" "इह" तथा "ईह" रूप दे दिया गया हैं :—

इय—पुत्रिय (११-८५, अच्छरिय (१०-३७), कनक लट्ठिय (८-८१) सुंदरिय (६-६४) देव्रिय (१५-३६, धरनिय (१६ ५८)

अपवाद—छत्रिय (१६-४), स्वामिय (१६-५), गोरिय=शहाबुद्दीन-गौरी (१६-१४)

इह --जो छंडे सी सुत धरनिह (७-५६)

ईह –थावर गत्तीह (६-५६)

पुल्लिग उकारान्त शब्द वकारान्त रूप में प्रयुक्त हुए हैं :—
विधुव (७-२७), मधुव (६-२२), गरुव (१३-६६),

परन्तु शुद्ध उकारान्त शब्द भी जहां तहां मिलते है :—

विधु (१६-४६), मधुर मधु (१५-२४), अश्रु (१५-१४, समस्त ऊकारान्त शब्द स्त्रीलिंग में हैं :—

राज बधू (१७-४३) आकारान्त शब्द स्त्रीलिंग में हैं :—

१. कहे काया यह गंदी (१५-४७)

२. राज ! तू आग्या अवनि सेव (१६-५)

एवं—विथा १५-४, माया (१५-४०), कला (१५-२, लज्जा ।।१५-६।। अपच्छरा ।।१६-२५।।

अपवाद—गोवच्छा ।।१६-४१।। पिया पिय ।।१५-३१ अकारान्त शब्दों को स्त्रीलिंग बनाने के लिए "इनि" प्रत्यय :—

१. कुरंग कुरंगिनि कोकिल कीर ।।१-८८।।

२. सब ग्वारिनि ढुंढै फिरि ।।१-८४।।

३. दुत्तनि उत्तरु दिय । ।।६-७२।, सुलषिवनि ।।६-१५७।।

स्थावर वस्तुओं का लिंग निर्णय वस्तु के आकारानुसार है :—
(आधुनिक हिन्दीं में भी ऐसा ही नियम है)

१. तार (स्त्री०) वज्जी हरं ।।१३-३३।।

२. ढाल (स्त्री०) ढुंढी सुरतांनह ।।१६-४८।।

३. उठी श्रोन छिछ्छी ।।१६-५६।।

४. बड़ी जंग (स्त्री०) लग्गी ।।१६-२।।

५. हम दिय छत्र (पु०) जु छांह कौ । ।।१६-४१।।

पशु पक्षियों का लिंग प्रकरणानुसार ही ज्ञात हो सकता है :—

१. सुनौ तुम चंपक चन्द चकोर ।।१-८६।।

२. कहो कहं स्याम सुनौ षग मोर ।।१-८६।।

यहां "चकोर" तथा "मोर" का लिंग स्पष्ट नहीं है ।

वचन

रासो की भाषा में दों ही वचन हैं। साधारणतया व्रजभाषावत् बहुवचन के किये "इनि" और "अन" प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, और कदाचित् बहुवचन सूचक विभक्ति लुप्त प्राय हैं :—

इनि—१. थके अंग अंगनि ताहि ।।१५-४।।

२. दुरे अवहि इनि कुंजनि मांहि ।।१-८७।।

३. लियो दधि दुधू त्रियानि पै दान ।।१-६३।।

एवं — दस मासनि ।।१-८६।। हस्तीनि ।।१४-११५।। शत्रुवनि ।।१६-४१।। अंषिनि ।।१५-१।।

अन १. सामंतन सूरन हन्नहं ।।११-८१।।

२. कवियन मन रंजहु ।।४-२०।।

३. नृपतिन छत्रन लगै न पारि ।।१०-४।।

४. महिलान कमलान ।।१३-६।।

बिना विभक्ति :—(निर्विभक्तिक शब्द आधुनिक हिन्दीवत् हैं)

१. सुक पिक पंषि असंषि वसहिं ।।३-३६।।

२. सट्ठ लक्ष परजंक कोटि दस पट पटंबर ।।३-३।।

रासो-भाषा में प्रत्येक प्रकार के शब्दों के आगे "ह" जोड़ने की विशेषता है। "ह" केवल एक वचन सूचक है, "हं" एक व० तथा बहु व० दोनों का सूचक है :—

एक वचन	बहु वचन
१. अति सुंदर सुंदर तनह ।।१-११३।।	२. दस तीन गयंदहं ।।३-२।।
	३. वर वरस पंच दंपति दिनह ।३-२

विशेषण — विशेषण शब्दों का लिङ्ग चिन्ह अनियमित है। कदाचित् विशेषण-लिङ्ग विशेष्यानुसार होता हैं और कभी नहीं : —

(हिन्दी आधुनिक में भी ऐसा ही नियम है)

१. थार गत्तिह ।।६-५६।।	२. रत्तल दिसह ।।२-१५५।।
३. जहां सेत दंतिनि ।।१८-४।।	४. कालीय साप ।।३-६०।।
५. रत्तलिय नन पिंगिय कुच नंगिय। ।।१८-२।।	६. कला सच्छ सीषै ।।२-६।।
७. पिछली पिरती ।।१५-२५।।	८. अच्छी सु रैन ।।१५-४७।।

कारक—डा० तगारे के कथनानुसार[1] अपभ्रंश में कारक चिन्ह सात की अपेक्षा तीन ही शेष रह गए, और कहीं पर दो विभक्तिएं पाई गई हैं। अर्थात् कर्ता और कर्म का एक ही चिन्ह है। इसी प्रकार करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण का भी एक ही विभक्ति चिन्ह है। रासो की प्रस्तुत प्रति में संस्कृत तथा आधुनिक विभक्ति चिन्हों को छोड़ कुछ उपर्युक्त ढंग के ही विभक्ति चिन्ह हैं :—

कर्ता—कर्ता सदा विभक्ति रहित है :—

१. हम कहि उरह दहंत ॥२-१०॥
२. चाइ चवै चालुक्कराउ ॥४-२॥
३. जा जुन्हाई चंदराज गोरी गुर वंध्यो ॥३-१॥

कर्म — १. मल्ल मारि पच्छारित कंसहि ॥१-१७॥
२. तहं सावंत मारि, दच्छिन कंधर धुक्कियौ ॥१०-६॥
३. लषितु सुनाइ सुनाइ ॥६-२६॥
४. कूरम्मां कूँ परै ढाग, ढिल्लिय उच्छारिय ॥१४-११३॥

करण — १. नागौरे गुरुवे गुर्नहि ॥२-३६॥
२. भट्ट वचन सुनि सुनि, नृप कार्नहिं ॥७-६०॥
३. चढिग सूर सांत सह ॥१०-१॥

पथक विभक्ति चिन्ह:—(भारतेन्दु युगीय खड़ी बोली के विभक्ति चिन्ह भी ऐसे ही हैं)

१. षुर सौं षुर षुंदइ ॥१२-१३॥
२. परि अरारि हिंदुवान स्यों ॥५-६०॥

सम्प्रदान— यह कारक अधिकतर पृथक विभक्ति चिन्ह के साथ प्रयुक्त हुआ है:—

१. काहे लगि जुज्झै ॥१५-३१॥
२. सुद्रन हेत ॥६-८॥
३. नृप तिहिं रष्षन काज ॥१२-२॥

---

1. See—Historical Grammer of Apabhramsa, by Dr. Tagare-Published-Daccan College Poona.

अपादान—पिभक्ति चिन्ह :—तै, ते, सौं, सुं ।
तै—आइ दूत ढिल्लिहु तै ॥२-२४॥
ते—मनौ देवता स्वर्ग ते मग्ग भुल्लै ॥८-४८॥
सौं—सावंता सौं यौं कह्यौ ॥१४-६५॥
सुं—बोल्यौ जु बोल चहुवांन सुं ॥१३-५५॥

निर्विभक्तिक—सैरंध्री उर जन्म, नाम वीरम रावत्ता ॥११-११८॥

सम्बन्ध— १. गंगह उदक ॥८-५८॥
२. पुंडीर राइ चंदह तनौ ॥६-११॥
३. पयाल जल उच्छलत ॥६-११॥
४. परनि पुत्ति जयचन्द की ॥६-१७५॥

अधिकरण— १. चषे अग्गि छद्दं ॥१-६॥
२. कंध अरोहण मग्गि ॥ १-८३
३. छिनकु मनहि धीरजु करहु ॥ ७-७
४. अंगुलि मुषह फनिंद ॥ ७-५७
५. एक थान दच्छिन दिसहिं ॥ ८-३२
६. पुच्छत चंद गयो दयवारहं ॥ ६-४

निर्विभवित:—१. तुवं हाथ दत्तं ॥१-३०
३. चढ़ि विमान जय जय करहिं ॥६-१२
३. भावति सषिसु ॥ ६-१३५

पृथक् विभक्ति चिन्ह—
मैं—उर मैं चित्त लज्जे ।
म्मै—ब्रज म्मै विहारं ॥१-२७
मांहि—कुंजनि मांहि ॥ १-८७
महि—सर महि द्रव्य अदिट्ठ ॥ २-३८
मध्य—रैनि मध्य ॥२-४१
मज्झि—रजनि मज्झि नरनाह ॥ ७-१५
मज्झु—महि मज्झु ॥६-५॥
मज्झार झंझा मज्झ रह ॥ ८-५१

सर्वनाम

उत्तम पुरुष—मैं (अहम्)

एकवचन	बहुबचन
हौं—(ब्रज) हौं लज्जा करि का कहौं। ॥६-६७	हम—हम गुरुजन तै कहहिं। ६-४५
हों—हों पुंडीर नरेस होत। १३-५०	हमहिं हमहिं गोरी घर लग्गि। १४-५२
हुँ हुँ जड़ तूं वड़ गिद्धिनि। १७-५५	वयं—वयं मेच्छ मत्तं। १-१८२
मैं—मैं भ्रम काज रिसाविय। ६-७	
मै न मै षग्ग संग्रह्यौ॥ १३-५५	
अहं—अहं बंदिनं देवि तो पास सेवं। ५-४३	

अन्य रूप

मुझ करौ मुझ आपं॥ १-१०६

मुहि—दूषन मुहि न विशेष॥२-३४

मोरे—मोरे दलिद्द तिनि कियो होम॥ २-२८

मोर—सगर मोर सिर मोर देह रषी अजमेरी॥ १२-६६

मो—मो पितु जुग्गिनि पुर धनी॥ ११-८८

मेरी—पंचनद मेरी मेरी॥ १५-३०

मध्यम पुरुष "तू"

एक वचन	बहुवचन
तू—तू क्यों राज अरत्त। २-१६	तुम—अप्पिय ढिल्लिय तुम। २-४७
तूं—तूं कवि देत असीसहि छुट्टहि।	तुमू—तुमू गल्हां लग्गै बुरी। १५-३३
तैं—तै झूठ जु कुन्नो। १३-५३	तुमुहि—तुमुहि वचन समान वन। २-११
तो—तो भुज उप्परि षिल्लिय।१४-७६	
तौ—तौ बुज्झहु अप्पन घरहु। ११-१०५	तुम्ह—हम तुम्ह दुसह मिलग्गि। १२-१७
तुहि—तुहि अप्पौ ढिल्लि तखत। ६-६६	तुम्हह—हम सु देषि तुम्हह अरति। १५-२५
तव—तब पुत्रह पुत्रबधू उरणं। २-२२	तुम्हारि—कहे जैत पंवार परी वग्गरी तुम्हारी॥ १४-१२६
तुवं—तुवं हाथ दत्तं १-३०	

तुअ—सो तुअ तात दल दव लित्तौ ।
६-१८
तोहि—नहि रष्षु कवि तोहि । ६-६१
तुज्झ तुज्झ विरद इमि कहहि ।
१३-५४
तोसों—ताते तो सों कहुँ । १४-११२

प्रथम पुरुष—वह

एक बचन

वह—बरस छत्तीस मास वह । ६-४३
वौ – जानि पंगु चहुवांन वौ,
मुष जंपौ यह वैन । ६-१०३
वा – दैव काल वा तूल मिलि ।
१५-२०
सो सो सुनंत सामंत मंत । १५-१२४
उंहि—इह उंहि दुहुँ मन इक्क है ।
उस—उस षिनि ।। १७-४३
ता - ता उप्पर तिहि दिवस राज ।
१४-८४
तं – नृप तं बल्लह संजोग । १४-१८
तामं-- दियं मुद्रि तामं ।। १-२३
ताम—रजु ताम नैनं ।। १४-८७
तिहु – तिहु समाधि ।। १२-६८
तसु—तसु कटक ।। १६-३४
तास—अंगन तास सहार ।। ६-१६
ताहि—धीर निहारौ ताहि । १३-८६

बहु वचन

वे—घर अंजुलि जल उठि ।। १२-१
उन—तज्यौ उन संग ।। १-८७
उनै—उनै हस्ति ठेल्यो, इनै सींह
दीनौ । १३-८०
उनहिं—उनहिं गनि तुज्झ गनि ।
६-१३
तै—तै कवि वरनि सत्ति ।। १४-७२
ते—ते बत्तीस हजार ।। १५-६०
वै – वै निसान समरत्थ रथ । ५-५६
उहे उहे वार रज्जी ।। ८-८६
तिहिं नमित कियो तिहि सीस ।
१४-६५
तिहि—तिहि दिवस पृथिराज कर ।
१४-४८
तिनि—मोरे दलिद्द तिनि कियो होम ।
२-२८
तिन—अस तिन बोलहु । ६-७
तिनह—तिनह दंतन तिन मंडिय ।
४-५
उन्हां उन्हां कहि ।। १५-३०

निर्देशवाचक सर्वनाम "यह" (इदम्)

एक वचन	बहुवचन
यह—कवियन यह कहै ॥ ८-६४	इनि—दुरे अब हि इनि कुंजन मांहि । १-८७
इयं—इयं जुद्ध हद्द ॥ १८-३	इन—इन पूजन जामन ईस गनं । ३-२४
इय इय कहि दासिय अप्पि कर । १४-४२	,, इन मैं को पृथिराज ॥११-१३२
इअ—इअ अग्गै तरी ॥ ५-८०	
इह—इह उंहि दुहुँ मन इक्क है । ६-६०	

यह (एतद्)

एक वचन	बहु वचन
एह—कहन एह कविचन्द सुरत्ते । ॥६-१८॥	ए - ए लच्छन छिति हैं न । ॥६-५३॥
एहि -एहि वानि चन्द सुनि, धुनिग सीस । ॥१६-६२॥	
एम—एमि-एम नाद उच्छरचो, एमि एमि सूर चढचो । गयंदहं ॥६-१०८॥	

एषह—एषह सुष सहाय कुंभ सहिता ।
एहा—एहा मत्त परट्ठयो । ॥ ४-६
एन—भ्रम्मियं एन लच्छि सु रत्थं ॥ १०-४

सब (सर्व)

एक वचन	बहु वचन
सब्ब सब्ब कुरुवंस रायं ॥१-६८॥	सवै—सवै सैन चन्द ॥८-२॥
सब्बह—वेर सत्ति सब्बह अग्गिले ॥६ ५३॥	सव्वै—असी मत्त सव्वै । ॥८-२॥
सम्भ—सम्भ धीर रत्ते सरस । ॥११-४८॥	सब्बै—सब्बै मुसाफ तुम । ॥१५-४८८
सभ—सभ धरा धाम निधाम । ॥१-१२४॥	सबरे—सबरे सौं संग्राम राजनह वा राजनि ॥१४-११३॥
सब्बु—सब्बु मन । ॥१०-६०॥	सव्वन—सव्बन तब विचारु करि । ॥६-१२६॥

अनिश्चय वाचक सर्वनाम-कौन (किम्)

एक बचन	बहु वचन
कौ -- कौ तूं पठान अंगवन पति ।	के के कोन गए महि मज्झु ॥६-६॥
को -- को मातु पिता, को तात तुम । ॥१४-८५॥	किन -- किन साइर थाहयो ॥१३-५७॥
केहु--केहु ना घर जरौ हत्थ ॥१४-११७	किनि -- रावण किनि गड्डुयौ ॥७-६७॥
कौन कौन सिंघ स्यौं ससा षेलि जीवत घर आयौ । ॥१४-५७॥	किनै--किनै न निरष्षहि राज । १४-३३॥
कौनु - सहै कौनु मार ॥४-१७॥	केवि--केवि रट रठति ॥६-४४॥
कौनि -- घरै कि लग्गि कीनि । ॥१४-७० ।	
कुण--अरि असि लष्ष कुण संग मैं ।	
कोइ--कोइ तष्षु इन्तउ सहै ।	

प्रश्न वाचक सर्वनाम क्यों (किम्)

कवन--कवन काज कवि अत्थयौ । ७-६०	काहे -- कहो काहे ते हल्ली ॥ १४-८५
किमि--किमि जग्य होइ ॥ ६-१५	किन्न -- लवि किन्त न कहता १०-४
किम-- गोरी किम रुक्कै ॥ १३-५६	क्यों -- क्यों तुमहिं सुहायौं ॥ ११-१०८
किहूँ--किहूँ बंध ब्रध्यौ ॥ १-३६	क्यौं -- क्यौं करे आज ॥ ४-४०
किधुं--किधुं रत्न सुं कनक मिलि कंज कोरे । ॥ १-१४३	काइ--ध्रम्म न काइ थप्पै ॥ ४-४०
किमै किम- किमै किम सेस सह भार डहियं ॥ १०-७	काइ - जै कांइ जुइयौ ॥ १४-५४
	केति--सामंत मंत केति कहौं । ॥ १४-५५

एक वचन

संबध वाचक जी (यत्)

जु - जु इह रहै । ॥ ४-६४

जौ--जौ घन सघन मिलंत । ॥ १३-५८

जै-- जै काम सुर सद्धन करै । ॥ १५-३०

जाके=जाके जकि ब्रह्मा न ब्रह्मंड लहियं ॥ १०-३

जिहि--सब्ब हत्थ जिहि हनहिं ॥ ६-४३

जिह—जिह सावंत सजि ॥ २-६८
जेन—जेन सिर धरि छत्र ॥१४-६३
जसु—जसु जुग्गिनि जय जय करहिं ॥ १७-२६
जासु—भुजाइ जासु तुंबरं ॥ ७-२६

बहु वचन

जे—जे संसार आदि सांइ ॥ १६-७
जिहिं—जिहिं सत्त फेर ॥ १३-४६
जिने—जिनै विश्व राष्यो ॥ १-१६६
जिन्नै—जिन्नै नाम एकं ॥ १-१६६
जिने—जिने हेम परवत्त ते सव्व ढाहे ॥ ६-३१
जिनके—जिन के मुष मुच्छरु मुच्छरिया ॥ १५-७१

निजवाचक आप

अप्पु—निजै अप्प लाहौर लुट्टी समाहं ॥ १३-७६
आपु—आपु कवि पत्ते ॥ ६-१७
आपं न लघुव आपं ॥ १४१
अप्पहि—अप्पहि अप्पा जुरिग ॥ ५-७
अप्पु—अलस नैन अलसाइत अप्पु किय ॥ ६-५३
अंप्पनै—आप आप्पनै भाग ॥ १४–७२
अप्पनु—गहि साहि हत्थु अप्पनु करचौ ॥ १३–५५
अपं—अपं आप गेहं ॥ १–६०
अप्पनि—अप्पनि सुष ॥ ३–१५
अप्पनो—मरण अप्पनो पिछान्यो ॥ १२–२५
आपने—घर वैठे आपने, बोल तुम बहु वोलह ॥ १३–४०
अपु—अपु अपु इच्छ साज ॥ ११–५६

संबंध वाचक सर्वनाम

जेम—चंद जेम रोहिनि उनहारि ॥ ३–६
किहिव—किहिव सूर संग्रह्यो ॥ १:–५७
जिविं—जरे जिविं ॥ ८–१०१
इसौ–जिसौ—इसौ राज पृथिराज, जिसौ हत्थहि अभिमानह ॥ ६–५३

इमि— इमि भार अट्ठार, वृच्छं सुहायं ॥ १-३६
जिम-तिम— जिम जिम सु सीह शिव, तिम तिम शिव शिव जप्पो ॥ १२-७४
इमि-जिमि—अभिलाष सुष इमि चंद, जिमि रुकमिनि रु गोविंद ॥ ३-४३

परिमाण वाचक सर्वनाम

इत्तनै—इत्तनै सहित भुवपति चढयौ ॥ ४-२४
इते— इते सकुन अति सच्छ ॥ ८-२८
इतो—इतो झूठ न तू कहै ॥ १३-५७
इत्तन—कवि इत्तन उत्त सुनै सुभवै ॥ १४-७५
इत्तै —'ब्रज) इत्तै चारु चरित्त ते गंग तीरे ॥ ६-४७
एति—दरबार भइ एति पुकार ॥ ६-५७
एतो - एतो वर मति हीन करो ॥ २-५०
इत्तउ—जो न सूर इत्तउ करत ॥ १८-४८
जित्तै (ब्रज)—जित्तै ग्वाल सत्थं ॥ १-५४
जतै—जतै नयर सुंदरी कहि ॥ ८-७०
जित-तित–जित रुधिर बुंद थल परहिं, तित कंदल हल उट्ठहिं भिरन १४-६३
जिके-तिके—जिके छैल संघट्ट वेशा सुरते
तिके द्रव्य के हीन हीनेति गत्ते ॥ ८-८६
तिते—तिते सज्जिए सूर सब्बै तुषारा ॥ १८-११५
इत्तनै—ति इत्तनै सहित सोर वाजित्र वज्जइ ॥ १०-११
केतन—निरषे तन केतन अच्छरिषा ॥ १ -७१

अव्यय

यहां प्राचीन तथा आधुनिक दोनों प्रकार के अव्यय देखने में आए हैं

अवर—अवर सावंत कियो ॥ २-४१
अरु—सामदान अरु भेद दंड ॥ ४-१०६
औरे—नृप वरु औरे निर्मवे ॥ ६-५१
आपुब्व—आपब्ब कवि चंद पिष्यौ ॥ ६-११६
अपुब्ब—प्रभु अपुब्ब ठट्ठहं अदिलु ॥ ४-६

अब्ब—करि जग्गु अब्ब ॥ ६-१७
अद्भुत—अद्भुत रस वीर रस ॥ १२-६२
अब—अब उपाउ सुझ्यौ इकु संचौ ॥ ७-७४
जहां-तहां—जहां तहां अंकुरि परिय ॥ ४-२१

समेव—गौ नृप वलह समेव ॥ ३–४
समान– दानौ समान ॥ ६–३०
समं – समं विज्जराजं ॥ ८–६
तत्र—सुविहान तत्र ॥ ६–२६
जत्र—सु जत्र जत्र धाम वाम ॥१–७२
इत्थ—इत्थ पुच्छै कहो जो गुद्दरे सुरतांन ॥ १६–२६

एवत्थ – एवत्थ परदार दिट्ठु ॥ १८–२३
ज्यौ—ज्यौ भौरे अंब धाइ ॥ १४–११५
यौं—दुहं राइ महाभट यौं मिलियं ॥ १५–६७

संख्या वाचक (Cardinals)

१. तूँ ही एक आदी ॥ १–६३
 एकह ॥ १०–५५ इक १–८०
 एकु ॥ १०-२३ यक ॥ १५-५०
२. वाचिज्जे वीअ नारद्द जेहा १६-६३
३. त्रै वार ॥ ३-१७ तीनी ॥ ११-६६
 तीनह ॥ २-४३ तीन ॥ १६-१०३
४. चारि ॥ १-५ च्यारि ॥ १०-५६
 वर वरस पंच दंपति दिनह ॥ ३-२७
६. छ छत्रिय छत्र ॥ १४-११०
७. सत्तह समय ॥ २-४१
८. अट्ठ ॥ २-४२ अठ ॥ २-७०
६. एवं-वीस तीस ॥ १६-५६
 त्रीस ॥ २-४२
 तेरह तीस ॥ १२-७४
 षंट्ठुवीय वरस ॥ ६-२४
 वत्ती सैं लष्षन सहित ॥ ६-४३
 अठताली सै चैत्र मास ॥ ४-१७
 चवसट्ठि सद्द जय जय करहिं ॥ १२-३०

१०. दस मासनि ॥ १-८६ दह ॥ ११ २१
११ एकदह ॥ ७-४२ एकादस ॥ ७-४३
१२.
१३. तेरह ॥ ११-४२ तेर १४- ८
१४.
१५. दह पंच २-५१
१६. सोरह ११-७१
१७. सत्रह २-११
१८ अट्ठारा १७-२६
 अट्ठार १-३६
 पंचशत ॥ १५-२७ सहस ॥ ६-८६
 पंच हज्जार
 दस सहस्त्र दुहं भुजा ॥४-७६
 सु पंची हजारं ॥ ५-४३
 पंचै हजारं ५-४३
 हजारहां ॥ ४-१२
 वेद लष्ष तरवारि ॥ १३-८७
 सवा लाख सेना ॥ ५-६५
 डेढ हजार ॥ १४-६८
 सुवर्ण भार लष्ष एक । ६-२४

संख्या वाचक (Ordinals)

१. भिरचौ अकिल्लौ ॥ १२-१३	२. इकल्लौ पुज्जे ॥ १३-५२
३. जानहु पहिलूना ॥ १५-३२	४. तुच्छै सहदे पहिल्लौ ॥ ७-६६
५. वियौ घट्ट थप्पै ॥ ५-२१	६. सज्जिया बंभ कैलास वीय ॥६-२२
७. इक्क राउ संभरो वियो ॥ ३-४५	८. दुवौ पष्ष गंभीर दुह ॥ १२-४४
६. ग्यारहु ससि तीजौ ॥ १६-११	१०. तियौ जाव जद्दौ ॥ ५-३८
११. त्रियत दिवस त्रिय जामिनिं ॥ ८-३८	१२. चवै सुवक देवं ॥ १-१६८
१३. नले रूप पंचम्म ॥ १-१६६	१४. छठं कालिदासं ॥ १-१६६
१५. सतं दंडमाली ॥ १-१६६	१६. संवत्सर वावना ॥ १३-३५
१७. ग्यारह सै इक्कावना ॥ ८-१	

क्रिया

अपभ्रंश में संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की तरह क्रिया को भी बहुत सुगम बनाने की प्रवृति रासो में दिखाई देती है। कुछ अनियमित से रूपों को छोड़कर संस्कृत के दस गणों में से एक ही शेष रह गया है यहां द्विवचन तो रहा ही नही। एक वचन बहुवचन दोनों का कार्य एक ही प्रकार की क्रिया रूप से चला लिया है। कहीं एक आध रूप को छोड लङ् लिट् और लुङ लकारों के रूप दृष्टिगोचर नहीं होता क्तान्त रूप का प्रयोग पर्याप्त रुप में मिलता हैं। आत्मनेपद का सर्वथा लोप है। लट् के रूप तुमुन्नन्त, त्कान्त आदि कृदन्ती रूप शेष रह गए। नामधातु क्रियाओं के रूप भी पर्याप्त संख्या में प्रयुक्त हुए मिलते हैं।

वर्तमान काल

१. अधिकतर वर्तमान कालिक क्रियाए "ह" प्रत्यान्त हैं। एकवचन तथा बहुबचन के रूप प्राय: समान रूपात्मक हैं। परन्तु कहीं कहीं बहुबचन रूप "हं" प्रत्यान्त भी देखा गया है :—

एकवच०	बहुव०
नर वीर दिवा दिव सु पुच्छह धूमंग धूप डंबरि किलकिलंति--डबरु करह ॥ ५-१६	वेद लष्ष तरवारि नेजा पसरंतह। अट्ठ लष्ष घोर धार, मेघ जिमि-सर बरसंतह ॥ १३-८७

२.एक वचन में "हहिं" तथा बहुवचन में "हिं"[1] प्रत्यय जोडने से:—

एकवच०	बहुव०
पुंडीर चंद इम उच्चरहि ॥ २-२७	धवल चढि निरष्षहिं नारि ॥ २-५४
लज्जहि वहल वज्जन भार ॥ २-५३	द्विजवर चवहिं आसिष वेद ॥२-६१

३. "ऐ" अन्तक क्रियाएं एकव० तथा बहुव० में समान हैं :—

इम जंपै चन्द वरद्दिया ॥ ७-५६	जगन्नाथ पुज्जै दिनहिं ॥ ३-१
चाइ चवै चालुक्क राउ ॥ ४-१	तहं टोप टंकार दीसै उत्तंगा ।१०-६

४. 'औं" तथा "उ" अन्त वाली वर्तमान कालिक क्रियाएं केवल मध्यम पुरुष में एक वचन की द्योतक हैं :—

सीसह धरौं ॥ १४-१२१	जे न जु इत्तौ करौं ॥ १४-१२
सामत मत केतो कहौं ॥ १४-५५	लै आउं जालंधराइ ॥ १५-१२

५. "इ" अन्त वाली क्रियाएं सदा एक वचन की द्योतक हैं ,—

क –विथा विथ कंपित, जंपइ सोई ।

क इक पुच्छइ, क इक उत्तरु देइ ॥ १५-५

ख –धर ठुट्टइ षुर तालन ॥ १२-१६

ग—दीपक जरइ सुमंदा ॥ ७-७

घ—सस्त्र छत्तीस करि, कोइ सज्जइ, ति इत्तने सोर वाजित्र वज्जइ

एवं— निब्भइ ॥ ७-७२, सिर टुट्टइ ॥ १२-२८ कोल करक्कइ ॥ १३-५६, कुल रष्षइ ॥ ११-१०६ गज कुंभ उपट्टइ ॥ १२-२५, निट्ढरइ ढाल ॥ १२-६

६. स्त्रीलिंग में आकरान्त एक वचन द्योतक क्रियाएं :—जीता, पीता ॥ १५-११५, और कदाचित् "ई" "न" तथा "न्नी" प्रत्यान्त हैं :—

क—दुवं जंग लग्गी ॥ ४-१४ | ख—जुद्ध वत्तरी सपत्ती ॥ १६-२०

---

[1] जायसी के पद्मावत से तुलना करिए :——

चमहिं (खण्ड ४२-२५) टूटहिं दांत माथ गिरि परहिं (४३-१)

लोटहिं कंधहि कंध निनारे (४३-११) लोटहिं टरहिं (४३-११)

आगे चल कर "रामायण" में तुलसी दास ने भी ऐसी क्रियाए प्रयुक्त की हैं ।

ग–मनौ मेनका नृत्ति ते ताल चुक्की ।। ८-६२

घ–चढ़ी चक्क चौकी हुइ जोरं सोरं ४-१५

ङ–किलकार गज्जी ।। ४-८६

च–धर थक्की ।। ५-६०

छ–जंगूरी विट्ठन्नी ।। १८-६

ज–मुट्ठी भिन्नी ।। १८-६

झ–मनिषी मही छीनी, तिस उप्परि-कीनी ।। १८-१०

७. संस्कृत के "शतृ प्रत्यय वत्" पुलिंगी क्रियाएं :–

क—पुच्छत चन्द गयौ दरवारह ।। ८-१६८

ख—झलकंत कनक दिष्षियहिं नारि ।। ८-८०

ग—दिपंत तुच्छ दिट्ठए ।। ७-११

वर्तमान काल में :—

१. दासी निशि विलसंत ।। ७-११

२. सुहंत जासु तुंबरं ।। ७-२७

३. विहुरंत रत्त विछुरंत छाति ।। ६-३६

एवं— कहंत, दहंत ।। २-२७, धरकंत ।। ४-२४, तुच्छत ।। ६-७४ चाहुँत ।। ४८-६०. उलत्थत ।। ५-६५

८. क्त प्र.यान्त :—(शतृ प्रत्यान्त क्रियाएं क्त प्रत्यवत् प्रयुक्त हैं)

१. कुच कंज परसत जंगली ।। १४-२१

२. भुव कंपत ।। ४-२३

३. विहरत विच्छुटित ।। १२-६४

४. संसा हरत ।। १५-४०

९. वर्तमान काल बहुवचन में "दे" अन्त वाली क्रियाएं पंजाबी क्रिया—कहंदे, जांदे, खांदे, आदि की तरह हैं :—

१. नीसान दियंदे ।। १७-२५

२. तुषषार चढंदे ।। १७-२५

३, वस्तर वासंदे ।। १४-१२

४. उप्परि गासंदे ।। १४-१२

५. आज हनंदे पाप ।। १४-६

६. कहकदे ।। ८-६०

भूत काल

१०. सामान्य भूत कालिक "ओ" "औ" तथा कदाचित् "उ" अन्तक

क्रियाएं एक वचन की द्योतक हैं :—

१ कनकनायो वड़ गुज्जर ।। १२-७
२. भयो तेन वादं ।। ५-२८
३. बाल्यो कुंभ कलक्कल वानी ।। ५-४
४. थाप्यो मंत कँवास सों ।। २-४८
५. रन जंग सिसिर जीत्यो वसंत ।। ६-३८

एवं— कीन्हो ।। १५-३३, गरव्वियो ।। ४-२, वयट्ठयो, परट्ठयो ।। ३-६
निम्र्यों ।। २-३८, बज्यो ।। ४-८

श्रौ :—

१. हुँ हुकार हुँक्यौ ।।५-२६
२. लग्यौ ग्रह कारौ । १८-४६
३. साकर पय दिन्नौ ।।६-२६
४, गुन अरथहं दिन्नौ ।। १४-५२

एवं— पल्लान्यौ ।। १२-२५, मंडचौ, षंडचौ ।। १-१०२ धरचौ ।। १-१३०,
किन्नौ, लिन्नौ ।। १६-१००

"उ"—

१. तहं जाउ जाउ ।। २-५ (लोट् ल०)
२. अचलेसर भिद्यउ ।। ७-३६
३. जियन मरन मिलि मन रह्यउ ।।१७-५०
४. संच्यउ ।। १७-५२

कदाचित् ऐसी क्रियाएं उपसर्ग सहित प्रयुक्त की गई हैं :—
संपेष्यौ ।। २-३७, सुपेष्यौ, प्रज्ज़ल्यौ, संहन्यौ आदि ।

११. "ए" अन्त वाली सामान्य भूत कालिक क्रियाएं एक वचन तथा बहुवचन की द्योतक हैं। कदाचित् "न्ने" भी :—

१. रहे वेद निंदे, दया देह वंदे ।।१-७५
२. सवै देव सद्दे ।। १-२
३. रथं आप रूढे ।। १-२८
४. वटी पंच वत्ते, मृगे चाप हत्ते १-१२६
५. दिपंत तुच्छ दिट्ठए, ।। ७-२६ बिंबी अनार फट्टए ।
६. संजोगि संपन्ने, ।। १४-५२ नग मुत्ति दिन्ने ।

एवं— जित्ते, मुक्के, निकस्से, विकस्से, ।। १-१४२, विद्दरे ।। ६-३५ हल्लिए ६-१३५, उन्नए ।। १५-५२, वर्तमानए ।। ६-२४ वित्तए, अप्पए ।। ६-२६

१२. "ग" अन्त वाली क्रियाएं सामान्य भूतकाल की द्योतक हैं :—

१. षंभ फोरिग विय चन्दह ।। १३-६६

२. हहं हंकारिग ॥ १-१६४

३. पाणि ग्रह उत्तिम करिग ॥ ३-२

एवं – गविग, भरिग, धरिग, धुंधरिग, हरिग, उट्ठिग, षरिग, भरिग।

कदाचित् उपसर्ग के साथ :—संचरिग, संघरिग, संकिग, विछंडिग, संक्रमिग। ४-१६

१३. संभव है आधूनिक सामान्य भूत कालिक क्रिया "गया" का आदिम रूप "ग" गोन अथवा "गौन" हो। "गया" के अर्थ में यहां ये ही तीन रूप प्रयुक्त हुए हैं :—

१. गौ नृप बलह समेव। सुनि सुनि नृप अग्ग गौ ॥ ७-५०

२ अप्प राउ चलि वन हि गौ ॥ ७-२६

३ पुहपंजलि अम्मर गोन ॥ १७-४०

४ सुर गौन वैन ॥ १५-५५

१४. भूतकाल में क्तान्त क्रिया कदाचित् आधुनिक पंजाबी की क्रिया– "चल्या" "जित्या" आदि के समान प्रतीत होती हैं :-

जित्या वे जित्या चहुवांन ॥ ४-२८, अन्य रूप "इयं" प्रत्यान्त हैं :— सुलष्षियं ॥ १-३४, जित्तियं ॥ १-७५, अम्मियं ॥ १०-४ डहियं, बहियं ॥१०-३ कंपियं ॥ १०-२ पूजतियं ॥ १-१४६, लियं ॥ ७-४०, कसियं, धसियं ॥ १४-६६ कदाचित् विना "इ" के :—

सुभागयं, लागयं ॥ १-७४, मनोहरयं ॥ १-१५१, हंहनयं ॥ १-४१ नृत्यतयं ॥ १-४२, सम्मरयं ॥ १-४२ कूहानयं ॥ १३-१३, पहिचानयं ॥ १४-२१ (वास्तव में ये "नाम धातु" क्रियाएं प्रतीत होती हैं। "आनं" प्रत्यान्त :— तुटितानं, मल्लानं ॥ १७-१२, विरुझानं, रिसानं ॥ १७-१३

१५. "इय" प्रत्यान्त क्रियाएं सामान्य भूत काल की द्योतक हैं :—

१. सौंपिय पूत्ति पुत्त नरेस ॥ ६-३०

२. अति आदर आदरिय ॥ ३-२

३. तात अप्पिय ढिल्लिय तुम ॥ २-४

४. तब पुच्छिय यह वत्त ॥ २-१६

एवं— फुल्लिय ॥ १-३२, दिय ॥ २-१६, डंडिय ७-३४, चंपिय ॥४-२३

कभी "आइया" प्रत्यय के साथ :—

१. सिंघनी सिंघ जु जाइया ।। १४-६३
२. सु ठट्ठा जु सुहाइया ।। १४-६३
३. राजन पौरि पधारिया ।। १४-५६
४. चाहर वीर विचारिया ।।१४-५६

एवं— अइया, जुझाइया ।। १४-११५

क्त प्रत्यय (Past Participal) भूत कालिक क्त प्रत्ययान्त क्रियाएं संस्कृत के क्त प्रत्ययवत् :—

१. मधु नैर दिष्टं, सुषं स्याम तिष्टं ।। १-१३२
२. हृदे प्रीति रातं ।। १-१०७
३. राजसं तामसं वे प्रकट्टं ।। १२-८

एवं— लिद्धं ।। १४-३, सुलग्गं ।। १०-१०७

क्रियार्थक संज्ञा

१७. मूल धातु के साथ "न" नं, ण, "न्न" प्रत्यय जोड़ कर हिन्दी में खेलना, "मरना" आदिवत् क्रियाओं का निर्माण किया गया हैं ।

१. हदफ षिल्लन चढ्यौ ।।१४-१३
२. संयोगि जोवन जमनं ।। १४-१८
३. तुम लिय छत्र मरन्न ।। १६-४१
४. सुनि धुनि राज गवन्न मवन्न । १५-१६
५. उप्पारण गज दंत ।। १५-६३
६. पति अन्तर विच्छुरण विपति । ६-१५२

१८. सहायक क्रियायें—"भू" तथा "अस्"

वर्तमान काल—

१. है हेम हेल ।। १४-१८
२. न को लोपि होहं (है) १४-१८
३, तिलु होइत भौन ।। १२-१३
४. हों पुंडीर नरेश होत । १३-५०

भूतकाल :—

भौ (१२-१३), भयो (१०-७१), भयौ (१२-१२२)
भउ (१२-३२). हुतं (१३-२८) हुव (१०-७२) हुवं (११-८०)
हेयं (११-१६)

स्त्री लिंग में भूत काल:—

१. तव प्रसन्न गिरिजा भइ (११-६०)
२. घंट घोर संक्रमक भइय (१४-७४)

भविष्यत्:—कुल चन्देल न होहि (११-८०)

अस् – वर्तमान काल में:—राजन अत्थि अवास। (७-४)

भूतकाल में :—

१. जदिन वंस पुंडीर वानी मुषहि त्थं ॥ १३-४६

२. थे गोरी सहावदीन ॥१४-३२

३. ब्रह्म कमंडल थी जल गंगे ॥८-५१

१६. सामान्य भूत काल में आधुनिक हिन्दी क्रियाएं भी देखिए:-

दीन (२-४६), कींन (२-२८), दींन्ह (१६-४८) कीन्ह (७-१४) कीनं, लीनं (१४-८५)

भविष्यत काल

२०. भविष्यत् कालिक क्रिया निम्नलिखित प्रत्यय लगा कर बनाई है :—

१. इहैं—अब न होइहै सहु कहै ॥१८-६३॥

२. इहि—होइहि सुरतांनह ॥१६-६१॥

३. हो—जै आज भाग, भूपति चढैहो ॥१४-१२६

४. हिं—हुइ होहिं आदि. हिन्दुव तुरक ॥ १७-१४

५. आंहि—हम माया पुज्जांहि ॥ १४-३७

६. हुगे—दिष्षहुगे काल्हि ॥ ६-७

अवधिवत् विधि सूचक (लोट्)

२१. विध्यर्थक क्रियाएं प्रायः एकवचनान्त हैं तथा "हु" प्रत्यान्त हैं,

१. रष्षहु इह सत्थ २-४०

२. सुवर विचारहु वत्त ॥ २-१०६

३. कहहु भट्ट धरि ध्यांन ॥ २-६७

४. कवियन मन रंजहु ॥ ६-२०

एवं—धरहु (६-१६), कहहु (६-७३) करहु (२-४२) बोलहु (६-१२)

प्रेरणार्थक—दिषावहु (१-८५)

कर्मवाच्य

२२. कर्मवाच्य क्रियाएं, ये, यै, ज्जै, "ज्जइ" प्रत्यय जोड़ कर बनाई गई हैं। कभी कभी ऐसी क्रियाएं विध्यर्थक भी होती है:—

१. मनौ दिष्षिये चंद किरनीन मंदा (८-३६)

२. मनौ पिख्खिये रूप रूव ऐराब इंदा (८-४४)

३. ते तो पास न मिल्लिये, तो भुज उप्पर षिल्लिये ।।१४-७८

४. दरै दानु दिज्जै, सुलीज्जै फकीरं ।। १६-१४

५. भृकुटि रवि मंडल लीज्जै ।।१६-१४

६. सो सहि अम्बर जु गलिज्जै ।।१६-१४

प्रेरणार्थक क्रिया

२३. साधारणतया प्रेरणार्थक क्रिया "आए" अथवा "आइ" प्रत्यय जोड़ कर बनाई गई है:—

१. ढिल्लीय पठाए ।। १४-२	२. कहि कहि समुझाए ।। १४-२
३. तै नो षीर षिवाइ ।। १४-६२	४. सिक्कार चढ़ाइ । १४-११५
३ अम्मह मुच्छन दुत्ति पतावहि । गुन अच्छे पच्छे करवावहि ।।६-१२८।	६. सु चित्त विचारौ, छ भाषा— उघारौ ।। ६-१६
७. बुल्यो बयठारिय (बैठालना) १४-१२१	८. दिषिष थवाइत थिरु नयन । ६-४

संयुक्त क्रिया

२४. साधारणतया संयुक्तक्रिया पूर्वकालिक क्रिया के योग से बनी है:-

१. सावंत परि रह्यौ ।। १०-६	२. पठि दिन्नौ ।। १४-३८
३. घालै फिरै १६-४६	४. करि रष्षौ ।।११-८६
५. रहि ठट्ढ़े घट तीन ।।११-१०६	६. लिन्ने रहे ।। ११-१०७
७. दिषषौ वदत ।। १४-४५	८. होत दीस ।। ०५-५२
६. कटि हु देषि रिहान ।।१४-१२८	१० बोलि रहैं ।। ११-१०७

२५. पूर्वकालिल क्रिया "इ" "इव" "इवि" प्रत्यान्त हैं:—

इ—१. अभिनव विरह विलप्पि ।। ११-२१

२. वंचि विचारि ।।२-३६ ।।

३. समप्पि (३-२२) चंपि ।। ४-८

इव—गहिव साहि गो धीर धर ।। १३-८८

इवि—बंधिवि भिरहि ।।१५-४६

मातु गर्भ वस करिवि जेम ।। ७-६५

एवं चिंतिवि (१८-३८), लग्गिवि (१४-४६)

२६. ब्रज भाषा की तरह "काज" पर सर्ग पूर्वक "वे" तथा "वै" प्रत्यय लगाने से तुमुन्तत क्रिया बनती है:—

१. फुनवै काज टारहिं ।। ६-१११

२. सामंत सिघ राव रचवै सुमति ।। १६-५

३. एस भय पचिवे काज, जाइ गौरी गुनहिं ।।१५-१६

२७. संस्कृत की अनुकरणात्मक "ति" प्रत्यान्त क्रिया एक वचन तथा बहुवचन में पाई गई है :—

एक व० — नट्टियति जाम इक ।। ७-६

बहुवचन = प्रकंति मद्धि, दुहुँ दल पगार ।। ११-३०

हाक वज्जंति राजन्ति सूरं ।। १२-५६

एवं = किलकंति (५-३१) चवंति (४-३२) चमकंति (१०-२२)

कभी कभी ऐसी क्रियाएं स्त्रीलिङ्ग शतृ प्रत्यय में प्रयुक्त हुई हैं—

१. सवै राग छत्तीस कंठे करंति ।। ६-६२

२. झरहिं मनि मुत्ति गच्छंति लष्षै ।। ६-४१

३. केवि (कोऽपि) रट रटति पिय पियहिं जंपै ।

४. उड्डंति टुट्टै ।। ६-४२।।

२८. संस्कृत की अनुकरणात्मक नाम धातु क्रियाएं अधिकतर साटक तथा अनुष्टुप छंदों में प्रयुक्त की गई है :--

दामिन्य दामायते, सलिता स समुद्रायते ।
सरदाय दरदायते, प्रावृट् सुप-श्यामिते ।
विरहन्नि तीरायते ।।१३-१११

उपर्युक्त उदाहरणों तथा विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि रासो के प्रस्तुत संस्करण की भाषा में विभिन्न शैलियों तथा भाषाओं का मिश्रण है। कुछ विद्वान् अभी तक रासो भाषा को अपभ्रंश अथवा विकृत अपभ्रंश की संज्ञा देते रहे हैं। परन्तु ऐसी भाषा को हम रूप तथा शैली की दृष्टि से अपभ्रंश अथवा विकृत अपभ्रंश नहीं कह सकते। हां इतनी बात अवश्य है कि अपभ्रंश तथा विभिन्न प्राकृतों के शब्दों की कुछ

संख्या यहां मिलती है। गाथा छन्दों की शैली अपभ्रंश मिश्रित प्राकृत शैली के समान है।

रूप तथा शैली की दृष्टि से इस प्रति की भाषा अधिकतर व्रज है। ऐसी शैली में जहां तहां खड़ी बोली का भी आभास मिलता है। ऐसी भाषा के उदाहरण विशेषकर कृष्ण लीला वर्णन, धनुष भंग यज्ञ, प्रकृति वर्णन शृङ्गार तथा करुण रस के चित्रण तथा सामन्तों के विचार विमर्श में दृष्टि-गोचर होते है। समरांगण में वीर योद्धाओं की वीर रस पूर्ण हुँकृतियों, शास्त्रास्त्रों की खनखनाहट में तथा वीर रस के चित्रण में भाषा उग्र रूप धारण कर लेती है। ऐसे स्थलों में शब्दों की विचित्र तोड़ मरोड़ हैं, विकृत अपभ्रंशाभास हैं तथा पश्चिमी राजस्थानी का पुट है। ऐसी शैली को हम डिंगल अथवा विशेष चारणी भाषा कह सकते हैं।

संस्कृत अनुकरणात्मक भाषा विशेष तथा साटक, अनुष्टुप, नाराच तथा कदाचित् दोहा छंदों में प्रयुक्त हुई हैं। इस शैली के विशेष प्रकरण हैं; देवी देवताओं की स्तुति, नैतिक उपदेश तथा शकुनादि विचार। अरबी तथा फारसी शब्दों का प्रयोग अधिकतर यवन पात्रों के मुख से करवाया गया है। इसके अतिरिक्त गजनी वर्णन तथा अन्य यवन पात्रों के चित्रण में कवि ने उर्दू फारसी के शब्दों का प्रयोग किया है। "हज्जार" वैरष्ष, "नजीक" आदि शब्द जो कि १६वीं शती में अन्य कवियों द्वारा भी प्रयुक्त किए गए हैं, समस्त स्थलों में पाए गए हैं।

संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि प्रस्तुत लघु संस्करण की भाषा अपनी चारणी विशेषताओं को लिये, रूप और शैली की दृष्टि से खड़ी बोली मिश्रित प्राचीन व्रज है। हम भाषा के कोमल रूप को पिंगल[1] तथा उग्र

---

1. Tessitary says :—It is a well known fact that there are two languages used by the Bards of Rajputana in their political composition and they are called Dingal and Pingal. The farmer being the local Bhasa of Rajputana and the latter the Braj Bhasa. (Vide-Journal of Asiatic society of Bengal, Vol. X Page 75.
George Grierson says :—The writer sometimes composed in Marwari and sometimes in Braja Bhasa; in the former case the language was called Dingal and in latter Pingal. Vide-Linguistic survey of India Vol. IX, Part II Page 19

रूप को डिंगल कह सकते हैं। और कहीं कहीं हिसार प्रांतीय तथा पंजाबी भाषा का प्रभाव भी देखने में आया हैं।

चन्द वरदाई

